ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 11:54 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 जून 2025
वर्ष 5, अंक 103, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत 12

बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा की अध्यक्ष 14

# भ्रष्टाचार पर प्रहार, दो आईएएस समेत 12 अधिकारी निलंबित

## हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री का सख्त रुख, प्रदेश में बड़ी कार्रवाई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- भूमि घोटाले की विजिलेंस जांच के साथ होगी रिकवरी, विक्रय पत्र भी निरस्त
- हरिद्वार के डीएम, पूर्व नगर आयुक्त, एसडीएम पर गिरी गाज दो का सेवा विस्तार समाप्त

**अमृत विचार :** धामी सरकार ने भ्रष्टाचार पर एक और कड़ा प्रहार किया है। नगर निगम हरिद्वार में कूड़े की जमीन करोड़ों रुपये में खरीदने के आरोपों की जांच के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर दो आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी और एक पीसीएस (प्रांतीय सिविल सेवा) अधिकारी समेत सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया।

निलंबित अधिकारियों में हरिद्वार के वर्तमान जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह भी शामिल हैं। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में ही निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की सेवाएं समाप्त की जा चुकी हैं। इस प्रकरण में अब तक 12 अधिकारियों और कार्मिकों पर कार्रवाई हो चुकी है। इस भूमि का विक्रय पत्र निरस्त करते हुए घोटाले की विजिलेंस जांच के साथ ही ऑडिट और रिकवरी भी कराई जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने नगर निगम हरिद्वार के चर्चित जमीन घोटाले पर सख्त रुख अपनाकर प्रदेश के भ्रष्ट अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है।

> हमारी सरकार ने पहले ही दिन से स्पष्ट किया है कि लोकसेवा में पद नहीं बल्कि कर्तव्य और जवाबदेही महत्वपूर्ण हैं। चाहे व्यक्ति कितना भी वरिष्ठ हो, अगर वह जनहित और नियमों की अवहेलना करेगा तो कार्रवाई निश्चित है। हम उत्तराखंड में भ्रष्टाचार मुक्त नई कार्य संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। सभी लोक सेवकों को इसके मानकों पर खरा उतरना होगा। **-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**, उत्तराखंड

मामले के अनुसार, हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हेक्टेयर भूमि को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिस पर मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सात आरोपी अधिकारियों हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और हरिद्वार के मौजूदा जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया।

(संबंधित पेज-2)

### इन पर हो चुकी कार्रवाई

- रविंद्र दयाल- प्रभारी सहायक नगर आयुक्त (सेवा समाप्त)
- वेदपाल- सम्पत्ति लिपिक (सेवा विस्तार समाप्त)
- आनंद सिंह मिश्रवाण- प्रभारी अधिशासी अभियंता (निलंबित)
- लक्ष्मी कांत भट्ट- कर एवं राजस्व अधीक्षक (निलंबित)
- दिनेश चंद्र कांडपाल- अवर अभियंता (निलंबित)

### मयूर दीक्षित बने जिलाधिकारी हरिद्वार

**देहरादून।** शासन ने मंगलवार रात जारी की तबादला सूची में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल, मयूर दीक्षित को जिलाधिकारी हरिद्वार बनाया गया है। इसके अलावा, अपर सचिव सूचना प्रौद्योगिकी, नितिका खंडेलवाल को टिहरी गढ़वाल का जिलाधिकारी नियुक्त करने के साथ निदेशक-पुनर्वास टिहरी बांध परियोजना का कार्यभार भी सौंपा गया है।

## यूपी में अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20% आरक्षण

- आयु में मिलेगी 3 वर्षों की छूट

**लखनऊ।** अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि इस निर्णय से न केवल पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिले, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल मिले। कैबिनेट में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन को रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। गौरतलब है कि, अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे।

इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। खास बात यह कि जहां केंद्र सरकार और हरियाणा और ओडिशा जैसे कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है।

# हाइड्रोजन गैस हमारे भविष्य का ईंधन : नितिन गडकरी

- केंद्रीय राजमार्ग मंत्री और मुख्यमंत्री धामी ने किया ग्राफिक एरा में दीक्षांत को संबोधित

मुख्य संवाददाता, देहरादून



केंद्रीय मंत्री गडकरी को डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि से देते मुख्यमंत्री धामी।

**अमृत विचार :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि, केंद्र सरकार निरंतर ग्रीन एनर्जी पर कार्य कर रही है। हाइड्रोजन गैस हमारे भविष्य का ईंधन है। ऑर्गेनिक म्युनिसिपल वेस्ट से हाइड्रोजन बनाने का कार्य किया जा रहा है, जो बहुत सस्ता विकल्प है। वे स्वयं हाइड्रोजन गैस पर चलने वाली गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं।

केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून स्थित ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पीएचडी की उपधियां और डिग्रियां प्रदान की गईं। केंद्रीय मंत्री को भी दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देहरादून में जाम की समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने पर सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्रिज, टनल, सड़क, हाइवे जैसे निर्माण के क्षेत्र में बीते वर्षों में कई कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। दुनिया की टॉप कंपनियों में भारतीय मूल के सीईओ हैं, जो भारत की शक्ति और प्रतिभा दर्शाता है। हमें डोमेस्टिक हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़ाने पर भी कार्य करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी धारणा नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाली होनी चाहिए। युवाओं को सपने देखने के साथ पूरा करने का साहस भी रखना होगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, ग्राफिक एरा के अध्यक्ष प्रो. कमल घनसाला, कुलाधिपति एवं सदस्य नीति आयोग डॉ. वीके सारस्वत, कुलपति प्रो. नरपिंदर सिंह मौजूद रहे।

### गडकरी आधुनिक भारत के विश्वकर्मा: धामी

मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को आधुनिक भारत का विश्वकर्मा बताते कहा कि उनके नेतृत्व में देशभर में तेजी से विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे, ग्रीन कॉरिडोर, लॉजिस्टिक हब और सड़कों का विकास हो रहा है। युवाओं से भी आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग विकसित भारत के निर्माण में करें। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार उत्तराखंड को शिक्षा व नवाचार के क्षेत्र में भी अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित कर रही है।

## एक नजर

### संसद के विशेष सत्र की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिन्दूर या आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की कोई संभावना नहीं है, अलबत्ता अगले माह शुरू होने वाले मानसून सत्र में इन दोनों विषयों पर किसी स्वरूप में चर्चा हो सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार संसद का मानसून सत्र, आगामी आठ या 10 जुलाई से शुरू हो कर अगस्त मध्य तक चलने की संभावना है। मानसून सत्र में करीब एक माह का समय रह गया है। इसलिए ऑपरेशन सिन्दूर हो या आपातकाल के 50 वर्ष, अलग से सत्र बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### आतंकियों से संबंध रखने में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया। तीनों जेल में बंद हैं।

### ओडिशा में विस्फोटकों के गोदामों पर छापा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुलिस ने मंगलवार को तीन जिलों में विस्फोटकों के गोदामों पर छापेमारी कर विस्फोटक अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने सुंदरगढ़ जिले में माओवादियों द्वारा लूटी गई 2.5 टन से अधिक विस्फोटक बरामद किया था।

# लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित

सरकार ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित किए, जिसमें स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों में कुल सीट में से एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, भोटी और पुरगी भाषा को लद्दाख में आधिकारिक भाषा बनाया गया है। इस कदम का उद्देश्य स्थानीय हितों की रक्षा करना है। सरकार द्वारा जारी की गई कई अधिसूचनाओं के अनुसार, नौकरियों तथा स्वायत्त परिषद में आरक्षण, अधिवास और भाषाओं से संबंधित नीतियों में किए गए बदलाव मंगलवार से प्रभावी हो जाएंगे। नए नियमों के तहत, जो लोग केंद्र शासित प्रदेश में 15 साल की अवधि तक निवास कर चुके हैं या सात साल तक अध्ययन कर चुके हैं और यहां के किसी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं, वे किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकरण के तहत नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए लद्दाख के मूल निवासी होंगे। केंद्र के अधिकारियों, अखिल भारतीय सेवा, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वैधानिक निकायों के अधिकारियों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अधिकारियों, जो 10 वर्षों तक लद्दाख में सेवा कर चुके हैं, उनके बच्चे भी अधिवास के लिए पात्र हैं।

## सशस्त्र बल कर्मियों की गोपनीयता बनाए रखें

- मीडिया कवरेज पर रक्षा मंत्रालय ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों की गतिविधियों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है।

मीडिया की भागीदारी जनता को सूचित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की बेहतर समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के संदर्भ में, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी लोगों की नज़रों में आए हैं। बयान में कहा गया कि मंत्रालय के ध्यान में आया है कि पेशेवर कवरेज अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जीवन तक पहुंच गया है।

## आईपीएल का फाइनल



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-2025 टी-20 फाइनल क्रिकेट मैच से पहले समापन समारोह के दौरान प्रस्तुति देते गायक शंकर महादेवन, सिद्धार्थ महादेवन, शिवम महादेवन और अन्य लोग। • एजेंसी

# पाकिस्तान ने 8 घंटे में टेक दिए थे घुटने

पुणे, एजेंसी



- सीडीएस चौहान बोले-नुकसान नहीं बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। कहा कि पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा था लेकिन भारत उसे आठ घंटे में ही घुटने पर ला दिया।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में संबोधन में जनरल चौहान ने यह बात स्वीकार करने के लिए हो रही अपनी आलोचना को खारिज किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में भारत ने बड़ी संख्या में लड़ाकू जेट विमान खो दिए। उन्होंने कहा कि जब मुझसे हमारी क्षति के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। सीडीएस ने कहा कि युद्ध में नुकसान नहीं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण होता है।

जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जाए। संघर्ष विराम पर कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटे तक जवाबी कार्रवाई करने की योजना बनाई थी, जो आठ घंटे में ही धराशायी हो गई।

## मोदी करेंगे छह को कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का लोकार्पण

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं।

# महिला मित्र को लेकर तीखी बहस के बाद युवक की गोली मारकर हत्या

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुजफ्फरनगर के युवक ने गर्दन पर मारी गोली

**अमृत विचार :** राजधानी देहरादून के प्रेम नगर क्षेत्र के भाऊवाला में सोमवार आधी रात महिला मित्र को लेकर मोबाइल पर बहस होने के बाद एक युवक की गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या में मुजफ्फरनगर निवासी युवक और उसका साथी बताया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

सेलाकुई निवासी रोहित नेगी (22) क्षेत्र में ही प्रॉपर्टी डीलिंग करता था और भाजपा का पूर्व मंडल अध्यक्ष था। रोहित के दोस्त सेलाकुई निवासी अभिषेक बर्तवाल ने थाना प्रेम नगर पर दी तहरीर में बताया कि सोमवार आधी रात करीब 2:30 बजे वह अपने दोस्तों के साथ बोलेरो गाड़ी से पीपल चौक मांडुवाला आया था, जहां बाइक से दो युवक आए। इनमें से एक युवक ने उसके दोस्त रोहित नेगी की गर्दन में गोली मार दी। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या की धारा में अभियोग दर्ज कर लिया।

थानाध्यक्ष मोहन सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हत्या में मुजफ्फरनगर निवासी अजहर मलिक का सामने आया है। रोहित के एक दोस्त की महिला मित्र से अजहर की भी जान पहचान है। सोमवार रात रोहित अपने दोस्त व उसकी महिला मित्र व अन्य दोस्तों के साथ नया गांव में थे तो महिला मित्र को आरोपी अजहर ने मोबाइल फोन पर कॉल की। इस दौरान अजहर की महिला मित्र और उसके दोस्त के अलावा रोहित से भी तीखी बहस हो गई। जिसके बाद अजहर ने रोहित को बहाने से बुलाकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि इस घटना के सभी संभावित पहलुओं की विस्तृत जांच की जा रही है।

## सरकार ने नियुक्त किए 12 अपर महाधिवक्ता

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट में करेंगे सरकार के मामलों की पैरवी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए 12 अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

इस आशय की सूचना विशेष सचिव लोकेश नागर ने प्रदेश के महाधिवक्ता के साथ-साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक और लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक को भेजी है। इलाहाबाद के लिए सात जबकि लखनऊ पीठ के लिए कुल पांच अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किए गए अधिवक्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्तागण अमित सक्सेना व अनूप त्रिवेदी के साथ अधिवक्तागण दुर्गाविजय सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह व कार्तिकेय सरन शामिल हैं। जबकि लखनऊ के लिए अधिवकतागण अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल व सूर्यमणि सिंह रैकवार को बतौर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

# अनुष्ठान का श्रीगणेश, देव प्रतिमाओं का किया गया शुद्धिकरण

## राम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन विधि-विधान से हुआ पूजन, प्रथम तल की तस्वीरें आईं सामने

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को जारी की गई राममंदिर के प्रथम तल की तस्वीर।

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण में प्रथम तल पर राम दरबार समेत परकोटा के छह देव स्थलों पर मंगलवार को अनुष्ठान शुरू हुआ। मुख्य विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने सभी देव पीठ स्थलों पर सुबह 6:30 से विधि-विधान पूर्वक पूजन शुरू किया, जो पांच जून को सुबह 11 बजे तक होगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार पर मुख्य यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने वैदिक आचार्यों के साथ पूजन कराया। अलग-अलग देवालायों में गर्भगृह को वैदिक आचार्यों ने पवित्र जल समर्पित कर मूर्तियों का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान प्रारंभ किया। पहले दिन यज्ञशाला में 51 वैदिक आचार्य के द्वारा वेदी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व 1975 मंत्रोच्चारण से यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन से पूजन किया जा रहा है। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा, फिर मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू होगी।

### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बोले-प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। दर्शन करने को ही आएं।

### अनुष्ठान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना रहा वर्जित

राम मंदिर परिसर में आयोजित द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कर्मकांड आचार्य से लेकर इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों तक को मोबाइल व अन्य किसी भी प्रकार का समान ले जाना वर्जित किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे अनुष्ठान पर निगरानी रखी जा रही है।

### राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा- पत्रिका राजभवन की गतिविधियों का सुव्यवस्थित दस्तावेज

# राजभवन में देवभूमि संवाद पत्रिका का विमोचन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में 'देवभूमि संवाद' पत्रिका का विमोचन किया।

राजभवन उत्तराखंड की पत्रिका देवभूमि संवाद हर छह माह में प्रकाशित की जाती है तथा इसमें राज्यपाल की विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियां, कार्यक्रम, बैठकें, भाषण एवं अन्य औपचारिक कार्यकलापों का व्यापक संकलन किया जाता है। इस अंक का संपादन संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय द्वारा किया गया है, जबकि सह-संपादन में अर्जुन पटवाल और सहयोग में सूचना अधिकारी अजनेश राणा की प्रमुख भूमिका रही। विमोचन अवसर पर राज्यपाल ने 'देवभूमि संवाद' के प्रकाशन को राजभवन की गतिविधियों के सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। उन्होंने इस कार्य में जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, परिसहाय राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, सूचना अधिकारी अजनेश राणा, तथा मीडिया को-ऑर्डिनेटर पारितोष बंगवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



देवभूमि संवाद पत्रिका का विमोचन करते राज्यपाल गुरमीत सिंह और साथ में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

### मोटर मार्ग की हालत ठीक कराई जाए

**नैनीताल :** शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग की हालत ठीक करने की मांग को लेकर मंगलवार को पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पीसी गोरखा के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और डीएम वंदना से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने ज्ञापन सौंपकर इस रोड की मरम्मत और सुधारीकरण की मांग की। पीसी गोरखा ने बताया कि कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने आश्वासन दिया कि इस प्रकरण को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। डीएम ने लोनिवि के अधिकारियों को शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्सों पर डामरीकरण और सीसी निर्माण कराने के लिए खनन न्यास निधि का उपयोग करने को कहा। भुवन मेहरा, खुशाल हाल्सी, राजेंद्र सिंह मेहरा, बची राम आदि शामिल रहे।

# हाईकोर्ट से रिजवान को राहत नहीं, सरकार से मांगा जवाब

- नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी के पुत्र के स्थानांतरण का मामला

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी मोहम्मद उस्मान के पुत्र मोहम्मद रिजवान खान का ट्रांसफर उत्तरकाशी जिले में किए जाने के मामले पर सुनवाई की।



मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मंगलवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके खिलाफ मुकदमा मल्लीताल थाने में दर्ज हुआ है। जब विवेचक ने इन्हें अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया तो इन्होंने उसमें कोई सहयोग नहीं किया है। राज्य सरकार ने इनका स्थानांतरण नियमों के तहत किया है।

मामले के अनुसार, याचिकाकर्ता मोहम्मद रिजवान लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में अपर सहायक अभियंता है। इनके द्वारा दंडात्मक और कलंकपूर्ण स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी गई, जिसके तहत उन्हें प्रशासनिक आधार पर पीडब्ल्यूडी निर्माण प्रभाग खटीमा से अस्थायी प्रभाग पीडब्ल्यूडी घनसाली उत्तरकाशी में स्थानांतरित किया गया। याचिकाकर्ता मोहम्मद उस्मान का पुत्र है, जो नैनीताल में दर्ज हुए पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी है।

याचिकाकर्ता ने न्यायालय के समक्ष दलील दी कि स्थानांतरण आदेश उत्तराखंड स्थानांतरण अधिनियम 2017 की धारा 18 (4) का उल्लंघन है। सरकारी कर्मचारी के रूप में उन्हें स्थानांतरण से कोई समस्या नहीं है, लेकिन प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण जिसमें कार्य में शिथिलता और वरिष्ठों के आदेशों का पालन न करना, का उल्लेख है, स्थानांतरण आदेश में गलत तरीके से उल्लेख किया गया है। कोर्ट ने पूर्व में याचिकाकर्ता के खिलाफ विभाग द्वारा की गई सभी प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाने का आदेश पारित किया था।

### मंशा देवी रोप-वे पर सरकार ने हाईकोर्ट में सौंपी रिपोर्ट

**नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड में तीर्थ नगरी हरिद्वार की मंशा देवी रोप–वे मामले में मंगलवार को सरकार ने रिपोर्ट सौंप दी है और कमेटी की ओर से रिपोर्ट में अनुभव के साथ नयी निविदा जारी करने की भी बात कही गई है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में उषा ब्रेको लिमिटेड और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से अदालत में रिपोर्ट सौंपी गई। सरकार की ओर से कहा गया कि सरकार ने रोप–वे के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया था और समिति की ओर से रोप–वे के संचालन को लेकर सरकार को कुछ सिफारिश की गई है जिसमें रोप–वे के लिए नयी निविदा जारी करने और रोप–वे संचालन के लिए कम से कम पांच साल का अनुभव होने की बात कही गई है। हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से इसका विरोध किया गया और कहा गया कि सरकार रिपोर्ट के नाम पर गलत तथ्य दे रही है। अदालत ने सरकार की ओर से पेश रिपोर्ट को रिकार्ड में दर्ज़ करते हुए अंततः सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि तय कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से मामले को चुनौती देते हुए कहा गया है कि हरिद्वार नगर निगम की ओर से रोप–वे का संचालन और रखरखाव अनुभवहीन कंपनियों के हाथ में सौंपा जा रहा है। उन्हें रोप–वे संचालन का अनुभव नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि वह वर्ष 1981 से इस रोप–वे का संचालन और रखरखाव करता आ रहा है। वर्ष 2024 में निगम ने उसे एक साल के लिये रोप–वे का संचालन दिया लेकिन इस साल 17 मार्च 2025 को कंपनी की ओर इसे अनुभवहीन कंपनियों के हाथों में सौंपने की तैयारी है।

# लंबित वादों पर आयुक्त सख्त, अल्टीमेटम

### आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने मंगलवार को किया जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आयुक्त कुमाऊं व अध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण दीपक रावत ने मंगलवार को जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण किया।

आयुक्त ने ऑफलाइन तथा ऑनलाइन लंबित वादों की जानकारी ली तो सचिव प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल ने बताया कि वर्तमान में 2650 लंबित वाद में 1502 वाद पुराने ऑफलाइन जबकि 1148 वाद ऑनलाइन विचाराधीन हैं। आयुक्त ने निर्देश दिए कि लंबित मामलों की वर्षवार तथा श्रेणीवार सूची एक सप्ताह में उपलब्ध कराएं।

आयुक्त ने सबसे पुराने लंबित वाद वर्ष 1999 से वर्तमान तक लंबित वादों के बारे में वर्षवार जानकारी लेते हुए पत्रावलियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने अनेक प्रकरणों पर वर्ष 2019 से वर्तमान तक भी सुनवाई हेतु एक भी तिथि न देने पर इसे काफी गंभीरतापूर्वक लेते हुए इस संबंध में एक सप्ताह में वादवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में इनके त्वरित निस्तारण हेतु सचिव एवं संयुक्त सचिव जिला विकास प्राधिकरण को अपने-अपने न्यायालय में प्रत्येक दिन कम-से-कम 60-70 तक मामलों की सुनवाई करते हुए लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की पड़ताल करते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

#### यह भी दिए निर्देश

आयुक्त ने भवन मानचित्र स्वीकृति, अवैध भवनों के निर्माण पर की जा रही कार्यवाही, लंबित प्रकरणों की सुनवाई, अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन कार्य सहित कंपाउडिंग आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए लंबित वादों का निस्तारण करने, अवैध निर्माण पर तत्काल उचित कार्यवाही करने, कार्यालय में दस्तावेजों का सही रखरखाव और वादों को सूचीबद्ध तरीके से वर्गीकृत करते हुए अंकित करने के निर्देश दिए। कहा कि, लंबित वादों का निस्तारण यथासमय अधिकारी करें। सबसे पुराने वाद का निस्तारण पहले हो, यह सुनिश्चित करें। प्राधिकरण कार्यालय में भवन मानचित्र स्वीकृत निर्धारित तिथि के अंतर्गत हो, यह जिम्मेदारी प्राधिकरण के अधिकारियों की है। इस हेतु अधिकारी सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत कार्य संपन्न करें।

#### तिथि न देना गंभीर लापरवाही

आयुक्त ने कहा कि लंबी अवधि तक सुनवाई हेतु तिथि न देना गंभीर लापरवाही है। इस संबंध में एक सप्ताह के भीतर ऐसे प्रकरणों की सूची तैयार कर कारण सहित उन्हें उपलब्ध कराएं। एक सप्ताह में सूची प्राप्त न होने पर संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। आयुक्त ने कहा कि वादों का निस्तारण न करने एवं लंबी अवधि तक तिथि न देना अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा देना है। इस हेतु अगले 10 दिन में ऐसे मामलों पर तिथि निर्धारित करते हुए संबंधित विपक्ष के घर जाकर तामील कराएं। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष डीडीए को भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### यह भी एक गलत प्रक्रिया

अनेक प्रकरणों में सुनवाई के दौरान विपक्षी के बार–बार अनुपस्थित रहने पर उसे पुनः तिथि देने को भी आयुक्त ने गलत प्रक्रिया बताते हुए ऐसे प्रकरणों पर अंतिम मौका देते हुए उन्हें निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि अवैध निर्माण पर नोटिस देते हुए महज खानापूर्ति न करते हुए वाद दायर कर प्रकरण की समय से सुनवाई कर वाद का निस्तारण किया जाए। उन्होंने विगत 5 वर्षों में कंपाउंड किए गए प्रकरणों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### स्कूली बच्चों को दिलाई गई स्वच्छता संबंधी शपथ

**नैनीताल :** नगर पालिका नैनीताल की ओर से सीआरएसटी इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम का नेतृत्व टीएसआई सुनीत कुमार ने किया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। उप प्रधानाचार्य डॉ. एसएस बिष्ट ने छात्रों को स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक मोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सरोवर नगरी में तेज बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि



**नैनीताल :** मंगलवार को नैनीताल में मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर के समय तेज बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि हुई। जिससे पूरे शहर का जनजीवन प्रभावित हो गया। शहर के मल्लीताल, तल्लीताल, रामलीला मैदान और ठंडी सड़क क्षेत्र में ओलों की सफेद चादर बिछ गई। बारिश के बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं ने मौसम को और सर्द बना दिया। शाम होते ही अंधेरा छा गया और बारिश एक बार फिर तेज हो गई। नाले उफान पर आ गए और सड़के भी जलमग्न नजर आने लगी। लोगों को गर्म कपड़े भी निकालने पड़े। हालांकि, मौसम खराब होने के बावजूद पर्यटकों का उत्साह देखने लायक था। कई पर्यटकों ने रेनकोट और छातों के साथ झील किनारे टहलते हुए मौसम का आनंद लिया। कुछ हिस्सों में भारी वर्षा की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। मौसम विभाग देहरादून के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने अगले दो दिन राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश 12 मिमी हुई।

### सीएम उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में करें आवेदन

**नैनीताल :** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने विश्वविद्यालय से जुड़े शोधार्थियों, नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों एवं शिक्षकों से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रस्ताव आमंत्रण का लाभ उठाने की अपील की है। डॉ. मंद्रवाल ने बताया कि यह योजना उत्तराखंड सरकार की ओर से राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक ऑनलाइन किए जा सकते हैं।

### पेड़ गिरने से विद्यालय का भवन हुआ क्षतिग्रस्त

**भीमताल :** तेज बरसात और आंधी के चलते विकासखंड भीमताल के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीबाग के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक पेड़ गिरने से भवन क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय विद्यालय में कोई मौजूद नहीं था। महेश भंडारी ने बताया कि विद्यालय को शासन और शिक्षा विभाग से विद्यालय के नुकसान का आकलन कर शीघ्र विद्यालय की मरम्मत कराने की मांग की है।



नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अपनी बात रखते लोग।

### पार्किंग शुल्क के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**भीमताल :** भीमताल की नगर पालिका परिषद एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार उसके द्वारा डाठ क्षेत्र में 2024– 25 के लिए पार्किंग शुल्क वसूली के लिए की गई निविदा को लेकर हलचल है। भीमताल में वसूल की जाने वाली पार्किंग शुल्क का असर अब नौकुचियाताल व जंगलियागांव क्षेत्र जोकि भीमताल से लगभग 4 किलोमीटर और आठ किमी की दूरी पर है, वहां भी दिखाई देने लगा है। नौकुचियाताल क्षेत्र के एक शिष्टमंडल सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र चनौतिया के नेतृत्व में नगर पालिका पहुंचा और रोष जताया। लोगों ने अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा को बताया कि निविदा पार्किंग शुल्क वसूली की की गई थी, जबकि ठेकेदार के द्वारा भीमताल से लगे हुए क्षेत्र को जाने वाले पर्यटक वाहन और स्थानीय निवासियों के वाहन से भी जबरन वसूली की जा रही है। जिससे भीमताल नगर पालिका की छवि के साथ– साथ पर्यटक स्थल की छवि भी खराब हो रही है। उन्होंने इस इस प्रकार की वसूली को बंद करवाने की मांग की। इस दौरान गोपाल सिंह बिष्ट, इंदर सिंह, महिपाल व कमल आदि शामिल रहे।

### शिविर में संस्कृत भाषा में परिचय देना सीखा

**भीमताल :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल में डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए संस्कृत संभाषण शिविर आयोजित किया गया। इसमें संस्कृत माध्यम से परिचय देने समेत अन्य जानकारियां दी गईं। प्राचार्य सुरेश चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में शिविर की शुरुआत हुई। इसमें संस्कृत भारती के प्रशिक्षक डॉ. सीपी उप्रेती व डॉ. जगदीश चंद्र पांडे ने प्रशिक्षुओं को संस्कृत माध्यम से परिचय देना, संस्कृत गीत व दैनिक जीवन की उपयोगी वस्तुओं के संस्कृत नामों से परिचित कराया। शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. विमल किशोर थपलियाल ने किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आरती जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित है और यह प्रशिक्षुओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। शिविर में डॉ. पीएस बुंग्ला, डॉ. संजय गुरूरानी, डॉ. हेमचंद्र तिवारी, डॉ. ज्योतिर्मय मिश्र व हरीश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# आग से प्रभावित हुए दुकानदारों और परिवारों का जाना हाल

- भवाली में दुकानों व मकान में आग लगने का मामला

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** सोमवार देर रात दुकानों व मकान में लगी आग से भारी नुकसान हो गया था। मंगलवार दोपहर को क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्या ने दुकानदारों व परिवारों से मिलकर हाल जाना। वहीं, पालिकाध्यक्ष पंकज कुमार ने नगर के लिए फायर ब्रिगेड के वाहन की मांग की।

पुष्पेश पांडे ने मांग कि जल्द प्रभावित लोगों को मुआवजा मिले। विधायक सरिता आर्या ने बताया कि एसडीएम व तहसीलदार ने मौके पर आकर नुकसान का आकलन किया है। जिलाधिकारी से वार्ता कर जल्द मुआवजा दिलाने की बात हुई है। कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पैसा दिलाने का जल्द प्रयास किया जाएगा।

जल्द नुकसान का आकलन मुख्यमंत्री को दिया जाएगा। भवाली में फायर ब्रिगेड के लिए मुख्यमंत्री से मांग की जाएगी। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि नुकसान के तत्काल मुआवजे के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। बताया कि डीएसओ के माध्यम से किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिनके घर प्रभावित हुए हैं उनके रहने की व्यवस्था नगर पॉलिका में की गई है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भवाली में रखने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, पंकज अद्वेती, प्रकाश आर्य, जुगल मठपाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे, व्यापार मंडल अध्यक्ष कंचन साह आदि मौजूद रहे।



भवाली में निरीक्षण करतीं विधायक सरिता आर्या व अन्य। ● अमृत विचार

### वेतन पर सीईओ से संगठन ने की वार्ता

**भीमताल :** जनपद में औपबंधिक शिक्षकों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर शिक्षक संगठन ने मुख्य शिक्षाधिकारी से वार्ता की। मुख्य शिक्षाधिकारी ने मुख्य कोषाधिकारी नैनीताल को भी दूरभाष से अवगत कराया। कोषाधिकारी ने बताया कि यदि आप इन शिक्षकों के वेतन को निकालने के लिए पत्र जारी करते हैं तो हम समस्या के समाधान होने तक विगत तीन माह का वेतन निकाल देते हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य कोषाधिकारी को पत्र जारी किया है। संगठन ने बताया कि औपबंधिक शिक्षकों का विगत माह मार्च से वेतन जारी नहीं किया गया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया कि वेतन न मिलने से औपबंधिक शिक्षकों के परिवारों का भरण पोषण भी नहीं हो पा रहा है। इस दौरान ओखल कांडा के अध्यक्ष गोपाल बिष्ट, मंत्री हीराबल्लभ बसानी, प्रेम कांडपाल, हेम भट्ट व बंशीधर कांडपाल आदि शामिल थे।

# टीम ट्रेंकुलाइज गन के साथ करेगी गश्त

- गुलदार के हमले में पुष्पा देवी की मौत के बाद मोरा तोक में बढ़ाई गई सुरक्षा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** गुलदार के हमले में 71 वर्षीय पुष्पा देवी की मौत के बाद वन विभाग ने मोरा तोक क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है। 50 वन कर्मियों की टीम ट्रेंकुलाइज गन के साथ अलग-अलग शिफ्ट में गश्त कर रही है। सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीणों के जंगल जाने और दिन ढलने के बाद अकेले बाहर निकलने पर रोक लगा दी गई है। वन्य जीव संघर्ष से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है।

डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने मृतक आश्रित परिवार को छह लाख रुपये का चेक सौंपा। डीएफओ ने मोरा गांव जाकर मृतका के परिवार और अन्य ग्रामीणों से बातचीत कर आश्वासन दिया कि गुलदार पकड़ने के लिए 50 कर्मी लगाए गए हैं और जरूरत पड़ने पर संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से चारे के लिए जंगल में न जाने की अपील की और जरूरत पड़ने पर विभाग की ओर से चारा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। गुलदार की खोज में अन्य रेंज से भी कर्मी बुलाए गए हैं। बताया कि ट्रेंकुलाइज गन, दो चिकित्सक, दो रेंजर और 50 कर्मियों की टीमें गठित कर गश्त बढ़ाई गई हैं। वहीं ट्रेप कैमरों की संख्या 13 कर दी गई है, लेकिन अभी तक गुलदार की गतिविधि कैमरों में नहीं आई है। दो पिंजड़े भी लगाए गए हैं। बल्यूटी, चोपड़ा, दोगड़ा समेत आसपास के गांवों में पांच महिलाओं को अस्थाई तौर पर नियुक्त कर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

**शिकंजा** — भूमि घोटाला प्रकरण में आईएएस समेत 12 अधिकारी सस्पेंड, तत्कालीन नगर आयुक्त के नगर निगम हरिद्वार में कार्यकाल के समस्त कार्यों का होगा ऑडिट

# ऑडिट खोलेगा राज, विजिलेंस उधेड़ेगी परतें और रिकवरी भी होगी

- संबंधित प्रकरण का विक्रय पत्र निरस्त, भू स्वामियों से धन की रिकवरी के निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में नगर निगम हरिद्वार में सामने आए भूमि घोटाले में कठोर कार्रवाई की गई है। जांच में दोषी पाए गए 10 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 2 कार्मिकों का सेवा विस्तार समाप्त कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच सतर्कता विभाग (विजिलेंस डिपार्टमेंट) से कराए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि दोषियों की पूरी श्रृंखला का खुलासा हो सके और पारदर्शिता बनी रहे।

इसके अतिरिक्त, उक्त भूमि घोटाले से संबंधित विक्रय पत्र (सेल डीड) को निरस्त करते हुए भूस्वामियों को दिए गए धन की रिकवरी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश भी दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने तत्कालीन नगर आयुक्त और आईएएस अधिकारी वरुण चौधरी के कार्यकाल के दौरान नगर निगम हरिद्वार में हुए सभी कार्यों का विशेष ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि वित्तीय अनियमितताओं की समुचित जांच की जा सके।

#### निकाय चुनाव के दौरान खेल, चढ़ा सियासी पारा

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024 में निकाय चुनाव के दौरान नगर आयुक्त हरिद्वार वरुण चौधरी थे। उस समय हरिद्वार जिले में आचार संहिता लगी थी। इसी दौरान यह जमीन खरीदी गई। डंपिंग जोन के पास स्थित इस जमीन का कोई ज्यादा महत्व नहीं था लेकिन कथित तौर पर यह 15 करोड़ रुपये की बतायी गयी, जिसे दूसरे खाते में दर्ज कराकर सरकारी खजाने से 58 करोड़ रुपये में खरीदा गया। चुनाव हुए और हरिद्वार में शहर की सरकार बनने के बाद सियासी गलियारों में यह मामला तूल पकड़ गया। मुख्यमंत्री धामी ने जांच के निर्देश दिए और फिर जांच के बाद दो आईएएस और एक पीसीएस अफसर समेत 12 अधिकारी/कार्मिक सस्पेंड हो गए।

#### ट्रेंडिंग में रही धामी स्ट्राइक

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की हरिद्वार में नगर निगम घोटाले में की गई कार्रवाई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ट्रेंडिंग में रही। hamistrikesoncorruption की वर्ड से यह संदेश देश भर में ट्रेंड होता रहा।

# घोटाले से कॅरियर पर लगा दाग

- 2.3070 हेक्टेयर अनुपयुक्त भूमि खरीदी सरकारी बजट से हरिद्वार निगम ने गांव सराय में
- 15 करोड़ रुपये करीब की बताई यह भूमि 54 करोड़ रुपये में खरीदना बताया गया

मुख्य संवाददाता, देहरादून

> हमारी सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध पूरी दृढ़ता और पारदर्शिता के साथ लगातार कार्रवाई कर रही है। हमारा स्पष्ट संदेश है कि कोई व्यक्ति चाहे जितना भी प्रभावशाली या ऊंचे पद पर क्यों न हो, यदि वह भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> –पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री



**अमृत विचार :** हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र में गांव सराय में डंपिंग जोन के पास 2.3070 हेक्टेयर अनुपयुक्त भूमि। यह किसी काम की नहीं और इसे खरीदने की भी कोई बड़ी वजह भी नहीं लेकिन कथित तौर पर 15 करोड़ रुपये की बतायी जाने वाली कूड़े की जमीन को सरकारी बजट से 54 करोड़ रुपये में खरीदकर न केवल घोटाला किया गया बल्कि अपने कॅरियर पर दाग लगवा दिया गया। यह सौदेबाजी भी तब हुई, जब निकाय चुनाव के चलते आदर्श चुनाव आचार संहिता लगी थी।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भ्रष्टाचार के प्रति सख्त रुख कई बड़ी कार्रवाईयों के रूप में सामने आ चुका है। अब ताजा मामला हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाला है, जिसमें दो आईएएस और एक पीसीएस अधिकारी समेत 12 अधिकारियों/कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई राजनैतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी है। गांव सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित यह 2.3070 हेक्टेयर जमीन अनुपयुक्त थी लेकिन इस बेकार जमीन को बहुत ही ऊंचे दामों पर खरीदा गया। यह भी स्पष्ट नहीं हुआ कि यह जमीन खरीदने की खास वजह क्या रही, खरीद में नियमों का पालन भी नहीं हुआ। सरकारी नियम कायदों को दरकिनार कर इस घोटाले को अंजाम दिया गया। मुख्यमंत्री ने विजिलेंस जांच के आदेश भी दिए हैं। अब विजिलेंस इस घोटाले की परत-दर परत उधेड़ेगी तो कई नए तथ्य भी सामने आ सकते हैं।

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

| 28.0° | 21.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.13 | सूर्यास्त 19.08 |

## एक नजर

### रोडवेज में मिला शव पीलीभीत के गंगा का था

**हल्द्वानी :** रोडवेज डिपो परिसर में सोमवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त जहानाबाद पीलीभीत निवासी गंगा सागर (38) पुत्र झम्मन लाल के रूप में की है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि गंगा सागर हल्द्वानी में रहकर मजदूरी करता था। सोमवार को वह रोडवेज स्टेशन पर बेसुध मिला था। सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय ले जाने पर चिकित्सकों उसे ने मृत घोषित कर दिया था। मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### पत्रकार धूलिया के निधन पर शोक जताया

**रामनगर :** देहरादून के वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर स्थानीय पत्रकारों ने शोक जताया है। शोक व्यक्त करने वालो में विनोद पपनै, हरीश भट्ट, गिरीश पांडे, डॉ. जफर सैफी, गणेश रावत, राजीव अग्रवाल, जीवन कुमार, चंचल गोला, अजीत प्रताप गोस्वामी, त्रिलोक रावत, राजू वर्मा, सलीम मलिक, श्यामलाल, नाजिम सलमान, चंद्रसैन कश्यप, रोहित गोस्वामी, चंद्रशेखर जोशी व नितेश आदि शामिल रहे।

### क्रिकेट लीग का पहला सेमीफाइनल मैच आज

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कराई जा रही अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग का पहला सेमीफाइनल बुधवार को खेला जाएगा। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि लीग मैचों के बाद कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी, जीएनजी, डीके स्पोर्ट्स और कुमाऊं क्रिकेट अकादमी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया और आज का पहला सेमीफाइनल जीएनजी क्रिकेट एरैना में डीके स्पोर्ट्स और कुमाऊं क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।

### मानसून की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने 10 विभागों की टीम संग किया निरीक्षण, लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया

# श्रीलंका टापू पर 3 माह का राशन लेकर पहुंचा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने मानसून में आपदा प्रबंधन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रशासन, लोनिवि, चिकित्सा समेत 10 सरकारी विभागों ने श्रीलंका टापू का संयुक्त निरीक्षण किया। साथ ही बारिश आने पर टापू के चारों ओर जलभराव होने को लेकर विभिन्न व्यवस्थाएं की गईं।

एसडीएम न्यायिक रेखा कोहली के नेतृत्व में वन, सिंचाई, लोनिवि, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, जल संस्थान, खाद्य आपूर्ति, बाल विकास, राजस्व विभागों की संयुक्त टीम ने मंगलवार को श्रीलंका टापू



भूकटाव का निरीक्षण करतीं एसडीएम न्यायिक रेखा कोहली व अन्य। ● अमृत विचार

का स्थलीय निरीक्षण किया और आपदा प्रबंधन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। खाद्य पूर्ति विभाग ने टापू पर अगस्त तक का राशन उपलब्ध करा दिया है ताकि बारिश में गौला नदी में पानी आने पर खाद्यान्न की कमी नहीं हो। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग ने भी अगले तीन माह के अनुसार जीवन रक्षक व अन्य जरूरी दवाइंया मुहैया करा दीं हैं। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग ने मौके पर ही शिविर लगाकर 72 बड़े-छोटे पशुओं को टीका लगाने के साथ ही दवा वितरित की। वहीं स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 57 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाइयां वितरित कीं गईं। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने गांव में बिजली आपूर्ति बहाली की मांग की। वहीं, वन विभाग से गौला नदी से हो रहे भूकटाव की रोकथाम के लिए तटबंध बनाने तथा टापू से डोराडाम तक क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत की मांग की । क्षेत्रवासियों की मांग पर एसडीएम ने वन विभाग को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आपात स्थिति में हेली सेवाओं के लिए हेलीपैड का जायजा लिया गया। हेली पैड पर साफ-सफाई व मार्किंग के लिए कहा ताकि इमरजेंसी में कोई परेशानी नहीं हो। इस दौरान डॉ. लव पांडे, डॉ. ऋचा शुक्ला, डॉ. किशन गुप्ता, डॉ. हिमांशु धर्मसक्तू, रेंजर चंदन सिंह अधिकारी, एएई राजेश जोशी, मनीषा आर्या सुपरवाइजर, जेई राहुल चौहान, पूर्ति निरीक्षक मोहित कठायत, रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित वोरा, पशु धन प्रसार अधिकारी राजेश यादव, राजस्व उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव एवं वीरेंद्र चंद आदि मौजूद रहे।

# ज्वैलरी शॉप के मालिक पर धमकाने का आरोप

- शॉप कर्मी की पत्नी ने दी तहरीर बोली, 50 लाख की देनदारी बता कर रहे उत्पीड़न
- देनदारी न चुकाने पर दी जा रही प्लॉट हथियाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक ज्वैलरी शॉप के कर्मचारी की पत्नी ने शॉप मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले में जांच की बात कही है।

हल्द्वानी में रहने वाली तनिष्का रस्तोगी के मुताबिक, उसके पति स्वर्णकार हैं और पिछले तीन वर्षों से एक ज्वैलर्स के यहां ज्वैलरी बनाने का काम करते हैं। आरोप है कि प्रतिष्ठान के मालिक व जीएम समेत तीन लोग उसके पति का मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं।

उक्त लोग उसके पति पर 50 लाख रुपए का सोना बकाया होने का आरोप लगा रहे हैं। जिसको लेकर उन्हें लगातार डराया और धमकाया जा रहा है।

कहा जा रहा है कि अगर सोने की रकम को वापस न किया गया तो वह उसके प्लॉट पर कब्जा कर लेंगे या फिर अन्य तरीकों से बकाया वसूलेंगे। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि मामले में तहरीर मिली है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीजी करने के बाद 7 सरकारी डॉक्टर लापता, ब्याज के साथ होगी वसूली

### विभाग ने जारी किया नोटिस, निर्धारित समय पर ज्वाइन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** पीजी (पोस्ट ग्रेजुएशन) की पढ़ाई पूरी करने के बाद 7 सरकारी डॉक्टर अपने तैनाती स्थलों से गायब हैं। ये डॉक्टर उच्च शिक्षा के लिए सरकारी खर्चे पर भेजे गए थे, लेकिन पढ़ाई पूरी होने के बाद ये सभी न तो ड्यूटी पर लौटे और न ही किसी प्रकार की सूचना दी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इन डॉक्टरों को सेवा अनुबंध के अंतर्गत पीजी पूरी करने के बाद राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में सेवा देना अनिवार्य था, लेकिन इन्होंने न तो ज्वाइनिंग रिपोर्ट दी और न ही ये किसी प्रकार से संपर्क में हैं। विभाग अब इन डॉक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी में है। विभाग ने इन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद इन डॉक्टरों के कार्यस्थल के बारे में कोई अधिकृत जानकारी नहीं है। सूत्रों के अनुसार, इनमें से कुछ डॉक्टर प्राइवेट अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं तो वहीं, कुछ के विदेशों में कार्यरत होने की आशंका जताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इन डॉक्टरों की ट्रैकिंग और सेवा अनुबंध के उल्लंघन की जांच शुरू कर चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश पंत ने बताया कि सरकारी खर्चे पर पीजी कर फिर सेवा से बचने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि डॉक्टर समय पर जवाब नहीं देते हैं, तो उनके विरुद्ध रिकवरी की कार्रवाई के साथ-साथ सेवा से बर्खास्तगी की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।



**7 डॉक्टरों में रेडियोलॉजिस्ट, गायनी जैसे प्रमुख विभागों के डॉक्टर शामिल**

जिन 7 डॉक्टरों को नोटिस जारी किया गया है। उनमें रेडियोलॉजिस्ट और गायनी जैसे प्रमुख विभाग शामिल हैं। जबकि कुछ दिनों पूर्व ही शहर के बेस अस्पताल में रात के समय रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से गर्भवती महिला का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाया था। जांच नहीं हो पाने के कारण गर्भ में ही महिला के बच्चे की मौत हो गई थी। एक ओर सरकारी अस्पतालों के विभिन्न विभागों में डॉक्टरों की कमी है। तो वहीं, दूसरी ओर सरकारी डॉक्टर अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद सरकारी सेवा देने को ही तैयार नहीं हैं।

> पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले सरकारी डॉक्टरों को जरूरत के अनुसार तैनाती दी गई है, लेकिन अधिकतर अपने तैनाती स्थल पर नहीं पहुंचे हैं। सभी को नोटिस देकर चेतावनी दी गई है। जो भी निर्धारित समयसीमा में योगदान नहीं देगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – हरीश पंत, सीएमओ नैनीताल

**बॉन्ड की शर्तों के अनुसार ब्याज सहित वसूले जाएंगे 50 लाख**



एमबीबीएस डॉक्टर 50 लाख रुपये का बॉन्ड भरकर पीजी करने जाते हैं। यदि वे वापस ड्यूटी पर नहीं लौटते हैं तो इन डॉक्टरों से बॉन्ड की शर्तों के अनुसार ब्याज सहित 50 लाख रुपये वसूले जाएंगे। हैरानी की बात है कि पीजी करने के दो से तीन साल बाद तक डॉक्टरों की सेवा का अता-पता नहीं है।



हल्द्वानी में मंगलवार को निरीक्षण के दौरान निर्देश देतीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया। ● अमृत विचार

# एक माह में तैयार करें अस्पताल

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया ने महिला अस्पताल में निर्माणाधीन 50 बेड की मातृ एवं शिशु विंग और मोतीनगर में निर्माणाधीन 200 बेड के मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल एवं 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता एवं डिजाइन के पहलुओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम को गुणवत्ता एवं मानकों के साथ काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

भदौरिया सर्वप्रथम महिला अस्पताल पहुंचीं। यहां उन्होंने स्वास्थ्य, पेयजल निगम के अधिकारियों को आपस में समन्वय बना चिकित्सकीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए काम करने के निर्देश दिए। कहा वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, शौचालय, विद्युत एवं जल आपूर्ति आदि सुविधाएं उपयोगकर्ताओं के अनुकूल हों। क्वालिटी चेक के लिए थर्ड पार्टी वेरिफेशन, निर्माण सामग्री की परीक्षण रिपोर्ट राज्य मुख्यालय, सीएमओ नैनीताल को भी दी जाए। इसके बाद वह मोतीनगर स्थित मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने कार्यदायी संस्था को एक माह में निर्माण पूर्ण कर भवन विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में ही बन रहे क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए आपात स्थितियों और गंभीर रोगियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. एचसी पंत, एसीएमओ डॉ. कुमोद पंत, डॉ. कांता किरण, डॉ. पवन द्विवेदी, सीएम तिवारी, एई देवेंद्र नैनवाल, दीप चंद्र, विजय कुमार, पीडी आकाश भट्ट, मो. असीम, विजय बमेठा मौजूद रहे।

# 1525 किमी दूर महाराष्ट्र में मिला 10वीं का लापता छात्र

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ज्यादा नंबर लाने के दबाव में 10वीं का एक छात्र रिजल्ट आने से पहले ही घर से फरार हो गया। परिवार और पुलिस पिछले 20 दिन से उसे तलाश रहे थे और अब वो हल्द्वानी से 1525 किमी दूर महाराष्ट्र में मिला। पुलिस ने उसे सकुशल एक व्यक्ति के घर से बरामद कर लिया है।

अंबा विहार तल्ली हल्द्वानी निवासी एक किशोर 10वीं का छात्र था और 12 मई को वह अचानक लापता हो गया। उसका 10वीं का परिणाम आने वाला था। परिवार और पुलिस ने उसकी भरसक खोज की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच को आगे बढ़ाया गया। सीसीटीवी खंगाले गए और किशोर के स्विच ऑफ मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया गया। बीते दिनों मोबाइल ऑन हुआ तो पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस कर ली। छात्र महाराष्ट्र के सोलहपुर में था। आनन-फानन में एक टीम यहां से रवाना हुई और उसे बरामद कर लिया। यहां वह एक व्यक्ति के घर पर रह रहा था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह परिवार से नाराज होकर चला गया था। परिवार उससे 10वीं के परीक्षा परिणाम में अधिक नंबर की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन उसके नंबर कम थे और इसी डर से वह भाग गया।

# रेलवे पटरी पर मिला अज्ञात युवक का शव

**लालकुआंः** रेलवे पटरी पर अज्ञात युवक का शव मिला है। जीआरपी चौकी लालकुआं के प्रभारी उपनिरीक्षक त्रिभुवन जोशी ने बताया कि मंगलवार सुबह सूचना मिली कि वार्ड नंबर 6 एवं अवंतिका कुंज देवी मंदिर फ्लाईओवर से कुछ पहले एक शव रेल पटरी के बीच में पड़ा है। जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे और उन्होंने छानबीन शुरू कर दी।

पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, परंतु शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतक की उम्र 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया है। संभावना जताई जा रही कि लालकुआं से आनंद विहार को जाने वाली ट्रेन की चपेट में युवक आया होगा।

# टांडा के जंगल में मिली प्रॉपर्टी डीलर की लाश

- पास मिली पानी की बोतल से आ रही थी कीटनाशक की गंध
- जहर पिया या पिलाया गया, हत्या-आत्महत्या के बीच उलझी कहानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर से काम पर निकला प्रॉपर्टी डीलर वापस घर नहीं लौटा। अगले दिन उसकी लाश टांडा जंगल में पड़ी मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव के पास से जहर की बोतल बरामद हुई। उसका मुंह काला पड़ चुका था। हालांकि यह कहना मुश्किल है कि प्रॉपर्टी डीलर ने खुद जहर पिया या फिर उन्हें पिलाया गया। उनका कई लोगों से लेन-देन था। ऐसे में पुलिस हत्या के एंगल पर भी जांच कर रही है। प्रॉपर्टी डीलर की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

मूलरूप से जुगानोली चौखुटिया, अल्मोड़ा निवासी कौशल सती (45 वर्ष) पुत्र स्व. गोविंद बल्लभ सती पेशे से प्रॉपर्टी डीलर थे। वह जज फार्म में किराए के मकान में अपनी पत्नी व इकलौते बेटे के साथ रहते थे। कुछ दिन पहले ही उनकी पत्नी एक समारोह में शामिल होने के लिए चौखुटिया गईं थीं और घर में पति और बेटा ही थे। बताया जाता है कि वह रोज की तरह बीते सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे घर से काम के लिए निकले थे, लेकिन फिर लौट कर घर नहीं आए। घर पर बेटा रात भर अकेला पिता का इंतजार करता।

मंगलवार सुबह बेटे ने पिता के दोस्तों को फोन किया और बताया कि पिता रात से घर नहीं लौटे। जिसके बाद बेटा, पिता के मोबाइल डिवाइस की मदद से टांडा जंगल पहुंच गया। यहां हल्द्वानी-रुद्रपुर रोड पर एस मोड़ के पास लोगों की भीड़ लगी थी। सड़क किनारे पिता की स्कूटी खड़ी थी और जब वह जंगल में करीब 50 मीटर अंदर पहुंचे तो कौशल की लाश पड़ी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव का चेहरा काला पड़ चुका था। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि घटना स्थल से पानी की एक बोतल बरामद हुई है, जिससे कीटनाशक की बदबू आ रही है। यह कहना अभी मुश्किल है कि यह हत्या है या फिर आत्महत्या। इधर, घटना की सूचना मिलते ही कौशल की पत्नी भी चौखुटिया से कुछ लोगों के साथ हल्द्वानी पहुंच गईं। पति का शव देखते ही वह फूट कर रोने लगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोपहर बाद पोस्टमार्टम हुआ और शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**कई लोगों को दिलाई जमीन, कई लोगों से था लेनदेन**



कौशल सती। (फाइल फोटो)

**हल्द्वानी :** कौशल के परिजनों के मुताबिक वह कई सालों से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे थे। गुजरे सालों में उन्होंने कई लोगों की जमीन और मकान का सौदा कराया। इसके चलते उनका कई लोगों से लेनदेन चल रहा था। इस मामले में परिजनों ने अभी पुलिस को तहरीर नहीं सौंपी है, लेकिन माना जा रहा है कि इसी लेनदेन के चलते कौशल की हत्या भी की जा सकती है। हो सकता है कि हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए उन्हें धोखे से जहर पिलाया गया हो। फिलहाल, पुलिस हल्द्वानी से घटना स्थल की ओर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**रात 12 बजे तक जिंदा थे कौशल, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए सुबूत**

**हल्द्वानी :** पिता जब देर रात तक घर नहीं पहुंचे तो बेटे ने चौखुटिया में मौजूद अपनी मां को फोन कर इसकी जानकारी दी। रात करीब 12 बजे उन्होंने कौशल को फोन किया। बताया जाता है कि रात वह जहां भी थे, वहां नेटवर्क नहीं था। उन्होंने जब फोन किया तो सिर्फ हेलो की आवाज आई और फिर फोन कट गया। यानी रात 12 बजे तक कौशल जीवित थे। वहीं तमाम संभावनाओं को देखते ही फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। जिसमें खून, कपड़े, बोतल के अंदर मिला कीटनाशक और मिट्टी के नमूने शामिल हैं।

# हरियाणा के शराबी पर्यटकों का हुड़दंग, पुलिस ने किया चालान

- शराबियों ने नैनीताल रोड पर राहगीरों की जान सांसत में डाली
- पुलिस के हत्थे चढ़े तो गिड़गिड़ाए पुलिस ने चालान कर छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौज-मस्ती के लिए हरियाणा से नैनीताल पहुंचे शराबी पर्यटकों ने रात नैनीताल रोड पर राहगीरों की जान सांसत में डाल दी। बिना नंबर की थार बेतरतीब तरीके से नैनीताल रोड के चक्कर काटती और लोगों को डराती रही। शराबी पुलिस के हत्थे चढ़े तो पल भर में नशा काफूर हो गया और शराबी गिड़गिड़ाने लगे। पुलिस ने सभी को हवालात दिखाई और माफी मांगने पर चालान कर उन्हें छोड़ा।

कोतवाल राजेश कुमार यादव के मुताबिक, सोमवार रात सूचना आई थी कि बिना नंबर की थार में सवार कुछ लोग हुड़दंग कर रहे हैं। वह तेज



पुलिस हिरासत में हुड़दंग करने के आरोपी हरियाणा के पर्यटक। ● अमृत विचार

रफ्तार में नैनीताल रोड के चक्कर काट रहे हैं और इससे राहगीरों की जान खतरे में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम ने आरोपियों को जजी के पास तब पकड़ लिया, जब वह हल्द्वानी की ओर आ रहे थे। पुलिस थार सवार छह लोगों को थाने ले आई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र, हरियाणा के रहने वाले हैं और नैनीताल घूमने आए थे। पुलिस ने एल्कोमीटर से जांच की तो सभी को नशे में पाया। पुलिस के सख्ती दिखाने पर सभी गिड़गिड़ाने और छोड़ देने की गुहार लगाने लगे। जिसके बाद पुलिस ने चालान किया और चेतावनी देते हुए सभी को छोड़ दिया। कोतवाल का कहना है कि प्रवेश, बॉबी, शुभम और प्रिंस समेत छह लोगों पर पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। सभी पहले नैनीताल गए, वहां से भीमताल होते हुए देर रात हल्द्वानी पहुंचे थे।

# नैनीताल में पूरे परिवार के बन गए फर्जी आधार कार्ड

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** नैनीताल में मंगलवार को पूरे परिवार के फर्जी आधार कार्ड बनाए जाने मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, सरोवर नगरी में किरायेदारों और बाहरी लोगों के सत्यापन का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी दौरान कथित रूप से अब्दुल अलीम खान पुत्र मोहम्मद सईद खान और उसके परिजनों के आधार कार्ड संदिग्ध पाए गए। आधार कार्ड में 21, बड़ा बाजार मल्लीताल का जो पता दिया गया, वह संदिग्ध पाया गया। यह आवास अमित लाल साह पुत्र सुंदर लाल साह के नाम पर है। इस मामले के सामने आने के बाद अमित लाल साह ने थान में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पैतृक आवास पर जो आधार कार्ड बनाए गए हैं, वह फर्जी है। उनका उसके परिवार से कोई संबंध नहीं है और न




ही कभी उक्त आवास पर कोई रहा है। इसकी अनुमति भी किसी को नहीं दी है। इस प्रकरण के सामने आने के बाद एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने मल्लीताल के उपनिरीक्षक दीपक कार्की को अभियोग दर्ज कर गहनता से जांच के निर्देश दिए। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि न केवल अब्दुल अलीम खान बल्कि उसके परिजनों के आधार कार्ड भी उक्त पते पर बनाए गए हैं। वर्ष 2015 में बनाए गए इन आधार कार्ड का विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं में प्रयोग किया जा चुका है। पुलिस ने संबंधित विभागों को सूचित कर आधार कार्ड रद्द करने एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करने को कहा है।

# देवखड़ी नाले व बेस अस्पताल के पास अतिक्रमण हटाया गया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** मानसून को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और नगर निगम ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। एसडीएम राहुल शाह और नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को देवखड़ी नाले के पास अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त किया।

साथ ही बेस अस्पताल के बाहर अवैध रूप से बनाये गये ई-चार्जिंग स्टेशन को हटाकर सामान जब्त किया गया। नैनीताल रोड पर सौरभ होटल के पीछे नाले के ऊपर बनाये गये हैं, इस पर सिचाई विभाग और प्रशासन की ओर से उनको नोटिस दिये जा रहे हैं। प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने नाले के पास पहुंचकर बारिश के दौरान जलभराव और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए



अतिक्रमण हटवाते एसड़ीएम राहुल शाह और नगर आयुक्त ऋचा सिंह।

अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि नाले के किनारे बने कुछ अवैध निर्माण मानसून में जलस्तर बढ़ने पर भारी नुकसान और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या पैदा कर सकते थे। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि पूर्व में संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने कहा कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और मानसून के दौरान अन्य जोखिमों को कम करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अतिक्रमण नहीं करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


शरबत वितरित करते सिख व हिंदू समुदाय के लोग।

### छबील लगाकर शरबत और प्रसाद वितरित किया

**कालाढूंगी :** सिखों के पांचवे गुरु अजुर्न देव के शहीदी दिवस पर नगर में छबील लगाकर शरबत व प्रसाद वितरित किया गया। मंगलवार को वार्ड नंबर दो में पोस्ट आफिस के पास स्टेट हाईवे में सिख समुदाय व हिंदू समाज के लोगों ने छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया। इससे पहले बाबा बलवीर सिंह ने अरदास काराई। इस दौरान जनक राज उप्पल, तरसेम सिंह, जसवंत सिंह, जसविंदर सिंह, गोपाल सामंत, जगतार सिंह, बलविंदर सिंह, अमीर चंद्र, जोगा सिंह, चंद्रमोहन जोशी, सन्नी शर्मा, गौरव शर्मा, पकंज कंबोज, भगवत सिंह बिष्ट, राकेश गोयल, विपुल मित्तल, नंदन टम्टा, गिरीश उप्पल व कुशल खाती आदि मौजूद रहे।



शिविर में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट व अन्य।

### शिविर में 45 यूनिट रक्त किया गया एकत्रित

**चोरगलिया :** गौलापार चोरगलिया मंडल के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी के जन्मदिन पर सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट व मेयर गजराज बिष्ट ने रक्तदान शिविर स्थल पर पहुंचकर केक भी काटा। इस दौरान लाखन मंडी ग्राम प्रधान भावना बजेठा, प्रधान कमल दुर्गा पाल, प्रधान राजू जांगी, दीपक चौसली, मंडल महामंत्री नवीन जोशी, मंडल महामंत्री बालम बिष्ट, प्रेम रूपाली, बसंत सनवाल, दीपू संभल, मनोज मेवाड़ी, विक्रम फर्शवान, मुन्ना जोशी, कमल आर्य, प्रवीण आर्य व दीपक भट्ट आदि मौजूद रहे।


निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### बाढ़ सुरक्षा के उचित उपाए करने के दिए निर्देश


**रामनगर :** मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ सुरक्षा के लिए उचित उपाए करने के निर्देश दिए हैं। सहायक अभियंता सिंचाई विभाग मयंक मित्तल, वन विभाग के एसडीओ अंकित बडोला व अन्य अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी ने वन ग्राम सुंदरखाल व चुकम ग्राम का निरीक्षण किया। उन्होंने चुकम ग्राम में कोसी नदी में चैनेलाइजेशन के निर्देश वन विभाग को दिए। सिंचाई विभाग की ओर से आपदा मद से बनाए गए पांच इसकेवर का निरीक्षण किया गया। सुंदरखाल क्षेत्र में ग्राम के समीप से गुजरने वाले बरसाती नाले में चैनेलाइजेशन के निर्देश वन विभाग को दिए। वन विभाग ने बताया कि उपरोक्त आपदा संबंधित कार्य दो दिन के भीतर शुरू कर दिए जाएंगे।

# गंगापुर कबडवाल गोशाला में बनेगा कुमाऊं का पहला पशु शवदाह गृह

## पशु शवदाह गृह बनने से गोशाला के रखरखाव व निराश्रित गोवंश का शव निस्तारण होगा आसान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नगर निगम कुमाऊं का पहला पशु शवदाह गृह बनाने की तैयारी में है। नगर निगम की ओर से यह शवदाह गृह हल्दूचौड़ स्थित गंगापुर कबडवाल में बन रही नगर निगम की सबसे बड़ी गोशाला के परिसर में बनाया जाएगा। नगर निगम इसका प्रस्ताव तैयार करने में जुटा है। बजट मिलने के बाद कार्य की शुरुआत कर दी जाएगी।



पशु शवदाह गृह के बनने के बाद मृत पशुओं का व्यवस्थित तरीके से दाह संस्कार किया जाएगा। जिससे शहर के स्वच्छता और स्वास्थ्य के स्तर में भी सुधार होगा। यह देखा जाता है कि शहर में मृत पशुओं के शव का उचित निस्तारण की सुविधा न होने से कई बार अव्यवस्था और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इससे निजात पाने के लिए पशुओं के शव के निस्तारण की व्यवस्था जरूरी है। नगर निगम का प्रयास है कि शीघ्र ही पशु शवदाह गृह का कार्य शुरू किया जाए, ताकि आवारा पशुओं की समस्या से निजात मिल सके और शहर की साफ-सफाई भी बेहतर बनी रहे। गोशाला संचालकों के साथ ही यह सुविधा पशु पालकों के लिए भी राहत साबित होगी, क्योंकि अब वे अपने मृत पशुओं का अंतिम संस्कार एक व्यवस्थित और स्वच्छ स्थान पर कर सकेंगे। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि शहर के पहले पशु शवदाह गृह का प्रस्ताव किया जा रहा है। बजट मिलते ही इसका कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पशु शवदाह गृह बनने से गोशाला में बीमारी के कारण मृत गोवंश और अन्य निराश्रित गोवंश के शव के निस्तारण की सुविधा एक छत के नीचे मिलेगी।

### शीघ्र पूरा होगा दूसरे चरण का कार्य

शहर में बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश घूम रहे हैं। जिस कारण आए दिन सड़क पर लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं। कई मामलों में गोवंश के हमले के कारण व्यक्ति की मौत तक हो चुकी है। इन सभी समस्याओं से निजात पाने के लिए गंगापुर कबडवाल में शहर की सबसे बड़ी गोशाला बनाई जा रही है। गोशाला का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है, जिसमें दूसरे चरण का कार्य इन दिनों प्रगति पर है। शीघ्र की कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कार्य पूरा होने पर यह गोशाला लगभग 2 हजार पशुओं की देखभाल करने में सक्षम होगी। गोशाला की विशाल क्षमता से न केवल पशुओं का बेहतर रख-रखाव होगा, बल्कि शहर में आवारा घूम रहे गोवंश की समस्या को भी काफी हद तक नियंत्रण में लाया जा सकेगा।

# विभागीय टीम ने बंगाली क्लीनिक को कराया बंद

संवाददाता, लालकुआं


क्लीनिक को बंद करातीं एसीएमओ व अन्य।

**अमृत विचारः** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल ने लालकुआं और बिंदुखत्ता क्षेत्र के मेडिकल स्टोर व क्लीनिकों में छापेमारी की। इस दौरान एक क्लीनिक को बंद कराया गया, जबकि तीन मेडिकल स्टोरों में अनियमितता मिलने पर संचालकों को तीन दिन के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में पत्रावली के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी, एनसीडी नोडल जनपद नैनीताल डॉ. चंद्रा पंत, कनिष्ठ सहायक अभिषेक सौदे ने बिंदुखत्ता और लालकुआं में क्लीनिक व मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने बिंदुखत्ता स्थित मनोहर फार्मा मेडिकल (बंगाली क्लीनिक), गंगवार मेडिकल, खुशी मेडिकल स्टोर व जोशी मेडिकोज में मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक से संबंधित पत्रावली तलब की। रजिस्ट्रेशन मांगने क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोर संचालक कोई भी वैध प्रपत्र नहीं दिखा सके। सभी दुकानों में अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें सख्त चेतावनी एवं हिदायत दी गई। एसीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि बंगाली क्लीनिक को बंद कराकर उसकी चाबी रख ली गई है। साथ ही गुणवत्ता में खरे नहीं उतरने वाले सभी मेडिकल एवं क्लीनिक संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह तीन दिन के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल के कार्यालय में तमाम पत्रावली एवं रजिस्ट्रेशन के साथ उपस्थित हो, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


घायल श्रमिक का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### रिसॉर्ट में वेल्डिंग के दौरान करंट से श्रमिक झुलसा

**रामनगर :** ग्राम छोई क्षेत्र में एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट में वेल्डिंग का काम कर रहा श्रमिक करंट की चपेट में आ गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। रामनगर के खताड़ी क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय वसीम पुत्र मोहम्मद हसीन वेल्डिंग का काम करता है। मंगलवार सुबह वह छोई क्षेत्र में निर्माणाधीन रिसॉर्ट में वेल्डिंग का काम कर रहा था। इस दौरान जब वह एक पाइप को वेल्ड कर रहा था, तभी पाइप गलती से एक करंट वाली जाली से टकरा गया। इस टकराव के साथ ही वसीम को तेज करंट लगा, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने बिना देर किए वसीम को अस्पताल पहुंचाया। रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय में उसे प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई और तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. तौहीद ने बताया कि वसीम को करंट उसके सीधे हाथ में लगा है। उसके घुटने का कुछ हिस्सा भी झुलसा है।

### स्ट्रीट लाइटें हो रहीं चोरी

**रामनगर :** कॉर्बेट सिटी रामनगर में स्ट्रीट लाइट चोरी करने वाला गैंग सक्रिय है। कई क्षेत्रों से नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट चोरी हो रही है। नागरिक ने स्ट्रीट लाइट चोरी करने वालों को पकड़ने की मांग की है। आंधी तूफान के दौरान विद्युत गुल होने पर अज्ञात चोर स्ट्रीट लाइट चोरी करके ले जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग कॉलोनी आमडंडा से भी स्ट्रीट लाइट चोरी हुई है। नगर पालिका के विद्युत प्रभारी लल्ला मियां ने नागरिकों से कहा है कि नगर पालिका के पथ प्रकाश व्यवस्था स्ट्रीट लाइट पर नजर रखें, यदि कोई चोरी कर ले जा रहा है तो उसको पकड़कर पुलिस व पालिका को सूचित करें।

### मलबा निस्तारण करने का उठाया गया मुद्दा

**भीमताल :** भीमताल के वार्ड संख्या 6 के बाईपास मार्ग कुंआताल क्षेत्र में जॉन्स स्टेट में एक बड़ा हिस्सा भूस्खलन की चपेट में है। मलबा निस्तारण करने की मांग को लेकर सभासद बंटी आर्य ने नगर पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा को ज्ञापन दिया है। बताया कि विशन राम के आवास के ऊपर लगातार मार्ग से मलबा आ रहा है। जिसके चलते उसके घर के अंदर भी मलबा पहुंच गया है।

# अभाविप ने कॉलेज प्राचार्य के विरुद्ध खोला मोर्चा, हंगामा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** महाविद्यालय में मंगलवार को उस वक्त हंगामा हो गया, जब परिसर में शराब की खाली बोतलें मिलने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। छात्र नेताओं और प्राचार्य के बीच तीखी नोकझोंक देर तक चलती रही।


महाविद्यालय में शिक्षकों के सामने धरने पर बैठे छात्र नेता। ● अमृत विचार

परिषद कार्यकर्ता नितेश शर्मा के नेतृत्व में कुछ छात्र महाविद्यालय परिसर में शराब की खाली बोतलें मिलने की शिकायत लेकर प्राचार्य के पास पहुंचे थे। आरोप है कि प्राचार्य ने न सिर्फ उनकी बातों को अनसुना किया बल्कि उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। गुस्साए छात्रों ने प्राचार्य के कार्यालय में ही नारेबाजी शुरू कर दी और धरने पर बैठ गए। पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेने की कोशिश की, लेकिन छात्र नहीं माने। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मोहन चंद पांडे ने बताया कि महाविद्यालय में इस समय परीक्षाएं चल रही हैं। उन्होंने गार्ड को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी को भी कार्यालय के भीतर न आने दिया जाए। प्राचार्य के अनुसार, छात्र जबरन नारेबाजी करते हुए उनके कार्यालय तक पहुंचे और भीतर घुस गए। आरोप लगाया कि छात्रों ने उनके ऊपर शराब की खाली बोतल फेंकी और कार्यालय में कूड़ा भी डाला। बताया कि जिन शराब की बोतलों को छात्र दिखा रहे थे, वे न तो किसी क्लासरूम और न ही किसी कार्यालय से बरामद हुई हैं। मामले की जानकारी कुलपति और उच्च अधिकारियों को दी जाएगी। एसडीएम प्रमोद कुमार भी मौके पर पहुंचे। बाद में मामला शांत होता दिखाई दिया।

### कुर्बानी की फोटो सोशल मीडिया में न करें वायरल: एसडीएम

**रामनगर :** बकरा ईद पर्व को लेकर मंगलवार शाम को कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक में हुई। इसमें एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ सुमित पांडे, कोतवाल अरुण कुमार सैनी के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम आदि ने भागीदारी की। एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि कुर्बानी नियम के तहत की जाए और जानवरों के अवशेष नालियों एवं नहरो में ना फेंक जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी की फोटो कोई भी सोशल मीडिया पर वायरल नहीं करेगा। बैठक में जामा मस्जिद प्रशासक शकील खान, प्रभारी सफाई निरीक्षक लल्ला मियां, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, तनुज दुर्गापाल, सोनू करीम, ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष बाबर खान आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# लाइनमैन की मौत पर गुस्साए ग्रामीण, अधिकारियों का घेराव

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचारः** करंट लगने से लाइनमैन सुनील सिंह दानू की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने विद्युत सब स्टेशन में विभागीय अधिकारियों का घेराव किया। पुलिस की मौजूदगी में विभागीय अधिकारियों से लंबी वार्ता के दौरान 13 लाख रुपए मृतक आश्रितों को देने पर सहमति बनी। इसके बाद ही मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई।


अधिकारियों से वार्ता करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी संजय प्रसाद, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल व विभाग के ठेकेदार हरीश तिवारी के बीच चली लगभग दो घंटा बातचीत के दौरान सहमति बनी कि परिवार को कुल 13 लाख रुपए राशि देय होगी। साथ ही लाइनमैन की पत्नी को सब स्टेशन में ठेकेदारी श्रमिक के रूप में रखने पर भी सहमति बनी। इस दौरान मृतक के भाई करन दानू, भाभी कविता दानू, हरीश मेहरा, दीपक बिष्ट, कैलाश पांडे आदि मौजूद रहे।

# अभी तक आठ हजार घरों में लगा स्मार्ट विद्युत मीटर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं। विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अब तक 8,000 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। यह पहल कुल 90,000 उपभोक्ताओं को कवर करने के लक्ष्य के तहत की गई है, जिसमें जून 2026 तक शेष 82,000 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटर एक अत्याधुनिक डिजिटल उपकरण है, जो उपभोक्ता की बिजली खपत को रियल-टाइम में रिकॉर्ड करता है। यह तकनीक उपभोक्ताओं को न केवल उनकी खपत के प्रति जागरूक बनाती है, बल्कि उन्हें ऊर्जा बचत के लिए प्रेरित भी करती है। ग्रामीण क्षेत्र के ईई बेगराज सिंह का कहना है कि उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने में रुचि दिखा रहे है। स्मार्ट मीटर से बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। स्मार्ट मीटर लगने से बिजली की खपत, किस वक्त उपभोक्ता ज्यादा या कम बिजली खपत करता है। इसकी पूरी जानकारी बिजली विभाग के कार्यालय में कर्मचारी बैठे-बैठे ही पता कर सकेंगे। बिजली की खपत का रियल टाइम डाटा भी ऊर्जा निगम के पास उपलब्ध होगा।

**प्रेरणा** — रामनगर की कल्पना पंत व उनकी टीम उठा रहीं इन बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा, एक हादसे के बाद शुरू की गई थी यह मुहिम

# अनाथ व असहाय बच्चों के जीवन में कल्पना ने भरा रंग

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचारः** अनाथ व असहाय बच्चों की मदद करना नेक कार्य है। रामनगर की कल्पना पंत ने ऐसे ही कार्य को साकार कर अनाथ व असहाय बच्चों के जीवन में रंग भर दिया है। वह इन बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी वहन कर उन्हें शिक्षित करने के प्रयास में जुटी हैं। इस कार्य में उनकी टीम भी उनका साथ दे रही है।



कल्पना अपनी टीम के सदस्यों और बच्चों के साथ। ● अमृत विचार

कल्पना बैंगलोर में एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी कर रही हैं, लेकिन दिल अब भी पहाड़ के बच्चों के लिए धड़कता है। कल्पना और उनके पति रवि तिवारी ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर एक ऐसी मुहिम शुरू की है, जो हादसों में अनाथ हो चुके और असहाय बच्चों के लिए एक नई उम्मीद बनकर सामने आई है। कल्पना की इस प्रेरणादायक यात्रा की शुरुआत एक सवाल से हुई जब कोई बच्चा सड़क हादसे में मां-बाप को खो देता है। उन्होंने अपने पति रवि तिवारी और दोस्तों यामिनी पंत, खुशी बिष्ट, हर्षित पंत और रोहित पंत के साथ मिलकर एक नई राह चुनी। उन्होंने तय किया कि अब वे ऐसे अनाथ व आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा खुद उठाएंगे।

**12 बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठा रही है टीम :** एक साल के भीतर लगभग एक दर्जन बच्चे ऐसे हैं, जिनका स्कूल में एडमिशन करवाकर उनकी पूरी पढ़ाई का खर्चा कल्पना और उनकी टीम उठा रही है। इन बच्चों में कुछ ने अपने माता-पिता को सड़क हादसों में खोया है, तो कुछ ऐसे परिवारों से हैं जो आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को स्कूल भेजने में असमर्थ थे। कल्पना बताती हैं जब हम बच्चों को स्कूल भेजने लगे, तो उनकी पारिवारिक जरूरतों का ध्यान रखना भी जरूरी हो गया। ऐसे में हमने सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, जरूरत पड़ी तो राशन और अन्य सहायता भी दी।

### मरचूला बस हादसा बना टर्निंग प्वाइंट

इस मिशन की शुरुआत तब हुई जब कल्पना की टीम को जानकारी मिली कि अल्मोड़ा जिले के मरचूला क्षेत्र के कूपीबैंड में एक दर्दनाक बस हादसे में 36 लोगों की जान चली गई है। इस हादसे में कई बच्चे अनाथ हो गए थे, तो कई परिवारों के कमाने वाले सदस्य इस दुनिया से चले गए। कल्पना और उनकी टीम ने मौके पर जाकर ऐसे परिवारों की पहचान की और तीन बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली।

### अपनी माटी को नहीं भूली

कल्पना पंत फिलहाल बैंगलोर में रहती हैं। दो छोटे बच्चों की मां होने के बावजूद वह हर महीने अपने वेतन से एक हिस्सा समाजसेवा के लिए अलग रखती हैं। कल्पना का पैतृक घर रामनगर के जस्सागांजा क्षेत्र में हैं। विवाह के बाद अपने पति के साथ वह बैंगलोर शिफ्ट हो गईं। इसके बावजूद वह अपनी माटी को नहीं भूली है।

### विजडम विंग सोसाइटी संस्था बनाई

अपने प्रयासों को संस्थागत रूप देने के लिए कल्पना और उनकी टीम ने अब एक एनजीओ भी रजिस्टर किया है। विजडम विंग सोसाइटी संस्था का उद्देश्य ऐसे बच्चों की पहचान करना है, जो हादसों में अनाथ हुए हैं या बेहद आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

## सार-संक्षेप


प्राचार्य एनएस बनकोटी को ज्ञापन सौंपते एमबीपीजी के छात्र। ● अमृत विचार

### वुशू को विवि खेलों में शामिल करने की उठाई मांग

**हल्द्वानी :** कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी कॉलेज में मंगलवार को यतिन पांडे के नेतृत्व में छात्रों ने वुशू (मार्शल आर्ट) को विश्वविद्यालय खेलों में शामिल किए जाने की मांग को लेकर प्राचार्य एनएस बनकोटी को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता यतिन पांडे ने कहा कि वुशू खेल के प्रति प्रदेशभर के युवाओं में रुचि तेजी से बढ़ रही है। खासकर हल्द्वानी समेत कई जिलों में खिलाड़ी इस खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह न केवल प्रतिस्पर्धात्मक खेल है, बल्कि लड़कियों के आत्मरक्षा के लिए भी बहुत उपयोगी साबित हो रहा है। ऐसे में इस खेल को विश्वविद्यालय स्तर पर मान्यता दी जानी चाहिए ताकि छात्रों को आगे बढ़ने के अवसर मिलें और कॉलेज व विश्वविद्यालय का नाम भी राष्ट्रीय पटल पर रोशन हो। छात्रों ने यह भी बताया कि वे गुरुवार को स्वयं कुलपति से मुलाकात कर इस मांग को लेकर चर्चा करेंगे। ज्ञापन देने वालों में सूरज आर्य, रुद्रांश, गुरमीत सहित कई छात्र उपस्थित रहे।


शेरवुड कॉलेज के वार्षिकोत्सव में छात्रों के मॉडलों का निरीक्षण करते अतिथि।

### देश के विकास को लेकर बनाए आकर्षक मॉडल

**नैनीताल :** शेरवुड कॉलेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया है। मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र व असाम के विशेष मुख्य सचिव सैयदैन अब्बासी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के साथ उसके बचाव के सुझावों के आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। सौर ऊर्जा, पवन, जल विद्युत व यातायात में फ्यूल की जगह सोलर ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहन, साइकिलिंग को प्रोत्साहन जैसे उपायों के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। दूसरे चरण में अलीबाबा चालीस चोर की कहानी पर आधारित अंग्रेजी नाटक का मंचन किया गया। तरणताल में विद्यार्थियों ने स्वीम पास्ट का शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु, कॉलेज कैप्टन उत्कर्ष साह, एपी सिंह, हेम चंद्र पांडे, कवि अपूर्व सिंह, बासु साह, विशाल खन्ना, संदीप बिष्ट, रोहित जलाल, सुनील सिंह, राज कुमार, सचिन कुमार, कोच ए भंडारी, जैशमीन, ललिता आदि मौजूद रहे।

### राज्य के कॉन्ट्रैक्ट प्रशिक्षकों का कार्यकाल बढ़ा

**हल्द्वानी :** उत्तराखण्ड शासन ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कार्यरत अनुबंधित खेल प्रशिक्षकों को बड़ी राहत दी है। शासन ने इनके कार्यकाल को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 अप्रैल 2025 से 15 मार्च 2026 तक के लिए बढ़ा दिया है। इस संबंध में खेल निदेशालय, उत्तराखण्ड की संस्तुति पर निर्णय लेते हुए संबंधित आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय खेल हित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे प्रदेश में संचालित खेल गतिविधियों की निरंतरता बनी रहे और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण में किसी प्रकार की बाधा न आए। खेल विभाग ने सभी संबंधित जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रशिक्षकों की सेवाएं निरंतर बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें। शासन के इस निर्णय से प्रदेश में खेलों को बढ़ावा मिलेगा और खिलाड़ियों को लगातार मार्गदर्शन मिलता रहेगा।


पीआरडी जवानों को फायर फाइटिंग की जानकारी देते एफएसओ। ● अमृत विचार

### पीआरडी जवानों ने लिया फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण

**हल्द्वानी :** पुलिस और दमकल के साथ विपरीत परिस्थितियों में कंधे से कंधा मिलकर चलने के उद्देश्य से मंगलवार को पीआरडी जवानों को फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। मंडी स्थित फायर स्टेशन में एफएसओ के नेतृत्व में प्रांतीय रक्षा दल के जवानों एवं महिला कर्मियों को फायर फाइटिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग तथा विभिन्न प्रकार की आग को बुझाने की तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण में अग्निशमन उपकरणों का संचालन, हौज फैलाने व लपेटने की विधि और वनाग्नि से बचाव के उपायों पर व्यावहारिक दिया गया। कर्मचारियों ने इस प्रशिक्षण में पूर्ण उत्साह एवं लगन के साथ भाग लिया।


विश्व क्लब फुट दिवस के अवसर पर बच्चों और उनके परिजनों से मिलते प्राचार्य।

### बच्चों ने जताया डॉक्टर्स का आभार

**हल्द्वानी :** विश्व क्लब फुट दिवस के अवसर पर मंगलवार को पैरों की जन्मजात विकृति से ठीक हुए बच्चों व अभिभावकों ने 'थैंक्यू पोंसेटी थैंक्यू एसटीएम' बैनर के साथ प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी से मुलाकात की और डॉक्टर्स का आभार जताया। अस्थि रोग विभाग के डॉ. गणेश सिंह ने बताया कि विश्व क्लब फुट दिवस प्रत्येक वर्ष 3 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य क्लब फुट के बारे में जागरुकता बढ़ाना, पोंसेटी पद्धति के बारे में जानकारी देना है। क्लबफुट जन्मजात पैरों की विकृति होती है, जिसमें पैर अंदर मुड़े होते है। यह विकलांगता का प्रमुख कारण है, जिसे सही इलाज से ठीक किया जा सकता है। क्योर इंटरनेशनल संस्था के साथ मिलकर मेडिकल कॉलेज में क्लब फुट पर उत्कृष्ट काम हो रहा है। उन्होंने एसटीएच में संचालित क्लबफुट क्लीनिक के क्रियाकलापों व अनुभवों को साझा किया। इस दौरान डॉ. ईश्वर धर्मशक्तू, डॉ. तनुजा, आलोक उप्रेती मौजूद थे।

### कल पर्यावरण दिवस पर होगा समर कैंप का समापन

**हल्द्वानी :** जिला स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस (गुरुवार) को ध्यान में रखते हुए समर कैंप की अवधि बढ़ाकर अब इसे गुरुवार तक कर दिया गया है। इस दौरान जिले के सभी राजकीय स्कूलों में पौधरोपण, चित्रकला प्रतियोगिता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी मुख्य शिक्षाधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने खंड और उप शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि गुरुवार को समर कैंप के समापन अवसर पर सभी स्कूलों में स्थापित इको क्लब का अनिवार्य रूप से राज्य इको क्लब पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए। समर कैंप में इस वर्ष विशेष रूप से भाषा विकास गतिविधियों के साथ-साथ पर्यावरणीय चेतना का समावेश किया गया है। प्लास्टिक प्रदूषण का उन्मूलन थीम के अंतर्गत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाना है।

---

#### सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लोकगाथा, नृत्य-नाटिका और जागर के साथ ही दी भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र की अद्भुत प्रस्तुति

# जागर में जीवित हैं भगवान श्रीकृष्ण के रहस्य: पद्मश्री डॉ. बसंती

संवाददाता, हल्द्वानी



लोक गायिका पद्मश्री डॉ. बसंती बिष्ट को सम्मानित करते सिंथिया स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीन्द्र रौतेला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भगवान श्रीकृष्ण की लोकगाथा अलौकिक है, यह केवल लिखित नहीं बल्कि मौखिक परंपरा में रहस्यों से भरी हुई जीवंत धरोहर है। जागर के माध्यम से न केवल श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र को पीढ़ी दर पीढ़ी संजोया गया है, बल्कि यह लोक परंपरा समस्याओं के समाधान, सकारात्मक सोच और विकास का सशक्त माध्यम भी रही है। प्रख्यात जागर गायिका और पद्मश्री से सम्मानित विदुषी डॉ. बसंती बिष्ट ने मंगलवार को सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में इस लोकगाथा पर अपने विचार व्यक्त किए।

सिंथिया स्कूल में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और संगीत नाटक अकादमी के समर्थित कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड की मौखिक लोकगाथाओं में श्रीकृष्ण विषय पर व्याख्यान और जागर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। डॉ. बसंती बिष्ट ने नृत्य, नाटिका और गाथा गायन के जरिए भगवान श्रीकृष्ण के लोक स्वरूप को जीवंत किया।

कार्यक्रम में जागर गायन में रंजीत सिंह बिष्ट ने हुड़का, डॉ. हिमांशु ने ढोलक पर संगत दी। वहीं, लता कुंजवाल, लक्ष्मी देवी और हेमा बिष्ट ने भी सहयोग कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इससे पहले समारोह की शुरुआत पद्मश्री डॉ. बसंती बिष्ट, स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला, कॉमेडियन पवन पहाड़ी ने की। प्रधानाचार्य डॉ. रौतेला ने पद्मश्री डॉ. बसंती बिष्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लोक परंपरा को न केवल जीवित रखा है बल्कि उसे नए आयाम भी दिए हैं। आयोजन क्रिएटिव उत्तराखंड म्योर पहाड़ और सिंथिया स्कूल के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के अकेडमिक कोऑर्डिनेटर बीबी जोशी ने किया। डॉ. बसंती बिष्ट की यह सांस्कृतिक श्रृंखला इसके बाद पिथौरागढ़ और फिर 6 जून को डीडीहाट में आयोजित की जाएगी। इस दौरान क्रिएटिव उत्तराखंड म्योर पहाड़ के अध्यक्ष दयाल पांडे, प्रधुम्न बिष्ट, पवन पहाड़ी, ब्रिगेडियर धीरेश जोशी, एलडी पांडे, अमृता गिरीश, मनीषा जोशी, ऋचा कर्नाटक, त्रिभुवन जोशी, मुकेश कोहली, प्रियांशु भट्ट आदि मौजूद रहे।

---

# ओलम्पिक दिवस: हर जिला बनाए खेलों की कार्ययोजना

#### प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने तैयारी बैठक में दिए दिशा निर्देश


विश्व ओलंपिक दिवस की तैयारी को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करतीं खेल मंत्री रेखा आर्या।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** खेल मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में आगामी 23 जून को विश्व ओलम्पिक दिवस के आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में उत्तराखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मंत्री ने कहा कि ओलम्पिक दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर उत्तराखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है। प्रत्येक जनपद में किस तरह के खेलों का आयोजन किया जाएगा, इस पर अभी से कार्ययोजना बनायी जाए। उन्होंने अधिकारियों से खेलों को लेकर सभी तरह की व्यवस्थाओं के साथ मौसम की स्थिति को ध्यान में रखकर आयोजन के निर्देश दिए। मंत्री ने ओलम्पिक दिवस के अवसर पर प्रतिभाग करने वाले बच्चों के पंजीकरण, प्रदेश के राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को समापन समारोह में निमंत्रण देने के दिशा-निर्देश दिए। कहा कि, उक्त कार्यक्रम को राष्ट्रीय खेलों की तर्ज पर आयोजित किया जा सके जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री की उपस्थिति को लेकर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की। कहा कि जल्द ही विश्व ओलम्पिक दिवस के आयोजन के लिए दूसरी बैठक की जाएगी जिसमें आयोजन को लेकर अंतिम निर्णय लिये जायेंगे। मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विश्व ओलम्पिक दिवस के आयोजन ऐतिहासिक रूप दिया जाए। उद्देश्य प्रदेश की प्रत्येक पंचायतों के बच्चों, वृद्धजनों तक में खेलों के प्रति जनजागरुकता की अलख को जगाना है जिसके लिए विभाग तथा उत्तराखंड ओलम्पिक एसोसिएशन को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर महासचिव, उत्तराखंड ओलम्पिक एसोसिएशन, डीके सिंह, सचिव, उत्तराखंड ओलम्पिक एसोसिएशन चेतन गुरूंग, निदेशक खेल प्रशान्त आर्य तथा विभागीय अधिकारी रहे।

## हरदा की काफल पार्टी छह जून को

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सीएम हरीश रावत 6 जून को हल्द्वानी में थैंक्यू काफल पार्टी आयोजित करने जा रहे हैं। इस पार्टी में उनका प्रयास न केवल पर्वतीय संस्कृति और वन उत्पादों को सम्मान देने का है बल्कि स्थानीय आजीविका को भी रेखांकित करना है।

आगामी शुक्रवार को पीली कोठी स्थित एक बैंक्वेट हॉल में होने वाली इस पार्टी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूर्व सीएम रावत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर बताया कि पहले यह पार्टी 5 जून को प्रस्तावित थी, लेकिन कुछ राजनीतिक कारणों से इसे एक दिन आगे बढ़ाना पड़ा। उन्होंने लिखा कि दोस्तों, मैंने प्रकृति की अद्भुत देन काफल को थैंक्यू कहने के लिए हल्द्वानी चैप्टर के दोस्तों के साथ मिलकर यह आयोजन रखा है। इस बार देहरादून में काफल 600 रुपये प्रति किलो तक बिका और हजारों लोगों के लिए यह डेढ़-दो महीने की आजीविका का आधार बना। अब आगे बेड़ू की बारी है, लेकिन उससे पहले आइए 6 जून को थैंक्यू काफल कहें। अपने संदेश में रावत ने हल्द्वानीवासियों से अपील की है कि 6 जून को इस आयोजन में भाग लें।

## भगवानपुर में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित


प्रतिमा की स्थापना से पूर्व झांकी व कलश यात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भगवानपुर तल्ला में मंगलवार को हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा समारोह धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ आयोजित हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र में झांकी व भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।


मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा।

कलश यात्रा के उपरांत हनुमान जी की प्रतिमा को विधिवत मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया गया और प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न की गई। इस आयोजन में हरिप्रिया विहार भगवानपुर तल्ला वेलफेयर सोसाइटी की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में सोसाइटी के अध्यक्ष चन्द्र माहेन पाण्डे, उपाध्यक्ष प्रकाश बोहरा, सचिव शिवजय सिंह राठौर, पार्षद चन्द्र प्रकाश, नीमा पाठक, पुष्पा नेगी, कृपाल सिंह नेगी, आनन्द बल्लभ पाण्डे, विपिन पन्त और खीम सिंह मेहता उपस्थित रहे।

---

## पंचायत चुनाव : भाजपा ने शुरू किया दावेदारों का सर्वे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। अभी उम्मीदवारों को लेकर सर्वे हो रहा है। पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद ही कार्यकर्ताओं से रायशुमारी होगी और अंतिम निर्णय हाईकमान स्तर पर लिया जाएगा। **-प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा

**अमृत विचार :** भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कमर कस ली है। पंचायत चुनाव में उम्मीदवारों के लिए कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलना शुरू कर दिया है इसी के साथ ही गोपनीय सर्वे भी शुरू हो गया है। जिसमें दावेदारों की दावेदारी की हकीकत देखी जा रही है।

राज्य में कभी भी पंचायत चुनाव का बिगुल फुंक सकता है, ऐसे में भाजपा निकाय चुनाव की तरह इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है इसलिए अभी से ही तैयारियां शुरू कर ली हैं। सूत्रों की मानें तो भाजपा समर्थित ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्यों के दावेदारों की क्षेत्र में भूमिका व सक्रियता, उनकी स्थिति आदि को लेकर सर्वे शुरू कर दिया गया है।

इन दावेदारों को लेकर अंदरुनी कलह नहीं हो इसके लिए गुपचुप ढंग से कार्यकर्ताओं की भी नब्ज टटोली जा रही है। सबसे ज्यादा फोकस उन क्षेत्रों पर जहां भाजपा के साथ ही अन्य दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले दावेदारों की भी परख की जा रही है। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को भी कमर कस लेने का आह्वान किया गया है। नए मतदाताओं को जोड़ने, पुराने मतदाताओं से संवाद, गैर भाजपाई क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने को कहा गया है।

## परिणाम में गिरावट पर जवाबदेही तय

**हल्द्वानी:** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणाम में अब शिक्षकों की जवाबदेही तय होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल सती ने बीते 19 अप्रैल को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम के आधार पर खराब प्रदर्शन वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं।

डॉ. सती ने सभह जिलों के सीईओ को पत्र भेज हाईस्कूल में 90.77% और इंटर में 83.23% परिणाम को ध्यान में रख औसत से कम प्रदर्शन वाले स्कूलों के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की पहचान कर कार्रवाई करने को कहा है। इधर, राजकीय शिक्षक संघ ने निर्णय का कड़ा विरोध किया है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राम सिंह चौहान और महामंत्री रमेश पैन्युली ने इसे शिक्षकों का सीधा उत्पीड़न बताया है। उनका कहना है कि विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है और ऐसी स्थिति में केवल शिक्षकों को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा।

## मैच में दिखा खिलाड़ियों का दमखम

संवाददाता, हल्द्वानी


हल्द्वानी में आयोजित अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग मैच में शामिल खिलाड़ी।

**अमृत विचार:** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कराई जा रही अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग का पहला मुकाबला मंगलवार को जीएनजी क्रिकेट एरिना में जीएनजी और एकलव्य क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जीएनजी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 236 रन बनाए। टीम के लिए हर्षित पडियार ने 55, इशांत ने 53 और शिवांश कांडपाल ने 33 रनों का योगदान दिया। एकलव्य क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज ओम ऐठानी ने 2 और पंकज भट्ट ने 2 विकेट लिये। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकलव्य क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 21वें ओवर में 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 156 रनों से मैच हार गई। जीएनजी के गेंदबाज वैभव नेगी ने 5, हर्षित पडियार ने 3 और ऋषभ सिंह राठौर ने 2 विकेट लिए। इस मैच में वैभव नेगी मैन ऑफ़ द मैच रहे।

दूसरा मैच में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 309 रन बनाएं। पीछा करने उतरी एचसीसी की पूरी टीम 26वें ओवर में 43 रन में ही ऑल आउट हो गयी और 266 रनों से मैच हार गयी। वहीं तीसरा मुकाबला कॉर्बेट ग्राउंड चकलवा में डीके स्पोर्ट्स और वेंडी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। डीके स्पोर्ट्स ने 50 ओवरों में 368 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेंडी क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 38वें ओवर में 78 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 290 रनों से मैच हार गयी। मंगलवार को मैचों के अंपायर, हिमांशु चतुर्वेदी, विनय जोशी, गौरव नेगी, नरू कन्याल, भूपेंद्र सिंह, सत्यम पटेल जबकि स्कोर हरप्रीत सिंह, नीरज पनेरु और राहुल बोरा रहे।

---

**जन सुनवाई** मंगलवार को उप जिलाधिकारी राहुल साह की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित, 22 से अधिक शिकायतें की गईं दर्ज

# तहसील दिवस में पूर्ति विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें


कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


तहसील दिवस में एसडीएम को समस्याएं बताते इंदिरा नगर क्षेत्र के लोग।

**अमृत विचार :** तहसील दिवस में पेंशन, सड़क, सफाई, बिजली के कनेक्शन संबंधी 22 से अधिक शिकायतें मिलीं। इनमें अधिकांश का मौके पर ही समाधान हुआ जबकि कई को संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया गया।

मंगलवार को तहसील में एसडीएम राहुल साह की अध्यक्षता में तहसील दिवस लगाया गया। इसमें नगर निगम की साफ-सफाई व स्ट्रीट लाइट्स संबंधी पांच, राशन कार्ड नहीं बनने की पूर्ति विभाग की नौ, बिजली विभाग की दो, जल संस्थान की पेयजल लाइन में दिक्कत की तीन, सड़कें खोदकर गड्ढा नहीं भरने समेत एडीबी की दो, श्रम विभाग की चार समेत 25 शिकायतें मिलीं। वहीं, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने चार सूत्रीय समस्याओं जिनमें राजेन्द्र नगर में सीवर लाईन बिछाने, स्वास्थ्य शिविर लगाने आदि को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल ने ज्ञापन सौंपकर सड़कों के गड्ढे भरान कर मरम्मत, पैचवर्क आदि की मांग की। इस दौरान शिवम ठाकुर, रोहित दिवाकर, लक्ष्मी नारायण, इरि गुप्ता, लक्ष्मी देवी, विकास चौहान आदि मौजूद रहे।

### बंदरों के आतंक से दिलाएं निजात


तहसील दिवस में समस्या दर्ज करातीं महिलाएं।

**कालाढूंगी :** तहसील दिवस में तहसीलदार नरेंद्र गहतोडी ने जनता की समस्याएं सुनीं। मंगलवार को तहसील दिवस पर पांच फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। भाजपा नेता तारा पांडे ने क्षेत्र में बंदर के आंतक से निजात दिलाने व जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर फेसिंग लगाने की मांग की। गुलजापुरबंकी से पहुंची गीता देवी, पार्वती देवी, गीता मेहरा, ललीता देवी व ममता देवी ने बताया कि क्षेत्र की दबंग महिला ने 30 से अधिक परिवारों को घर के पास सरकारी जमीन में रास्ता रोका दिया है। तहसीलदार ने पटवारी को बुलाकर रास्ते को चिन्हित कर रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिय। विनोद कुमार कोठारी ने राशन कार्ड में नाम सुधार, नारायण दत्त ने 100 सीसी मार्ग, सत्यनारायण ने छपान हुए पेड़ को कटाने की मांग की। तहसीलदार ने समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जल संस्थान के हरीश पंत, ब्लॉक खेल अधिकारी डीएन कांडपाल, खाद अधिकारी राजेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

## वाहनों का भौतिकीय निरीक्षण के निर्देश

**हल्द्वानी:** शहर के ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के साथ ही रुद्रपुर और टनकपुर के एटीएस में टैक्सी बाइक, ट्रॉली और निर्माण उपस्कर यान की फिटनेस नहीं की जा रही है, जिससे वाहन स्वामियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों की फिटनेस नहीं होने से सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भी गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन बिपिन कुमार सिंह ने संभाग के अंतर्गत सभी एटीएस के प्रबंधकों को पत्र भेजा है। उन्होंने सभी प्रबंधकों को एटीएस के पोर्टल के माध्यम से शुल्क जमा कर वाहनों का भौतिकीय निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट आरटीओ कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। ताकि वाहनों का फिटनेस विवरण वाहन 4.0 सॉफ्टवेयर में अपलोड कर वाहन स्वामी को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किया जा सके।

## एक नजर

### घर से निकली नाबालिग हुई लापता


**काशीपुर :** घर से बिना बताए एक किशोरी लापता हो गई। पिता की तहरीर पर कुंडा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम मिस्सरवाला निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीती 20 मई की सुबह करीब 7 बजे जब वह सोकर उठा, तो देखा कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं थी। वह बिना बताए कहीं चली गई। बताया कि उसने पुत्री को हर संभावित स्थानों व रिश्तेदारी में ढूंढा लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर नाबालिग किशोरी की तलाश शुरू की है।

### पर्स छीनकर भाग रहे युवक को पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** एक महिला का पर्स छीनकर भाग रहे एक बाइक सवार युवक को गार्डों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को दी तहरीर में लखीमपुर खीरी निवासी नीतू माथुर पत्नी आलोक कुमार माथुर ने बताया कि वह स्टेडियम के पास अपने मायके आई थी। सोमवार की शाम करीब 4.40 बजे वह मानपुर रोड स्थित अपनी छोटी बहन के घर से अपने मायके वापस जा रही थी। तभी पीछे से आया एक बाइक सवार युवक उसका पर्स छीनकर भाग गया। आसपास के लोगों व उसके भाई ने चोर का पीछा किया, तो वह एक रिसॉर्ट में घुस गया। जहां दो गार्डों ने उसे पकड़ लिया।

# क्रेन चालक ने फांसी लगाकर दी जान

## परिवार सहित गाजियाबाद जाने की योजना बनाई थी, परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल



संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में अधेड़ व्यक्ति ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करते हुए घटना की जांच प्रारंभ कर दी है।

मूल रूप से पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम भंगा निवासी 50 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ पुलभट्टा कॉलोनी में किराए पर कमरा लेकर निवास कर रहा था। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र सिंह क्रेन का चालक था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह द्वारा सोमवार की रात को पत्नी सुमन तथा अन्य परिजनों से वार्ता करते हुए मंगलवार की सुबह किसी काम से परिवार सहित गाजियाबाद जाने की योजना बनाई गई थी। योजना के तहत मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे परिवार के सदस्यगण टैक्सी से गाजियाबाद जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान धर्मेंद्र सिंह ने घर के कमरे में पहुंच कर अचानक फांसी लगा ली। फांसी लगाए जाने की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर युवा समाजसेवी विपिन शर्मा भी मौके पर पहुंच गए और परिजनों की मदद से धर्मेंद्र सिंह को तुरंत उपचार के लिए गंभीर अवस्था में नगर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने जांच के उपरांत करीब 50 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। धर्मेंद्र की मौत के बाद परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक धर्मेंद्र सिंह की एक पुत्री का विवाह गाजियाबाद में हुआ है तथा विगत दिनों पुत्री की डिलीवरी होने के कारण देखभाल करने के लिए मृतक ने छोटी पुत्री को गाजियाबाद भेजा था।

मंगलवार को धर्मेंद्र ने अपने परिवार के साथ गाजियाबाद जाने की योजना बनाई थी, लेकिन इसी बीच संदिग्ध परिस्थितियों में धर्मेंद्र ठाकुर की मौत होने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया है। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की शाम धर्मेंद्र सिंह का शव उसके गांव पहुंचने पर पूरा माहौल गमगीन हो गया। ग्राम स्थित शमशान घाट पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। धर्मेंद्र क्रेन चलाकर ही परिवार का भरण पोषण करता था। अब अचानक उसकी मौत के बाद परिवार वालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। लोगों द्वारा पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया जा रहा है। मंगलवार को मौत के बाद घर पर बड़ी संख्या में लोगों का तांता लगा रहा। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार रही है।

### ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग विवाहिता ने लगाई फांसी

**सितारगंज :** ग्राम गोविन्दनगर शक्तिफार्म निवासी ज्योति सरकार पत्नी सचिन सरकार ने ससुरालियों द्वारा लगातार मारपीट व दहेज उत्पीड़न से तंग आकर बीती रात 2-3 जून 2025 के मध्य फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़िता के पिता समीर मलिक निवासी ग्राम नगरिया खुर्दकला, थाना माधोटांडा, जनपद पीलीभीत (उ.प्र.) ने प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री के ससुर सतीश सरकार, सास नमिता सरकार, देवर शम्भू व सरजीत सरकार तथा ननद सीमा सरकार ने मिलकर दहेज की मांग को लेकर पहले ज्योति को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और फिर योजनाबद्ध तरीके से उसकी हत्या कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री पहले भी 14 अप्रैल को मारपीट के बाद बेटे इशान के साथ मायके आ गई थी और काफी डरी हुई थी, लेकिन समझाने पर उसे ससुराल वापस भेजा गया। पिता ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# मजदूरी के पैसों को लेकर किया हमला

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** मजदूरी के पैसों को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस एक पक्ष के 6-7 युवकों ने घर पर धावा बोलकर हमला कर दिया। घटना में महिला व युवती समेत पांच लोगों के चोटें आई हैं। इनमें से तीन को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पहाड़पुर नमूना निवासी परमजीत कौर पत्नी पप्पू सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे बॉबी ने ग्राम भट्टपुरी निवासी एक व्यक्ति के यहां मजूदरी का कार्य किया था। दो जून की सायं बेटा पैसे मांगने गया तो आरोपी उसे रास्ते में ही पकौड़ी की दुकान पर मिल गया। आरोप है कि उसने बेटे को पैसे देने से साफ इंकार करते हुए वहां से भगा दिया। कुछ देर बाद आरोपी अपने 6-7 अन्य साथियों के साथ लाठी-डंडों एवं धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर आ धमका और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पर पड़ोसी मंजीत कौर पत्नी भोला सिंह, रवि पुत्र भोला सिंह, बिट्टू पुत्र टहल सिंह एवं गीता पुत्री भोला सिंह के साथ भी मारपीट की गई। वहीं घायलों में से तीन को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इस मामले में मंजीत कौर की ओर से भी हमलावरों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। वहीं मारपीट की यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है। खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।



बाजपुर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे एक पक्ष के घायल।

### आपसी बात को लेकर पड़ोसियों में मारपीट

**बाजपुर :** ग्राम रामजीवनपुर में आपसी बात को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया जिनमें बात बढ़ी तो मारपीट शुरू हो गई और जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में दोनों पक्षों के सात महिला-पुरुष घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीरें देकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए हैं। ग्राम रामजीवनपुर में गीता देवी पत्नी सोनू व सोमवती पत्नी महिपाल के आवास आसपास हैं। सोमवार की देर रात दोनों परिवारों के बीच में आपसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी और जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में दोनों पक्षों के गीता पत्नी सोनू, सोमवती पत्नी महिपाल, पवन पुत्र महिपाल, सुरेश पुत्र रामपाल, अक्षय पुत्र सुरेश एवं तारा पत्नी सुरेश आदि घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से चार अलग-अलग तहरीरें देकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जिसमें दो तहरीरें गीता व सोमवती के परिवारों में बीचबचाव करने वाले पड़ोसियों ने दी हैं। वहीं खबर लिखे जाने तक किसी की भी तरफ से प्राथमिक पंजीकृत नहीं हुई थी।

# ग्राम महेशपुरा में घर में लगी आग, तीन लाख का नुकसान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम महेशपुरा में अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। घर के अंदर रखे परमल-सेब आदि सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। अग्निकांड में करीब तीन लाख रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है।

विकासखंड में पुलिस चौकी दोराहा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-74 स्थित ग्राम महेशपुरा में मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे भगवानदास के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। परिजनों ने किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि भगवानदास का परिवार सेब-परमल बेचने का काम करते हैं, जिसके चलते आग में घर के अंदर रखे सेब-परमल, नमकीन, दाल, राशन, कपड़े, तेल आदि घरेलू सामान, अनाज आदि सबकुछ जलकर राख हो गया। अग्निकांड में करीब तीन लाख रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है। समाजसेवी लीलाधर सैनी ने स्थानीय राजस्व प्रशासन से घटना स्थल का मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के निर्देशों पर उनके प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार का हाल-चाल जाना और उपजिलाधिकारी को फोन करके सहायता प्रदान करने को कहा।



ग्राम महेशपुरा में पीड़ित परिवार से जानकारी हासिल करते अभिषेक तिवारी।

# मकान की दूसरी मंजिल में धधकी आग, सामान राख

- आवास विकास इलाके की है घटना, दो युवकों ने दिखाया साहस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आवास विकास चौकी स्थित एक मकान में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब एक तिमंजिले मकान की दूसरी मंजिल से धुआं व आग की लपटें निकलने लगीं। देखते ही देखते आग ने घर के अंदर रखा सारा सामान स्वाहा कर दिया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही दो युवकों की बहादुरी से अग्निकांड का बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

मूल रूप से बागेश्वर निवासी ज्योति कनवाल आवास विकास स्थित रिंग रोड पर दोमंजिला मकान में किराए पर रहती है। मंगलवार की सुबह वह रोजमर्रा की भांति ड्यूटी पर गई थी और कमरे में ताला लगा दिया था। दोपहर 12 बजे के करीब अचानक कमरे से धुआं व आग की लपटें निकलने लगीं। कमरे से धुआं निकलता देख आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जब दरवाजा तोड़ा तो आग की लपटें आसमान छूने लगीं।

यह देखकर वहां खड़े युवक अंकुर तिवारी और कबीर नारंग सीजफायर लेकर दौड़े और आग बुझाने की कोशिश की। इस बीच किसी ने दमकल कर्मियों को आग लगने की सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ी पहुंचती उससे पहले ही आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन अग्निकांड में सारा सामान जल कर स्वाहा हो गया। बताया जा रहा है कि अग्निकांड में दो लाख के करीब का सामान जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग के अधिकारियों के कहना है कि आग किस कारण से लगी इसका पता लगाया जा रहा है।



मकान की दूसरी मंजिल पर लगी आग को बुझाने की कोशिश करता युवक।





बाजपुर में गत्ते से लदे कंटेनर में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### कंटेनर में लदे गत्ते में आग लगी

**बाजपुर :** अज्ञात कारणों से एक पेपर मिल के बाहर खड़े कंटेनर में लदे गत्ते में आग लग गई, जिससे वहां हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया और किसी तरह आग पर काबू पाया गया। मंगलवार की प्रातः बेरिया रोड स्थित प्रकाश पेपर मिल के पास खड़े गत्ते से लदे कंटेनर से धुआं आ रहा था और कुछ ही देर में आग की पलटें उठने लगीं। सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं फायर सर्विस कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और कंटेनर को पेपर मिल से हटाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया। इसके पश्चात दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। कंटेनर चालक बरेली निवासी सतीश ने बताया कि वह लखनऊ से वाहन में गत्ता भरकर प्रकाश पेपर मिल बाजपुर आया था और रात में गाड़ी खड़ी करके सो गया। सुबह उठने पर गाड़ी के अंदर से धुआं निकल रहा था।

# शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सामाजिक संस्था रुद्रपुर सांस्कृतिक मंच की ओर से पांच मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसका शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाया और प्रमाण देकर सम्मानित किया। शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया।

मंगलवार को रक्तदान के दौरान महापौर शर्मा ने जरूरतमंदों की सहायता के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करने पर रुद्रपुर सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष अमित बांगा, महामंत्री मोहित बत्रा और कोषाध्यक्ष रितेश मनोचा सहित पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध हो जाए। आपका एक यूनिट ब्लड किसी दुर्घटना या अन्य आपातकालीन स्थिति में किसी की जान बचा सकता है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान करना महापुण्य का काम है। इसके माध्यम से हम ऐसे न जाने कितने अपरिचित लोगों की भी जान बचा सकते हैं जिनसे हमारा कोई नाता नहीं होता है। एक सभ्य और जागरूक समाज में रक्तदान की प्रथा सकारात्मक विश्वास पैदा करती है। इस अवसर पर केवल कृष्ण बत्रा, सुधांशु गावा, पार्षद चिराग कालरा, आशीष चानना, राजेश कामरा, सोनू चावला, जतिन नागपाल, सोनू खुराना, सिद्धार्थ सरदाना, निखिल चंडोक, राकेश सुखीजा आदि मौजूद रहे।



शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

### 4.82 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुरः** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.82 ग्राम स्मैक बरामद की है। आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया गया है। मंगलवार सुबह कटोराताल चौकी इंचार्ज विपुल चन्द्र जोशी, कांस्टेबल प्रेम कनवाल व महेंद्र देवड़ी ने गश्त के दौरान नौगजा मजार की पुलिया के पास एक संदिग्ध को शक के आधार पर पूछताछ के लिए रोका। तो वह मजार की तरफ भागने लगा। टीम ने उसे पकड़कर उसकी तलाशी ली, तो उसकी जेब से 4.82 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रतुपुरा, नाहरवाला थाना ठाकुरद्वारा निवासी मनोज कुमार बताया। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है।

# गैबिया नाले की तलीझाड़ सफाई शुरू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम ने बरसात से पूर्व गैबिया नाले की सफाई का काम शुरू कर दिया है। जेसीबी और पोकलैंड की सहायता से नाले की तलीझाड़ सफाई की जा रही है।

गैबिया नाला एसआरएफ फैक्ट्री की ओर से गड्ढा कॉलोनी मानपुर रोड, प्रभु विहार कॉलोनी होता हुआ अनेक कॉलोनियों के बीच से होकर गंगे बाबा तक जाता है। इस नाले की सफाई की मांग तो लोगों ने बहुत उठाई, लेकिन कभी किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसकी सफाई की ओर ध्यान ही नहीं दिया। आज इस नाले पर अतिक्रमण भी हो चुका है और बड़े-बड़े पेड़ भी उग आए हैं, जो इस बात का उदाहरण है कि जनता की इस मांग की जमकर उपेक्षा हुई। अतिक्रमण के चलते कई जगह तो यह नाला नाली जैसा दिखाई देता है। इसके इर्द-गिर्द बसी कॉलोनियों में बरसात के दिनों में लोगों के घरों में कई-कई फुट पानी भर जाता है और जहरीले सांप व अन्य जहरीले जीव जंतु उनके घर में डेरा डाल लेते हैं। लोगों का तमाम घरेलू सामान खराब हो जाता है और उन्हें अपने घरों की ऊपरी मंजिल पर आसरा लेना पड़ता था। दो जून से जेसीबी और पोकलेन से नाले की युद्ध स्तर पर सफाई शुरू हो गई है। महापौर बाली ने बताया कि 15 दिन के भीतर इस पूरे नाले की सफाई कर दी जाएगी। जिससे आने वाली बरसात से लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।





काशीपुर में गैबिया नाले की सफाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

**दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड**
प्रधान कार्यालय- कूर्मांचल भवन, तल्लीताल, नैनीताल, उत्तराखंड- 263002

**सार्वजनिक सूचना**

हमारे समस्त सम्मानित लॉकर धारकों एवं ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि बैंक अपनी वर्तमान सितारगंज रोड खटीमा शाखा को कंजाबाग चौराहा सितारगंज रोड़ खटीमा में स्थानान्तरित कर रहा है अतः शाखा के समस्त लाकर धारकों से अनुरोध है कि यदि उन्हें लॉकर स्थानान्तरण के दौरान अपने लॉकर में रखें किसी सामान की टूट फूट या खराब होने का अंदेशा है तो वह दिनांक 13-06-2025 तक लॉकर खाली कर सकते हैं जिससे लॉकर यूनिटों को सुविधा जनक रूप से नये भवन में स्थानान्तरित किया जा सके। यदि लॉकर धारक उक्त तिथि तक लॉकर खाली नहीं करते हैं तो, बैंक लॉकर यूनिटों को लॉकर धारक की जिम्मेदारी पर नये भवन में स्थानान्तरित कर देगा स्थानान्तरण के पश्चात लॉकर सुविधा नये शाखा भवन में भी यथावत उपलब्ध रहेगी।

दिनांक- 03/06/2025

शाखा प्रबन्धक
दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड
सितारगंज रोड निकट कोतवाली खटीमा

### करमजीत हादसा प्रकरण में कार चालक पर मुकदमा

**रुद्रपुर :** 30 मई को करमजीत सड़क हादसा मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक का मोबाइल नीचे गिर गया था। जब वह उठाने के लिए नीचे झुका ही था कि कार ने युवक को रौंद डाला। पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है। गांव विजयनगर दिनेशपुर निवासी करनैल सिंह ने बताया कि 30 मई को उसका बेटा बुलेट बाइक से साढ़े 8 बजे ट्रेक्टर एजेंसी के समीप पहुंचा था। तभी बेटे का मोबाइल नीचे गिर गया और फोन उठाने नीचे झुका ही था कि तेज रफ्तार कार संख्या यूके 06 बीजे-2106 ने टक्कर मार दी और युवक खून से लथपथ सड़क पर गिर गया। आनन फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मौसम का मिजाज** | 12 से 15 जून तक पहुंचने की उम्मीद, 8 जून तक पहुंचेगा प्री-मानसून, ला नीना के प्रभाव को बताया बारिश का कारण

# उत्तराखंड में इस बार 15 दिन पहले दस्तक देगा मानसून

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में इस बार मानसून 15 दिन पहले यानी 12 से 15 जून तक पहुंचने की उम्मीद है। जबकि पिछले साल मानसून तक उत्तराखंड में जून के अंत में दस्तक दी थी। मौसम वैज्ञानिकों ने इस बार इसका कारण ला नीना को बताया है। उन्होंने बताया कि ला नीना के प्रभाव से बारिश अच्छी होने की संभावना है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने 7-8 जून तक उत्तराखंड में प्री मानसून के पहुंचने की भी संभावना जताई है।

यहां बता दें कि तराई में अक्टूबर और नवंबर माह में बारिश नहीं होने से सूखे जैसी स्थिति रही, जबकि दोनों माह में औसत बारिश 10 मिलीमीटर तक होती है। दिसंबर में मात्र 8 मिलीमीटर बारिश हुई है। जनवरी में मात्र 3 मिलीमीटर तक बारिश हुई है। फरवरी औसत बारिश से कम यानी 12.7 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं इस बार मई में अब तक 85 मिलीमीटर तक बारिश हो चुकी है। जबकि मई में औसतन 25 से 30 मिलीमीटर तक होती है।

जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 26 से 29 मई तक अरब सागर में बना चक्रवाती तूफान और बंगाल की खाड़ी से आये पूर्वी विक्षोभ के चलते बारिश हुई है। अब ला नीना के प्रभाव से इस बार मानसून समय से 15 दिन पूर्व उत्तराखंड में दस्तक दे रहा है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष उत्तराखंड में मानसून जून माह के अंत में आया था। वहीं इस बार प्री मानसून भी 7 से 8 जून तक पहुंचने की उम्मीद है।



रुद्रपुर में हुई बारिश के बीच जाते लोग। ● अमृत विचार

### बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत

**रुद्रपुर :** तराई में बारिश के बाद में पिछले कई दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। वहीं देर सायं हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने बुधवार को भी कई स्थानों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। मंगलवार को सुबह से तराई में आसमान में बादल लगे हुए थे। देर सायं को बादलों की गरज के साथ हल्की बारिश होनी शुरू हो गयी। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्रा 34 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पश्चिम से 5.8 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

## एक नजर

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**सितारगंज :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंजीत फार्म कठंगरी में दो पक्षों के बीच आपसी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट व जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। एक पक्ष से जसवंत सिंह ने आरोप लगाया कि 28 मई 2025 को दलवीर सिंह, जगवन्त सिंह और हरप्रीत सिंह ने मिलकर उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और दलवीर सिंह ने लाइसेंसी रिवाल्वर से जानलेवा हमला किया। वहीं दूसरे पक्ष से जगवन्त सिंह ने 26 मई और 28 मई की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उसका भाई जसवंत सिंह उर्फ जस्सा राइफल और डंडे से हमला कर चुका है, उसे और उसके पुत्र को मारने की कोशिश की गई, और गांव में पंचायत के बावजूद धमकियां दी जा रही हैं। आरोप है कि जसवंत सिंह ने असलहे के साथ उसका पीछा किया और गांव में बदमाश किस्म के लोगों को पनाह दी हुई है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना सितारगंज में रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# घर में घुसकर मां-बेटे पर जानलेवा हमला

- छज्जा बाहर निकालने को लेकर हुआ विवाद, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके के मलसा गिरधरपुर में दबंगों की दबंगई का आलम यह है कि घर में घुसकर मां-बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया और कार को भी क्षतिग्रस्त कर डाला। जान से मारने की धमकी देने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मलसा गिरधरपुर निवासी अंकुर बागा ने बताया कि उनका पड़ोसी हरविंदर सिंह व गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी गुंडई के बल पर मकान का छज्जा सड़क की तरफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। छज्जा ज्यादा बाहर होने के कारण काफी दिक्कतें भी बढ़ रही हैं। जब उसके पिता ने भजनलाल बांगा को समझाने की कोशिश की तो आरोपी रंजिश रखने लगे। एक जून की रात्रि साढ़े 8 बजे हरविंदर व गुरप्रीत अपने साथी हरपाल सिंह, करतारपुर बिलासपुर निवासी जिंदु के साथ जबरन घर में घुसे और अभद्रता कर पिता की खोजबीन करने लगे। जब मां शकुंतला व उसने विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियार से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया और घर के बाहर खड़ी कार संख्या यूके-08 बी-4364 में भी तोड़फोड़ कर डाली और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों ने प्राइवेट अस्पताल जाकर उपचार कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### प्लॉट बेचने का झांसा देकर कराया था लोन, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, सिडकुल रुद्रपुर में काम करता है पति

# फर्जी दस्तावेजों से ले लिया 15.74 लाख का होम लोन

धोखाधड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** मुरादाबाद यूपी की रहने वाली एक महिला को प्लाट बेचने का झांसा देने और फर्जी दस्तावेज लगाकर 15.74 लाख का होम लोन किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मझोला आंशिक मुरादाबाद निवासी पूजा रानी ने बताया कि उसके पति मुकेश कुमार रुद्रपुर की सिडकुल कंपनी में काम करते हैं और शहर में एक मकान बनाने का विचार किया। जहां वार्ड-24 रंपुरा निवासी सचिन कुमार ने 25 सितंबर 2023 को फाजलपुर महरौला में एक प्लांट दिया। जिसकी कीमत 25.50 लाख बताई और दूसरा प्लांट अपनी मां प्रेमवती का बताते हुए 19.50 लाख में तय किया। 80 हजार का बयाना देने के बाद सौदा निरस्त हो गया। 20 मार्च 2024 को प्राइवेट बैंक कर्मी का फोन आया और बैंक कर्मी ने बताया कि बैंक से 15.74 लाख का होम लोन लिया है और जिसका भुगतान 14 फीसदी के साथ देना है। जिसे सुनकर पति मानसिक अवसाद के कारण बीमार हो गए और प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं आरोपियों ने हाथापाई भी की। आरोप था कि पुलिस को शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई तो पीड़िता ने अदालत में याचिका दायर की। आरोप था कि आरोपियों ने षडयंत्र के तहत फर्जी दस्तावेज लगाकर लाखों का होम लोन ले लिया। पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आस्ट्रेलिया के वीजा के नाम पर हड़प लिए 11 लाख रुपये



**रुद्रपुर :** एक व्यक्ति को आस्ट्रेलिया वीजा बनाने का झांसा देकर कबूतरबाज ने 11 लाख रुपये हड़प लिए और वीजा भी नहीं दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पक्की खमरिया किच्छा निवासी रमन कुमार ने बताया कि वह अपने बेटे अभय परुथी को उच्च शिक्षा के लिए आस्ट्रेलिया भेजना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात प्राइम ओवरसीज के स्वामी गदरपुर निवासी अंकुर चावला से हुई और आस्ट्रेलिया भेजने पर चर्चा हुई। जिस पर 8 नवंबर 2021 को स्टडी वीजा का खर्चा 11 लाख रुपये बताया। 9 नवंबर 2021 को सभी दस्तावेज भेजने के बाद 23 नवंबर तक 5 .67 लाख रुपये का भुगतान किया और फरवरी 2023 को इनटेक का वीजा मिला और डिमांड करने पर कुल राशि 11 लाख जा चुकी थी। जब वह एयरपोर्ट काउंटर पर वीजा व पासपोर्ट लेकर पहुंचा तो पता चला कि वीजा नकली है। जब आरोपी को कॉल कर बताया तो वह तरह-तरह की बातें करते हुए भ्रमित करने लगा। वर्ष 2025 में टालमटोल के बाद आरोपी ने रकम देने से इंकार कर दिया। आरोप था कि पुलिस को शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खटीमा में उठीं 91 समस्याएं, 43 का मौके पर निस्तारण

### डीएम ने अनुपस्थित रहने पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता का वेतन रोकने के दिए निर्देश, गंभीरतापूर्वक काम करने के लिए कहा

तहसील दिवस

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में आयोजित तहसील दिवस पर समस्याएं सुनते जिलाधिकारी भदौरिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस पर बिजली, पानी, सड़क, जल जीवन मिशन, पुलिस, नगरपालिका, भूमि संबंधित 91 शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिनमें 43 समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जबकि अन्य को संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के लिए सौंपा गया।

तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस पर डीएम भदौरिया ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वह समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित गति से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। तहसील दिवस में पेयजल, आवास, बिजली, सड़क, जल जीवन मिशन, पुलिस, नगर पालिका, भूमि, आर्थिक सहायता आदि समस्याएं रखी गईं। होशियार सिंह ज्याला ने ग्राम रतनपुरा ने झनकट-रतनपुरा सड़क को चौड़ीकरण व हॉट मिक्स कराने, बगुलिया निवासी रामचीज ने आर्थिक सहायता दिलाने, राहुल सिंह निवासी नगला तराई, दीपक शर्मा निवासी कुटरी, गिरीश चन्द्र निवासी गौहर पटिया व विकास सिंह निवासी नौगवाठग्गू ने जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत जल नल मित्र पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव हेतु नल जल मित्र के रूप में नियुक्ति दिलाने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पेयजल को कार्यवाही करने कार्यवाही करने के निर्देश दिये। झनकट निवासी विरेन्द्र सिंह ने जेजेएम पेयजल कनेक्शन दिलाने, नगला तराई निवासी प्रकाश तिवारी ने नई बस्ती तिवारी फार्म के पास ग्राम नगला तराई व दमगड़ा के मध्य नाला चौड़ीकरण व सफाई कराने, चारूबेटा पहाड़ी कालोनी निवासी राम सिंह धामी ने अवैध शराब निर्माण व बिक्री को रोकने, वार्ड संख्या 14 तिलक नगर निवासी संतोष मेहरोत्रा ने अघोषित विद्युत कटौती व लो वोल्टेज की समस्या का समाधान कराने व टनकपुर रोड पर सब्जी मंडी के प्रवेश द्वार को अतिक्रमण कराने, वार्ड आठ अमाऊं निवासी गम्भीर सिंह धामी ने सीसी रोड व नाली बनाने की मांग रखी। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में उठी समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता जल संस्थान का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर पालिका रमेश चन्द्र जोशी, रणजीत सिंह नामधारी, उप जिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट, डॉ. एसपी सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, सीओ विमल रावत, सीएमएस डॉ. वीपी सिंह, विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम पीएन चौधरी, लोनिवि एसके अग्रवाल, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला पर्यटन अधिकारी तला बिष्ट, जिला सेवायोजन अधिकारी राकेश दुर्गापाल आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में एसडीएम डॉ . अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

### बाजपुर में 23 प्रार्थना पत्र हुए प्राप्त

**बाजपुर :** तहसील सभागार में मंगलवार को उपजिलाधिकारी डॉ .अमृता शर्मा की अगुवाई में तहसील दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व, लोनिवि, जल संस्थान, सिंचाई, नगरपालिका, खंडविकास आदि विभागों से संबंधित कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष प्रार्थनापत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, राजस्व निरीक्षक सुनीतिपाल सैनी समेत कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं व्यापार मंडल बाजपुर से जुड़े व्यापारियों ने तहसील दिवस में पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि बाजपुर में मुख्यमार्ग से अक्सर उच्च न्यायालय के न्यायधीश, नैनीताल पर्यटन हेतु अनेक राज्यों के पर्यटक व समय-समय पर सेना के वाहन भी गुजरते हैं, जिसके चलते जाम की स्थिति बन जाती है, ऐसे में व्यापार मंडल बाजपुर आपसे निवेदन करता है कि अन्य शहरों की भांति बाजपुर में भी राष्ट्रीय राजमार्ग-74 से ग्राम हरलालपुर, गांव-बाजपुर, केशोवाला होते हुए बाईपास का निर्माण करवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल महामंत्री ललित कोच्छड़ वायटी, जोगेश आनंद बंटी सेंटर, समीर गर्ग, राजेंद्र कुमार, जेके सिंह, कलीराम, मनोज कुमार जिंदल आदि शामिल रहे।

# बेकाबू डंपर ने दंपती को रौंदा, पत्नी की मौत

संवाददाता, खटीमा



अमन गंगवार।



देवकी देवी।

**अमृत विचारः** पिछले 24 घंटे में दो सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक और वृद्धा की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सोमवार रात्रि मां पूर्णागिरि के दर्शन करने जा रहे अकबराबाद, बीसलपुर जिला पीलीभीत हाल निवासी रुद्रपुर अमन गंगवार (21) पुत्र राजीव गंगवार अपने साथी रुद्रपुर निवासी शुभम रस्तोगी (22) पुत्र प्रमोद रस्तोगी के साथ बाइक से मां पूर्णागिरि के दर्शन करने टनकपुर जा रहे थे। वह पहेनिया-कुटरी हाईवे बाईपास से गुजर रहे थे कि हाईवे पर बैठे लावारिस गौवंशीय पशु से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में अमन व शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों की सूचना पर एंबुलेंस 108 ने दोनों घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल शुभम का उपचार चल रहा है। पुलिस ने अमन के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और घटना की सूचना परिजनों को दी जो मंगलवार को अस्पताल पहुंचे। अमन घर का इकलौता पुत्र है और रुद्रपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के पिता भी प्राइवेट कंपनी में काम करते है।

इधर मंगलवार को चकरपुर बिचपुरी गांव में तीव्र मोड पर डंपर और स्कूटी की आमने सामने टक्कर में स्कूटी पर सवार अलाविर्दी निवासी मोहन चंद (64) पुत्र धनी चंद और उनकी पत्नी देवकी देवी (58) गंभीर रूप से घायल हो गए। वे स्कूटी से सैलानी गोठ टनकपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर चालक काफी दूर तक स्कूटी सवार दंपती को घसीटता हुआ ले गया। ग्रामीणों ने पुलिस और 108 को सूचना दी। जिससे घायल दंपती को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने देवकी देवी को मृत घोषित कर दिया। वही घायल मोहन चंद को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतका का एक पुत्र सुनील चंद पॉलीप्लेक्स फैक्ट्री बाजपुर में कार्यरत है। वहीं एक पुत्री ईशा का विवाह हो चुका है। घायल मोहन चंद भी पॉलीप्लेक्स फैक्ट्री से सेवानिवृत्त है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

### छह लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** एक व्यक्ति ने पिता-पुत्रों समेत 6 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले में छह नामजदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के ढकिया नंबर एक निवासी संतोष ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि बीते दिन हरी नगर निवासी बलवीर सिंह व उसके तीन पुत्र चीनू, परमजीत प्रदीप के अलावा ढकिया नंबर एक निवासी सुनील चंदन घर में घुस आए और उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आए मोहल्ले वाले राजकुमार, नीशू, संदीप और मलवा को भी घायल कर दिया। बताया कि भीड़ होता देख आरोपी मौके से भाग गए। चौकी प्रभारी चंदन बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होने पर भड़के अधिवक्ता

संवाददाता, रुद्रपुर



जजी परिसर में सांकेतिक धरना देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला बार एसोसिएशन के कुछ पदाधिकारियों पर वार्षिक चुनाव प्रक्रिया का टालने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। आरोप था कि पद की लालसा करने वाले पदाधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया तक प्रारंभ नहीं की, जबकि कार्यकाल समाप्त हो चुका है। आगाह किया कि यदि जल्द ही चुनाव तिथि घोषित नहीं की तो आंदोलन होगा।

मंगलवार की सुबह बड़ी संख्या में अधिवक्ता जजी परिसर में एकत्रित हुए और आधे घंटे का न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि 24 अप्रैल 2024 को जिला बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ था और शपथ ग्रहण समारोह भी एक वर्ष पहले हो चुका है। बावजूद अभी तक एजीएम की बैठक बुलाने के बाद भी निरस्त कर दी गई। आरोप था कि कुछ पदाधिकारी चुनाव को कराने नहीं चाहते हैं और सदैव कुर्सी पर काबिज रहने का षडयंत्र रच चुके हैं। उन्होंने बताया कि नियमानुसार कार्यकाल समाप्त होने के बाद शीघ्र ही चुनाव अधिकारी, मतदाता सूची के अलावा चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। जो कि अधिवक्ताओं की भावनाओं को आहत पहुंचाने के सामान है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई तो आंदोलन होगा। इस मौके पर अधिवक्ता सुशीला मेहता, सर्वजीत सिंह, एसपी सिंह, आरपी सिंह, मनोज कुमार ग्रोवर, कपिल कुमार, अंशु शर्मा, संजीत बढई, अमित कुमार सिंह समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

मुखर

### बाजार में ही मछली बेचने और फुटपाथ पर मछली बेच रहे लोगों को हटाने की मांग उठाई

# मछली विक्रेताओं ने पूर्व अध्यक्ष विर्क को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर में नपं पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क को ज्ञापन सौंपते मछली विक्रेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मछली विक्रेताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में फुटपाथ पर मछली की बिक्री की अनुमति न देने, फुटपाथ पर लगने वाले फड़ों को हटाने की मांग की। उनका कहना था कि नगर पंचायत द्वारा पूर्व में मछली बाजार बनाकर विक्रेताओं को दुकानें आवंटित की हैं। विर्क ने विक्रेताओं को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही फुटपाथ पर लगने वाले फड़ों को हटाया जाएगा।

मंगलवार की दोपहर दो बजे मछली विक्रेता श्यामल मंडल के नेतृत्व में दो दर्जन व्यापारी नगर पंचायत कार्यालय आ धमके। उन्होंने सांकेतिक धरना दिया। सूचना पर पहुंचे पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क को व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा। विर्क ने कहा कि कुछ लोग शाम के समय नगर की सड़कों के फुटपाथ पर जगह- जगह मछलियां बेच रहे हैं। जबकि पूर्व में नगर प्रशासन द्वारा मछली बाजार बनवाकर विक्रेताओं को दुकानें आवंटित की गई हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण खुले में मछली बेचने से गंदगी व बदबू फैलने से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने विक्रेताओं को आश्वासन दिया कि मछली बाजार में दुकानदारों द्वारा मछली बेची जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि मछली बाजार के बाहर मछली बेचता हुआ कोई पकड़ा गया तो उस पर कानूनी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाएगा। मौके पर आशीष मल्लिक, विनोद विश्वास, बाबू तपाली, डब्लू राय, महादेव मंडल, प्रदीप राय, शिबू मंडल, साधन पाल, प्रदीप राय कन्हैया हाल्दार आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है, जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है, जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# महत्व और चुनौतियां

देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। मानसून भारत की कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मानसून वार्षिक वर्षा में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। मानसून के कारण देश में जल संसाधनों का पुनर्भरण होता है, जिससे जल विद्युत उत्पादन और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। परंतु मानसून राहत के साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश से कैसे हालात पैदा होंगे, इसका सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। दक्षिण-पूर्व मानसून का आगमन मूसलाधार बारिश के साथ हुआ है और अनुमान के मुताबिक ही उसने तबाही मचाई है। मानसून के आगमन से पहले विभिन्न राज्यों में भारी बारिश से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में भी बारिश का दौर जारी है। उत्तर सिक्किम में, लगातार बारिश से सड़कें बाधित होने के साथ ही भूस्खलनों के चलते लगभग सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं। त्रिपुरा में भी सप्ताहांत के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई और लगभग पूरे सप्ताह अत्यधिक वर्षा होने का अनुमान है।

आधिकारिक आकलनों के मुताबिक, बारिश के चलते भू-स्खलन, बाढ़, औचक बाढ़ और बिजली गिरने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में 29 मई तक 30 जानें गईं और 31 मई को 22 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक बस उफनाती तीस्ता नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और बाकी यात्री लापता हैं। खबरें हैं कि आने वाले समय में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अभी तो जून की शुरुआत ही है और मानसून 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर करता है। मानसून के सामान्य से अधिक रहने के अनुमान को देखते हुए आपदाओं की बाढ़ का अनुमान स्वाभाविक माना जाएगा। जब तक बाढ़ और जल प्रबंधन की प्रक्रिया सतत जारी रखने की परंपरा विकसित नहीं होगी, चुनौतियों से पार नहीं पाया जा सकता। जल निकासी प्रणाली में सुधार न होने से बड़े शहरों में बारिश के दौरान जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो जाते हैं। चिंता की बात है कि जलाशयों का रास्ता नहीं मिलने से बारिश का पानी व्यर्थ बह जाता है। मानसून की बारिश को नुकसान के बजाय अधिकाधिक लाभ में बदला जाना चाहिए। इस दिशा में भी दीर्घकालीन नीतियों बनाने की जरूरत है। दरअसल देश को मजबूत मानसून प्रबंधन तंत्र की जरूरत है।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं।

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है। बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृहमंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो, लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदूवादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदूवादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबरा गई। अंततः हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया।

दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में ज़बरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलनकारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की, कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता।

के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिलीजुली साझा सरकार भले ही है, लेकिन ये जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं।

अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस लेकर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर, उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है।

एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनॉरिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। मजे की बात यह है कि नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उन पर गहरा असर पड़ा है। तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं, इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है, लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे, लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है।

प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निस्संदेह उनकी भी छवि भारत विरोधी ही रही है, लेकिन इनमें खास यह है कि ये राजनीतिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है। ओली उत्तराखंड के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और काला पानी क्षेत्र को मुद्दा बनाकर भारत के खिलाफ रहते हैं। वहीं प्रचंड इस मुद्दे को दोनों देशों के बीच बातचीत से हल करना वाजिब मानते हैं। वे इसके बदले दार्जिलिंग में जमीन की मांग करते हैं। वे यह जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन कम से कम बातचीत का माहौल तो बनाए रखना चाहते हैं।

प्रचंड नेपाल के लिए चीन के महत्व को नकारते नहीं हैं, लेकिन भारत को दरकिनार कर चीन की गोद में बैठ जाना भी नेपाल के हित में नहीं मानते। बीते कुछ महीनों में भारत के प्रति प्रचंड के नजरिए में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। वे साफ कहते हैं कि भारत के बिना नेपाल अधूरा है। भारत का भी प्रचंड के प्रति नजरिया बदला है। प्रचंड इस बात को लेकर मुत्मइन हैं कि भारत चूंकि स्वयं को लोकतंत्र की जननी कहता है इसलिए नेपाली लोकतंत्र के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा सकता और न ही लोकतंत्र विरोधियों को शह दे सकता है। बेशक भारत के हिंदूवादी संगठन चाहते हैं कि नेपाल हिंदू राष्ट्र फिर बन जाए या राज संस्था की बहाली हो जाए, लेकिन ऐसा भारत भी चाहता हो यह जरूरी नहीं, क्योंकि वह जानता है कि नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र अब राजा लायक नहीं रह गए। हां आज यदि स्वर्गीय वीरेंद्र शाह का कोई वंश बचा होता तो हिन्दू राष्ट्र और राज संस्था दोनों की बहाली आसान होती।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता। प्रचंड यह भलीभांति जानते हैं कि उनके प्रधानमंत्री बनने में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। भारत भी भारत के लिए नेपाल की राजनीति में प्रचंड को जरूरी मान रहा हो, यह जरूरी नहीं, लेकिन नेपाल के राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियां देखते हुए भारत को अपना हित ध्यान में रखते हुए प्रचंड पर दांव लगाने पर सोचना चाहिए।

## प्रसंगवश

# शहरीकरण की बेरहम कहानी

शहरों के फैलते नक्शे में सबसे पहले मिटने वाला स्थान अक्सर तालाब होता है। कभी गांव - कस्बों के मध्य में बने तालाब जीवन का केंद्र हुआ करते थे- पूजा, विवाह, तीज-त्योहार, खेलकूद, पानी भरना, जानवरों को नहलाना सबकुछ इन्हीं के चारों ओर होता था, लेकिन आज वही तालाब कंक्रीट की बस्तियों के नीचे दब रहे हैं। नगरों के शहरी विकास ने पारंपरिक जल-संरचनाओं की अहमियत को भुला दिया है।

भूमाफिया और रियल एस्टेट लॉबी ने इन्हें जमीन के खाली टुकड़े मान लिया है और जब शासन-प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत हो, तो ये तालाब धीरे-धीरे नक्शे से भी गायब हो जाते हैं। पहले पाटे जाते हैं, फिर रेत और मलबे से भरे जाते हैं, और अंततः प्लॉटिंग कर दी जाती है। यही प्लॉट कुछ वर्षों में दुकान, मकान या शॉपिंग मॉल में बदल जाता है। पानी, जो कभी वहां का आधार था, अब वहां से भटककर बस्तियों में घुस आता है। इस अतिक्रमण से भूजल स्तर गिरता है, बारिश का जल ठहरता नहीं और शहर जलजमाव से कराहते हैं। तालाब का मरना केवल एक प्राकृतिक संसाधन का अंत नहीं, एक सांस्कृतिक मृत्यु भी है और विडंबना यह है कि यह मृत्यु हमारी आंखों के सामने, हमारी सहमति से हो रही है। अतिक्रमण की इस कहानी के उदाहरण देशभर में बिखरे पड़े हैं, जिनमें प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय दबाव साफ दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सुंदरवल गांव का मामला सामने आया, जहां सरकारी तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े दुकानें बना दी गईं। स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग मौन रहा।

अयोध्या के मीरापुर मोहल्ले में स्थित एक ऐतिहासिक तालाब लगभग पूरी तरह पाट दिया गया। 90 प्रतिशत हिस्से में अब निर्माण हो चुका है। बिजनौर जिले के नहटौर कस्बे में 120 बीघा तालाब पर वर्षों से अवैध कब्जा था, जिसे प्रशासन ने हाल ही में मुक्त कराया। ये घटनाएं बताती हैं कि अतिक्रमण केवल गरीबों की जरूरत से नहीं, बल्कि पैसे और सिफारिश की ताकत से होता है। कहीं तालाब को स्कूल बनाने के बहाने कब्जाया जाता है, तो कहीं पार्क का नाम देकर दीवार खड़ी कर दी जाती है। फिर वो दीवार साल-दर-साल पक्के निर्माण में बदल जाती है। अफसोस की बात है कि जिन दस्तावेजों में तालाब दर्ज हैं, वहां भी प्रशासनिक रिकॉर्ड को नकार दिया जाता है। इससे यह साबित होता है कि कागज की लड़ाई सिर्फ ईमानदार नागरिक ही हारते हैं, भूमाफिया नहीं। प्रशासन की चुप्पी इस संकट की सबसे खतरनाक परत है। जब शिकायतें दर्ज होती हैं, तो उन्हें 'पुराना मामला' या 'न्यायालय में लंबित' कहकर टाल दिया जाता है। फाइलें महीनों चलती हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो सरकारी रिकॉर्ड से तालाब की पहचान ही मिटा दी जाती है या तो उसे 'खाली भूमि' दर्ज कर दिया जाता है या 'अराजी' घोषित कर दिया जाता है। यही वह प्रशासनिक चाल है, जिससे जमीन का मालिकाना बदल जाता है। स्थानीय नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से तालाब पाटे जाते हैं और जमीन का नक्शा बदल जाता है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश शहरों और कस्बों में आज के तालाब केवल 'कहानी' रह गए हैं। बच्चे पूछते हैं: "तालाब क्या होता है?" और हम तस्वीर दिखाकर बताते हैं। यह एक सांस्कृतिक शून्यता है, जो चुपचाप हमारे चारों ओर पनप रही है। इसलिए प्रश्न अब केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है कि हम क्या खो रहे हैं?



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

अंततः, तालाबों का संरक्षण केवल जल प्रबंधन का सवाल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और भावी पीढ़ियों के अधिकार का सवाल है। यह अतिक्रमण केवल भूमि हथियाने की कहानी नहीं, बल्कि एक सभ्यता के स्मृति-चिन्हों को मिटाने की साज़िश है। अगर हमने अब भी नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में बच्चों को तालाब केवल किताबों में मिलेंगे जैसे आज सिंधु घाटी की सभ्यता मिलती है। हमें यह समझना होगा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, सामाजिक एकता, परंपरा और पर्यावरण का बुनियादी आधार हैं। प्रशासन को सख्त नीति अपनानी होगी, तालाबों का डिजिटल नक्शा तैयार कर सार्वजनिक करना होगा और प्रत्येक अवैध निर्माण पर सज़ा तय करनी होगी। साथ ही हमें शिक्षा, संवाद और सामूहिक प्रयासों के जरिए यह चेतना फैलानी होगी कि "तालाब बचाओ" केवल नारा नहीं, आवश्यकता है। यदि हम सच में एक जीवंत समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें उसके 'जल स्रोत' को नहीं, 'जल चेतना' को पुनर्जीवित करना होगा।

# समुद्री सीमा पर मंडराता प्रदूषण का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है।

लाइबेरियाई कंटेनर जहाज केरल के अलपुजा तट पर थोतापल्ली से कोई 14.6 समुद्री मील दूर समुद्र में डूबने के बाद सारे क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। यह शनिवार 24 मई को एक तरफ झुकना शुरू हुआ और रविवार 25 मई की सुबह लगभग 7.50 बजे पूरी तरह से डूब गया। भारतीय तटरक्षक दल ने तो तत्परता से जहाज पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन समुद्र कैसे बचे, इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जहाज में भरा तेल और भट्टी में जलाने के काम आने वाला तेल तो सागर के जैविक संसार के लिए खतरनाक है ही, उसमें लदे कंटेनर में भरे रासायनिक पदार्थ लंबे समय तक तबाही का कारण बन सकते हैं। इस जहाज में कुल 640 कंटेनर लदे थे। इस लेख को लिखे जाने तक कम-से-कम 54 कंटेनर कोल्लम (43), तिरुवनंतपुरम (9) और अलप्पुझा (2) के समुद्र तटों पर बहकर आए हैं। इसके बावजूद, केरल के तट के पास उच्च समुद्र की लहरों से क्षतिग्रस्त कंटेनरों का मलबा केरल के दक्षिणी समुद्र तटों पर आ सकता है। तिरुवनंतपुरम के तट पर छोटे-छोटे प्लास्टिक और पॉलीथीन के दाने बहकर आए हैं, जो लंबे समय तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का खतरा बन सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि रबर सॉल्यूशन समुद्र के पानी के साथ प्रतिक्रिया कर चुका है, जिसके कारण प्लास्टिक के ये दाने पाए जा रहे हैं। अभी तक इनके सुरक्षित तरीके से निपटाने का कोई स्पष्ट समाधान नहीं है।

राज्य सरकार ने इसे प्रादेशिक स्तर की आपदा घोषित कर स्वयंसेवकों की मदद से समुद्र तट की सफाई शुरू की है। कैल्शियम कार्बाइड वाले पांच कंटेनर, जो एक और प्रदूषण का खतरा हैं, समुद्र के तल पर पड़े हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाना आवश्यक है ताकि वे नुकसान न करें। मुख्य चिंता यह है कि जो चीजें लदी थीं, उनमें से 13 को "खतरनाक कार्गो" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और 12 में कैल्शियम कार्बाइड था। इसके अलावा, जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस तेल भी है। ये कंटेनर कोई तीन किलोमीटर की गति से समुद्र में बह रहे हैं और कहा नहीं जा सकता कि कौन-सा कंटेनर किस दिशा में कहां जाए और क्या-क्या नुकसान करे। केरल सरकार ने भी नुकसान कम करने, इसका आकलन करने की दिशा में कुछ फौरी कदम उठाए हैं। 20 समुद्री मील की दूरी तक मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ सफाई करने के ख्याल से हर 100 मीटर पर वॉलिंटियर लगाए गए हैं।


प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के अलावा तेल रिसाव की स्थिति पर नजर रखी जा रही। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने समुद्री पर्यावरण पर जहाज दुर्घटना के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। दरअसल मानसून समय से पहले आ गया है और मुख्य चिंता यह है कि यह समय समुद्री जीवों, खासकर मछलियों का प्रजनन काल होता है। ऐसे में तेल और खतरनाक रसायन का रिसाव समुद्री उत्पादकता को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा और गंभीर रिसाव होने पर समुद्री जीवों का दम घुट सकता है, जिससे दूरगामी नुकसान की आशंका है। शुरुआती आकलन यह है कि इस जहाज में लदे कैल्शियम कार्बाइड से भरे कंटेनरों से सबसे भयावह नुकसान की आशंका है। जहाज की ईंधन टंकी में रखे डीजल की बड़ी मात्रा का रिसाव भी समुद्र के लिए घातक है। तेल अगर समुद्र तटों, मैंग्रोव जंगलों और दलदली भूमि पर जमा हो गया, तो यह संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। जहाज में लदा फर्नेस तेल वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल (वीएलएसएफओ) कहलाता है। पेट्रोलियम के इस उत्पाद का उपयोग जहाजों के इंजन में ईंधन के रूप में किया जाता है। इसमें गंधक की मात्रा कम होती है, लेकिन कुप्रभाव डीजल की तरह ही होता है।

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्यपालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इनमें से 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। केन्द्र सरकार भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाजों की उम्र तय करने पर विचार कर रही हैं। जलयान विभाग के महानिदेशक श्याम जगन्नाथन के मुताबिक, जहाज की उम्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत कोई बंधन नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है कि भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाज समुद्री मानदंडों का पालन करें।

## सोशल फोरम

# इतिहास का एक सबक

बांग्लादेश देश बनने के बाद से पाकिस्तान ने 'हजार घाव देकर भारत का खून बहाते रहने' की नीति अपना ली, जिसे वह निरंतर आतंकी हमलों के माध्यम से अंजाम देता रहा है। लिहाजा दोनों के बीच लगातार छद्मयुद्ध जारी है। 22 मई 2025 को पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड को इस दीर्घ सिलसिले की अंतिम कड़ी कहने की तीव्र इच्छा होने के बावजूद, निश्चित रूप से इसे अंतिम कहना कठिन है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इतिहास गवाह है कि विभाजन के बावजूद भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का हल नहीं हुआ। दोनों देशों में रह गए अल्पसंख्यकों का सवाल किसी ने नहीं उठाया। कांग्रेस ही उठा सकती थी, किंतु वह पाकिस्तान प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने के बावजूद अपने इतिहास से, एक राष्ट्र सिद्धांत से बंधी हुई थी। लिहाजा पश्चिमी पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया हो गया। पूर्वी पाकिस्तान में यह काम किस्तों में हुआ। विभाजन के समय, फिर 1950 में, जो नेहरू लियाकत पैक्ट की पृष्ठभूमि बना। फिर बांग्लादेश युद्ध के पूर्व और उसके दौरान। फिर शेख हसीना के तख्तापलट के पहले और उसके बाद। भारत में भी अल्पसंख्यकों की स्थिति सामान्य नहीं है। चीन ने 1963 से ही पाकिस्तान से होकर अरब सागर में ग्वादर तक 3000 किमी लंबा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण की योजना पर काम करना शुरू कर दिया था।

इस गलियारे की काफी दूरी पाकिस्तान अधिकृत (गिलगित-बाल्टिस्तान के) तथा चीन-अधिकृत (शक्सगाम घाटी के) भारतीय भूक्षेत्र से होकर गुजरती है। हमारे दोनों शत्रु नाभिकीय अस्त्रों से संपन्न हैं। दोनों देशों के इस सामरिक और आर्थिक गठजोड़ ने भारत की सुरक्षात्मक स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। देश का विरोधी पक्ष युद्ध विराम के लिए सरकार को लगातार कोस रहा है। सरकार भी, शायद फेससेविंग के तहत, पाकिस्तान को लगातार ललकार रही है। बस भूलकर भी चीन का नाम नहीं लेती। जैसे किसी यूटोपिया में जी रही हो।

-फेसबुक वॉल से

# कोविड संक्रमण से बचने के लिए चमगादड़ों पर अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा - बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है।

कोविड-19 विषाणु के संक्रमण से फैली महामारी से छुटकारा मिला ही था कि इस विषाणु के दो नए विभेदों (वेरिएन्ट्स) ने फिर से दुनिया में खतरा पैदा कर दिया है। ये दोनों वेरिएन्ट्स अत्यधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन अधिक खतरनाक नहीं है। भारत में इस समय सार्स कॉव-2 के दो वेरिएन्ट्स एलऍफ़.7और एनबी.1.8.1 सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर इसका तकनीकी सलाहकार समूह (टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप-कोविड-वैक्सीन) नियमित रूप से कोविड-19 वैक्सीन के उक्त वेरिएन्ट्स पर असर का आकलन करना जारी रखता है ताकि वैक्सीन संरचना के अपडेट पर निर्णय लेने में मदद मिल सके।

15 मई 2025 को प्रकाशित नवीनतम अनुशंसा में तकनीकी सलाहकार समूह ने सलाह दी कि कोविड-19 वैक्सीन के लिए जेएन.1 या केपी.2 रेकॉम्बिनेंट/मोनोवैलेंट एंटीजन असरदार बने रहेंगे। मोनोवैलेंट एलपी.8.1 एक उपयुक्त वैकल्पिक वैक्सीन एंटीजन है। भारत में अभी उक्त वेरिएन्ट्स से 4000 से अधिक व्यक्ति प्रभावित हो चुके हैं और कम से कम 32 व्यक्तियों की मौत भी हो चुकी है। स्थिति पर भारत सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च एवं आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल पूरी तरह से नज़र रखे हुए हैं। गत शनिवार 31 मई 2025 को इस बाबत बैठक हो चुकी है। प्रांतीय सरकारों के स्वास्थ्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु की बायोलॉजी, जूनॉटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, विषाणु और संक्रमित व्यक्ति के संबंधों (होस्ट-पैथोजन रिलेशनशिप), विषाणुओं के व्यवहार और इनके रिजर्वायर (चमगादड़) के अलावा इनकी किस्मों के बारे में अध्ययन के अलावा टीका विकसित करने के लिए विषाणुओं की जरूरत और टीका का विकास के बारे में सोचें तो वैज्ञानिकों का सबसे पहला ध्यान चमगादड़ पर ही जाता है। लंबे समय से दुनिया के वैज्ञानिक दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले चमगादड़ों के शरीर में निवास करने और पलने वाले अनेक किस्म के विषाणुओं का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन इन्हें प्रयोगशाला में उत्पन्न करने और टीका विकास में इनका इस्तेमाल करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। मौजूदा समय में जो दर्जनभर टीके दुनिया में माइक्रो-रायिबोन्यूक्लिक (एम-आरएनए) टेक्नोलॉजी और पुराने तरीके से विषाणु को कमज़ोर करके (एटेन्युएटेड एवं किल्ड वायरस) इस्तेमाल से शरीर में एंटीबाडीज विकसित करने के लिए किए गए हैं। उनके लिए विषाणु को संक्रमित मनुष्यों से ही प्राप्त किया गया था। इस प्रकार प्राप्त विषाणुओं के करैक्टरायिज़ेशन और प्रोटीन संरचना को समझ कर टीका विकसित किया गया ताकि वायरल प्रोटीन के विरुद्ध एक इच्छित स्तर तक प्रतिपिंड बना सके।

साइंस पत्रिका के 15 मई सन् 2015 के अंक में प्रकाशित लेख -एक्स्पैन्डेड यूटिलिटी बेल्ट फॉर टैक्लिंग बैट वायरसेस के माध्यम से मालूम हुआ है कि वैज्ञानिकों को चमगादड़ों से प्राप्त ऊतकों में कोरोना वायरस को विकसित करने में सफलता मिली है। इससे टीका विकास में सटीकता आएगी। चमगादड़ों में वायरस की एक बड़ी और विविध श्रृंखला होती है, जिसमें उन वायरस के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जिनकी वजह से मनुष्यों में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस), मध्य-पूर्व देशों में देखे गए श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस) और कोविड-19 महामारी का प्रकोप हुआ था। फिर भी इन वायरस को ले जाने वाले चमगादड़ों में बीमारी के न्यूनतम लक्षण दिखाई देते हैं।

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने रूसेट्टस इजीप्टियाकस चमगादड़ के फेफड़ों और आंत की भीतरी झिल्ली के ऊतकों का इस्तेमाल किया। चमगादड़ की यह किस्म मिस्र देश में होती है और फलों को खाती है। चमगादड़ की यह किस्म अफ्रीका, मध्य-पूर्व के देशों, भूमध्य सागर के निकट के देशों और भारत में भी पाई जाती है, जिसकी छह प्रजातियां हैं। सन् 1810 से इस चमगादड़ पर अध्ययन किए जा रहे हैं और सतत निगरानी भी रखी गई है। ये चमगादड़ ईरानी बकैण, जंगली खजूर, संतरा, केला, लोकाट और गूलर के फल खाते हैं। इनके शिकारी पक्षी जब इन चमगादड़ों को खाते हैं, तो इनके शरीर में भी वायरस और परजीवी प्रवेश करते हैं। संक्रमित पक्षियों से भी मनुष्य में संक्रमण प्रवेश कर सकता है। जानकार हैरानी हो सकती है कि संसार में चमगादड़ों की 1400 किस्मों के शरीर में अब तक 8176 प्रकार के विषाणुओं के बारे में मालूमात दर्ज की गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# खेती में वैज्ञानिक तकनीक अपनाएं किसान

## किसानों को मत्स्य पालन और बागवानी के लिए किया प्रेरित, दमगड़ा, नगरा तराई, गोसीकुआं गांवों में कार्यक्रम

- किसानों को अभियान के तहत उन्नत कृषि विधियों की जानकारी दी

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने खटीमा ब्लॉक के दमगड़ा, नगरा तराई और गोसीकुआं गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को खेती में वैज्ञानिक तकनीकों और उन्नत कृषि विधियों की जानकारी दी।

मंगलवार को पंतनगर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेंद्र क्वात्रा ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत गांव-गांव जाकर किसानों को तकनीकी जानकारी देना एक सराहनीय पहल है। जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाना है। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य व्यावसायिक अवसरों से जोड़कर उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया जा सकता है। विश्वविद्यालय फार्म के सह-निदेशक डॉ.अजय प्रभाकर ने कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की वैज्ञानिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने बकरी पालन, मछली पालन और मशरूम उत्पादन जैसे विविध कृषि व्यवसायों की संभावनाओं के बारे में भी किसानों को अवगत कराया। कृषि संचार विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अर्पिता शर्मा कांडपाल ने ग्रामीण महिलाओं को कृषि उद्यमिता के अवसरों से जोड़ने पर बल दिया।



किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी देते निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा। ● अमृत विचार

कीट विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ.मीना अग्निहोत्री ने किसानों को जैविक कीट प्रबंधन की सरल, सस्ती और प्रभावी तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी और पर्यावरण को नुकसान होता है, इसलिए जैविक विकल्पों का प्रयोग कर न केवल खेती को सुरक्षित बनाया जा सकता है, बल्कि कृषि उत्पादन को भी गुणवत्ता युक्त और स्वास्थ्यवर्धक बनाया जा सकता है। पादप प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग की प्राध्यापक डॉ. स्वाति सिन्हा ने पंतनगर द्वारा विकसित गेहूं, धान, सरसों और सब्जियों की उन्नत किस्मों की विशेषताओं के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि ये किस्में अधिक उत्पादन देने के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता रखती हैं और विपरीत जलवायु परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन करती हैं। भूमि एवं संरक्षण अधिकारी विधि उपाध्याय ने किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदान और सहायता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। आत्मा परियोजना के डीपीडी कुंदन मनोला और राजेंद्र ने किसानों को आत्मा के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रशिक्षणों और कार्यक्रमों के बारे में बताया।

इसके अलावा मत्स्य विभाग के अधिकारी ने मत्स्य पालन से संबंधित योजनाओं और उनके लाभ के बारे में जानकारी दी, जबकि उद्यान विभाग के अधिकारी ने बागवानी की परियोजनाओं और उनके अंतर्गत मिलने वाली सहायता योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 19 लाभार्थियों की ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच हुई

**बाजपुर, अमृत विचार :** निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड डा.जेएल फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा.महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक धरती एक स्वास्थ्य हेतु योग, हरित योगा थीम पर योगाभ्यास सत्र एवं समुदाय आधारित आउटरीच होम्योपैथिक शिविर ग्राम धनसारा बाजपुर में आयोजित किया गया।

समुदाय आधारित आउटरीच शिविर में 19 लाभार्थियों की ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। लाइफ स्टाइल मोडिफिकेशन, औषधीय पौध वितरण एवं निश्शुल्क होम्योपैथिक औषधी वितरण किया गया। योगाभ्यास सत्र में 37 लाभार्थी शामिल रहे। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) बाजपुर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.शिखा सम्मल, फार्मेसिस्ट वतन कुमार, योग अनुदेशक कुलदीप सिंह, आशा कार्यकर्ता शमा बी आदि मौजूद रहे। शिविर में कुल 105 लाभार्थियों ने लाभ उठाया।

## सार-संक्षेप


खटीमा में एसएसआई से कोतवाल बने विनोद जोशी को सम्मानित करते लोग।

### एसएसआई से कोतवाल बने विनोद जोशी, दी बधाई

**खटीमा, अमृत विचार :** राजनैतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने कोतवाली में पहुंचकर वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार जोशी को प्रोन्नत होकर कोतवाल बनने पर बधाई दी और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। 2007 कैडर के 57 उपनिरीक्षकों को प्रोन्नत कर कोतवाल बनाया गया है। जिसमें जिले के पांच दरोगा भी शामिल हैं। इसी क्रम में खटीमा कोतवाली में तैनात जोशी को भी पदोन्नति मिली है। बधाई देने वालों में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, रहमानिया कमेटी के सदर कामिल खान, गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा, भाजपा नेता राजेश बाटला, हाफिजुर रहमान, अमरजीत सिंह, अभिभावक संघ के अध्यक्ष नीरज रस्तोगी, जावेद खान, विजय गुप्ता, तरुण ठाकुर, सभासद प्रकाश शर्मा, रमन सेठी, प्रेम वर्मा आदि शामिल रहे।

### दो मकान स्वामियों व दो किराएदारों का काटा चालान

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने वार्ड- एक प्लांटेशन में किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया। दो मकान स्वामियों से 5000 व दो किरायेदारों से 250 व 250 का नगद चालान काटा। मकान स्वामियों से 15 दिन के भीतर किराएदारों के सत्यापन के पूर्ण कागजात जमा करने के निर्देश दिए। मंगलवार को वार्ड- एक प्लांटेशन में एसआई गिरीश चंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 16 मकानों में घर-घर जाकर सत्यापन अभियान चलाया। सभी भवन स्वामियों से 15 दिन के भीतर किराएदारों के सत्यापन कराने के लिए पूर्ण कागजात बनाकर थाना कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। पुलिस टीम में हेका. रंजीत लाल बेरी, बलवंत सिंह, उषा कुल्याल, विनोद कुमार, गणेश लाल आदि थे।


किराएदारों का सत्यापन करती पुलिस टीम।

### सुपर-100 के लिए खटीमा के तीन बच्चों का चयन

**खटीमा, अमृत विचार :** नवाचारी गतिविधि सुपर-100 कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से राज्य भर से 100 बच्चे चयनित हुए हैं। जिनमें जिले के चार बच्चों में खटीमा के तीन बच्चे शामिल हैं। खटीमा से चयनित तीन बच्चों में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के 12वीं विज्ञान वर्ग के अंशुमन सिरोला और कविता मृधा तथा राजकीय इंटर कॉलेज झनकट के छात्र प्रियांशु सिंह राणा का चयन हुआ है। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक विज्ञान समन्वयक निर्मल कुमार न्योलिया ने बताया कि एक जून से 15 जुलाई कुल 45 दिनों तक चयनित इन बच्चों को गणित, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान की कोचिंग हेतु विशेष शिक्षा व्यवस्था तथा आवास व भोजन के लिए राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूर खेड़ा देहरादून में व्यवस्था की गई है। बोर्ड की तैयारी के साथ-साथ इन बच्चों को इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता के लिए विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे तथा शिक्षकों ने बच्चों को सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।


खटीमा से सुपर 100 के तहत चयनित बच्चे।

# अश्लील वीडियो बनाकर पांच लाख रंगदारी मांगी

- पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एक युवक ने युवती और उसके एक दोस्त पर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज की है।

यूपी के रामपुर निवासी एक युवक यहां महुआखेड़ा स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। रविवार को उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि कुछ दिन पूर्व उसको सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लड़की का मैसेज आया। जिसने अपना नाम सीमा सिद्दीकी निवासी मेरठ हाल पता आवास विकास बताया। इसके बाद उसकी उससे दोस्ती हो गई। लगभग 2 महीने पहले सीमा के द्वारा बोला गया कि उसकी तबीयत खराब है। वह उसे देखने के लिए आ जाए। जिस पर वह उसके घर चला गया। घर पहुंचते ही युवती ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गया।

जब उसको होश आया, तो सीमा के द्वारा उसको एक अश्लील वीडियो दिखाया गया। जिसमें उसका व सीमा का अश्लील वीडियो था। इसके बाद सीमा और उसके दोस्त अंकित चौधरी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगे। उसने अलग -अलग बार में 10 हजार रुपए उनको दिए। लेकिन इसके बाद भी उनके पैसे की मांग बनी रही।

## पंजाबी में परिचय व सामान्य शिष्टाचार की जानकारी दी

**काशीपुर, अमृत विचार :** पीएमश्री राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बांसखेड़ा में भारतीय भाषा (पंजाबी) समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन पंजाबी में परिचय व सामान्य शिष्टाचार, दूसरे दिन पंजाबी भाषा के दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले शब्दों का परिचय व उच्चारण अभ्यास कराया गया।

तीसरे दिन पंजाबी नृत्य भांगड़ा व गिद्दा के संबंध में बताया गया। सातवें दिन छबील लगाकर प्रतिभागियों को शरबत पिलाया गया। कैंप में रोज योग व सूर्य नमस्कार जैसी गतिविधियां भी कराई जा रही हैं। इस मौके पर पुष्कर चंद, धर्मपाल सिंह, अमित बाठला, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- लाइव म्यूजिकल कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** द्रोणा सागर में सामाजिक संवाद एवं लाइव म्यूजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। इसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), ख्वाहिश एनजीओ और जिंदगी मुबारक म्यूजिक बैंड ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया।

पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लोगों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संगीतमय संवाद का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। साथ ही जिंदगी मुबारक बैंड के कलाकारों देव, बोध और निमिष ने प्रेरणादायक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम, कचरे के पृथक्करण की आवश्यकता और इस वर्ष की थीम हमारी धरती, हमारा भविष्य के बारे में लोगों को जानकारी दी। ख्वाहिश एनजीओ की संस्थापक आयुषी नागर ने कहा कि आज जरूरत है कि हम पर्यावरण को लेकर अपनी जीवनशैली में स्थायी बदलाव लाएं। यह सिर्फ सरकारी या संस्थागत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की साझी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय ने सतत और स्वच्छ पर्यावरण के लिए शपथ ली। सभी ने संकल्प लिया कि वे प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करेंगे, कचरे का सही तरीके से निपटारा करेंगे, अधिकाधिक पेड़ लगाएंगे और प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।


काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान गीत प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

# पेयजल लाइन को दुरुस्त करें

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जल संस्थान की क्षतिग्रस्त पेयजल सप्लाई लाइनों को दुरुस्त कर लीकेज बंद किए जाने की मांग को लेकर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक राय एवं सामाजिक कार्यकर्ता विशाल शर्मा ने जल संस्थान के अधिकारी से मुलाकात कर जल्द कार्रवाई की मांग की।

जल संस्थान के जेई मोहम्मद आसिम के कार्यालय पहुंचे भाजपा नेता विवेक राय एवं सामाजिक कार्यकर्ता विशाल शर्मा ने कहा कि नगर क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण नगर के तमाम क्षेत्रों में गंदे पानी की सप्लाई होने से गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि नगर स्थित सरकारी अस्पताल के निकट पाइप लाइन लीक होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है तथा बड़ी टंकी से जल उपभोक्ताओं के निवास पर गंदा एवं प्रदूषित पानी सप्लाई होने से जनता को पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है तथा क्षेत्र में बीमारियां फैलने की संभावना उत्पन्न होने के साथ ही जनता में भारी रोष व्याप्त है। समस्या सुनने के बाद जल संस्थान के जेई मोहम्मद आसिम ने बताया कि विभाग का एक ट्यूबवेल खराब होने के कारण गंदे पानी की समस्या सामने आ रही है तथा ट्यूबवेल को दुरुस्त किए जाने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल के निकट नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट का पोल होने के कारण क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को दुरुस्त करने में दिक्कत आ रही है तथा इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा स्ट्रीट लाइट का पोल हटाए जाने पर तुरंत ही लीकेज की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।


किच्छा में जेई मोहम्मद आसिम से वार्ता करते भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता।

## एसआईएमटी की दो छात्राओं ने जीते पदक

**काशीपुर :** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज की दो छात्राओं ने मिनी गोल्फ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। संस्थान की बीकॉम (ऑनर्स) छठी सेमेस्टर की छात्रा कल्पना चौहान ने युगल वर्ग एवं बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा खुशबू ने एकल स्पर्धा स्पीड मिनी गोल्फ महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। जानकारी देते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि दोनों छात्राओं ने 25 से 27 अप्रैल में राजस्थान के झुंझुनू के श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल तिबरवाला विश्वविद्यालय में आयोजित हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर यह उपलब्धि अर्जित की।

# तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को किया सीज

- बन्नाखेड़ा व सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने की छापेमारी
- अवैध खनन सामग्री से भरे वाहन पकड़कर की कार्रवाई

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** बन्नाखेड़ा व सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध खनन सामग्री से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़कर सीज कर दिया, जबकि चालक पुलिस को देखकर भाग निकले।

बन्नाखेड़ा में ग्रामीणों ने पुलिस से ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें किसी तरह समझाकर शांत किया। पुलिस ने एक नामजद एवं दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अलग-अलग मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उच्च न्यायालय द्वारा अवैध खनन की रोकथाम के लिए दिए गए आदेशों के अनुपालन में बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कविंद्र शर्मा ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी अभियान चलाया।

इस दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि एक व्यक्ति कोसी नदी से ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध खनन सामग्री लेकर आ रहा है। इस पर पुलिस टीम इटव्वा चौराहे की तरफ पहुंची तो बैंतखेड़ी की ओर से ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखाई दी।

अचानक सामने पुलिस कर्मियों को देखकर चालक वाहन लेकर पसिया कालोनी बैंतखेड़ी की तरफ को भाग निकला। इस पर पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा किया तो आरोपित कॉलोनी में वाहन को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस कर्मियों ने चालक का पीछा भी किया, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ पाया। ग्रामीणों से जानकारी जुटाई गई तो ट्रैक्टर-ट्राली पसिया कालोनी निवासी श्याम लाल की होने की बात सामने आई है। वहीं मौके पर काफी लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जोकि पुलिस द्वारा कब्जे में ली गई ट्रैक्टर-ट्राली को छुड़ाने का प्रयास करने लगे। पुलिस के अनुसार जांच-पड़ताल में ट्राली में अवैध खनन सामग्री खोचड़ (रेता-बजरी ) से भरी पाई गई। इसके अलावा पुलिस टीम ने गजरौला इंटर कालेज के पास से भी अवैध खनन में लिप्त एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर सीज कर दिया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा के अलावा अपर उपनिरीक्षक भरत सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल अमित राणा, अनुपम सिंह आदि शामिल रहे। इसी प्रकार सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस टीम ने शीशमघाट के नजदीक कोसी नदी किनारे से अवैध खनन में लिप्त एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया, जबकि चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। इस मामले में भी अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धीरेंद्र सिंह परिहार, कांस्टेबल बलवंत सिंह, नीरज कुमार, रमेश पांडेय आदि शामिल रहे।


पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली। ● अमृत विचार


काशीपुर में सत्संग के दौरान प्रवचन देते बाबा फुलसंदे। ● अमृत विचार

## चित्त सदा चंचल है, इसमें बहुत से विकार आते हैं

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के ऋषि सतपुरुष बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि चित्त सदा चंचल है, इसमें बहुत से विकार आते रहते हैं। इसमें ज्ञान क्षण भर को ठहरता है, इसमें ज्ञान ज्योति को रोक कर रखना कठिन है और इसका निवारण करना भी दुष्कर है। मंगलवार को बाबा फुलसंदे वाले तीन दिवसीय सत्संग के पहले दिन रामलीला मैदान सभागार में संबोधित कर रहे थे। कहा जिसका मन अस्थिर है जो धर्म आचरण को नहीं जानता, जिसकी श्रद्धा अस्थिर है उसकी बुद्धि भी पूर्ण नहीं हो सकती न उसे सुख प्राप्त हो सकता है। मनुष्य क्रोध में बहुत कुछ अनर्थ कर डालता है। अगर वह धैर्य रखें तो बहुत से संकट और आपदा टल जाती है। मन को जीत लेने पर ही जीवन की रक्षा हो पाती है। उन्होंने कहा मेरे राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक आत्मा से तपस्वी और शरीर से एक मजबूत सैनिक बने जो अपने धर्म की अपने राष्ट्र की सेवा व रक्षा कर सकें। सत्संग के पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया गया। यहां प्रदीप कुमार मिश्रा, ऋषिपाल सिंह बैरागी, राजीव, विजेंद्र पाल सिंह, मनोज चौधरी, राजेंद्र सिंह, मुकेश चौधरी, हरिदास शर्मा, हरी राज शर्मा, संध्या मिश्रा, कुसुम राठी, शशि चौधरी, कंचन पुष्कर, पायल त्यागी मौजूद रहे।

उत्साह — एसआईएमटी में ट्रैकिंग एवं फिटनेस पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन

# एमबीपीजी हल्द्वानी बना ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय ट्रैकिंग एवं फिटनेस पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एमबीपीजी हल्द्वानी ओवरऑल चैंपियन बना।

बीते दिन बाजपुर रोड स्थित एससी गुड़िया आईएमटी में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व उप निदेशक खेल एवं अंतर्राष्ट्रीय एथलीट सुरेश चंद्र पांडे, कुविवि क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा, उत्तराखंड वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव राजीव चौधरी और संस्थान के एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉ. नीरज आत्रेय ने मां सरस्वती व स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के प्रति समर्पण ही किसी खिलाड़ी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाता है। इसलिए हर खिलाड़ी को वह जिस भी खेल से जुड़ा है, उसके प्रति पूर्ण रूप से समर्पण होना अति आवश्यक है। प्रतियोगिता में डीएसबी कैंपस नैनीताल, एमबीपीजी हल्द्वानी, राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर एवं राजकीय महाविद्यालय सितारगंज सहित कुल 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें टग ऑफ वार, 50 मी स्प्रिंट क्रिकेट, बाल थ्रो, शाट पुट, मिनी गोल्फ, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप व नी बेंड सीट अप आदि खेल खेले गए। प्रतियोगिता में खेले गए विभिन्न खेलों में एमबीपीजी हल्द्वानी ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीत कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। जबकि डीएसबी कैंपस नैनीताल उप विजेता रही। खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि प्रो. महेंद्र सिंह राणा ने ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहां हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेंद्र पाल, संस्थान के निदेशक डॉ. केवल कुमार, प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल, राजेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन सिंह बसेड़ा मौजूद रहे।


काशीपुर में प्रतियोगिता के बाद विजेता टीम के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

### सड़क हादसों में बाइक सवार तीन युवक घायल

**बाजपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम बांसखेड़ा बेरिया रोड निवासी प्रदीप चंद्रा बुधवार की प्रातः करीब आठ बजे सटरिंग का काम करने जा रहा था। इसी बीच बरहैनी चौराहा के पास बाइक के सामने अचानक बिल्ली आ गई, जिससे बचने के प्रयास में वह बाइक पर नियंत्रण खो बैठा जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को आसपास के लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं एक अन्य सड़क हादसे में बुध बाजार सुल्तानपुर पट्टी निवासी रमन पुत्र अशोक व दिलजीत सिंह पुत्र विजयपाल सिंह घायल हो गए। दोनों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर इन्हें भी रेफर कर दिया है।

### चोरी के आरबीएम से भरा ट्रक पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर, अमृत विचार :** कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गांधीनगर क्षेत्र में चोरी के आरबीएम से भरा ट्रक पकड़ लिया। पुलिस ने टीम की तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सोमवार की देर रात कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट टीम के साथ गांधीनगर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान बैक कराहा के चालक द्वारा अवैध खनन कर आरबीएम ट्रक में भरा जा रहा था। पुलिस को देखकर बैक कराहा चालक तेजी से दूसरी ओर से फरार हो गया। वहीं ट्रक का चालक भी ट्रक छोड़कर भाग गया। इस दौरान टीम के द्वारा ट्रक का निरीक्षण किया गया। तब उसके अंदर अवैध रूप से चोरी कर भरा गया लगभग 50 क्विंटल आरबीएम पाया गया। टीम ने ट्रक को सीज कर दिया और ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि ट्रक के नंबर के आधार पर ट्रक के स्वामी का नाम जोगिंदर सिंह प्रकाश में आया है। उसको नोटिस भेजा जाएगा। जिससे कि पता चल सके कि अज्ञात चालक कौन था।

# रोपवे परियोजनाओं की प्रगति पर गंभीर मंथन

## देहरादून में हुई बैठक की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की अध्यक्षता

बैठक

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में राज्य में रोपवे परियोजनाओं की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के साथ-साथ राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नए रोपवे प्रोजेक्ट्स पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर बैठक में कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार तीर्थाटन और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को रोपवे कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। ये परियोजनाएं न केवल सुगम यात्रा सुनिश्चित करेंगी बल्कि स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी।

**यात्री सुविधाओं के लिए 99.41 लाख की मंजूरी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले में हिमालय की श्रृंखलाओं पर स्थित सिक्खों के पवित्र धाम श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा यात्रा मार्ग पर सुविधाओं के विकास के लिए 99.41 लाख की धनराशि मंजूर की है। इससे यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के लिए आवासीय सुविधा का विकास किया जाएगा। डीएम चमोली डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि हेमकुंड साहिब यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर यात्री सुविधाओं के विकास के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी गई थी। इसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री की ओर से यात्रा सुविधाओं के विकास के लिए 99.41 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत धनराशि से श्री हेमकुंड साहिब के घांघरिया पड़ाव पर तीर्थयात्रियों की प्रवासी सुविधा के लिए धर्मशाला का निर्माण शीघ्र करवाया जाएगा।


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का अभिनंदन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# डीएम और मंडलायुक्त के स्वीकृति अधिकार बढ़े

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्य में आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत/पुनर्निर्माण तथा तात्कालिक दृष्टि से जन सुविधा बहाल किये जाने हेतु राज्य आपदा मोचन निधि एसडीआरएफ द्वारा निर्धारित मानकों से आच्छादित कार्यों की स्वीकृतियों हेतु जिलाधिकारियों/मंडलायुक्तों के वित्तीय/प्रशासनिक अधिकार की सीमा बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में पूर्व में कैबिनेट द्वारा लिए गये निर्णय के अनुपालन से संबंधित शासनादेश जारी कर दिया गया है।

सचिव आपदा प्रबंधन विनोद सुमन द्वारा मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि अब राज्य में आपदा से क्षतिग्रस्त सम्पतियों के मरम्मत व पुनर्निर्माण आदि के लिए जिलाधिकारी को 20 लाख से एक करोड़ रुपये तक तथा मंडलायुक्तों को 20 लाख से 50 लाख रुपये के स्थान पर एक करोड़ से पांच करोड़ रुपये तक के वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति के अधिकार प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त सम्पतियों के पुनर्निर्माण तथा तात्कालिक दृष्टि से जन सुविधायें बहाल किये जाने हेतु उनके वित्तीय अधिकारों को संशोधित किये जाने से आपदा पीड़ितों को त्वरित राहत मिल सकेगी।

### लोक कलाकारों को मिलेगा दुर्घटना बीमा

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में लोक संस्कृति के सम्वर्धन से जुड़े सांस्कृतिक दलों के लोक कलाकारों के व्यापक हित में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु मार्ग दुर्घटना की स्थिति में लोक कलाकारों का दुर्घटना बीमा करने की घोषणा करते हुए निर्देश दिए हैं कि संस्कृति विभाग के सांस्कृतिक दलों का कार्यक्रम आवंटन एवं भुगतान संस्कृति निदेशालय से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक संस्कृति को बढ़ावा देने वाले हमारे संस्कृति कर्मी हमारी पंरम्परागत लोक संस्कृति, लोक संगीत एवं लोक कला को पहचान दिलाने का कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार सांस्कृतिक दलों से जुड़े कलाकारों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।

# दुर्घटना में घायल मरीज को कासगंज से काशीपुर वाली ट्रेन में बैठाया

**काशीपुर:** दुर्घटना में घायल एक उपचाराधीन मरीज को अज्ञात तीन लोगों ने कासगंज से काशीपुर वाली ट्रेन में बिठा दिया। जिसके बाद उसे काशीपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया। उसके घरवालों से संपर्क किया जा रहा है।

ग्राम कसवा शाही मीरगंज बरेली निवासी शिव कुमार दो माह पूर्व दुर्घटना में घायल हो गए थे। किसी ने उन्हें बरेली सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ दिनों तक उनका इलाज चला। शिव कुमार के अनुसार चार दिन पहले अस्पताल से तीन कर्मियों ने रात को उसे घर भेजने के बहाने स्टेशन ले गए और कासगंज से काशीपुर जाने वाली ट्रेन में छोड़कर चले गए। जब वह काशीपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा तो घायल अवस्था में उसे देख लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बताया कि दो साल पहले उसकी पत्नी कमला की मौत हो चुकी है और बेटी का विवाह बीसलपुर पीलीभीत में हुआ है। उसे ट्रेन में जिन्होंने बिठाया उन्हें वह नहीं जानता। सीएमएस डॉ. राजीव कुमार गांधी ने बताया कि मरीज को घायलावस्था में लाया गया था।

## सार-संक्षेप


बाजपुर में घायलों से मामले की जानकारी हासिल करती पुलिस। ● अमृत विचार

### बुलेट की आवाज को लेकर दो पक्षों में विवाद, 9 घायल

**बाजपुर :** बुलेट बाइक से तेज आवाज में पटाखे बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिनमें बात बढ़ी तो गाली-गलौज व मारपीट होने लगी। घटना में दो बच्चों सहित दोनों पक्षों के 9 लोग घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मुड़िया पिस्तौर में सोमवार की देर सायं बुलेट बाइक से तेज आवाज में पटाखा जैसी ध्वनि निकालने को लेकर पड़ोसियों में कहासुनी हो गई। जिसमें बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी और जमकर लाठी-डंडे व लात-घूसे चले। अचानक हुई इस घटना से वहां अफरातफरी मच गई। घटना में एक पक्ष के शिब्बू, सावेज, सुहेल पुत्रगण शमशाद, शहनाज पत्नी शमशाद, रानी पत्नी हनीफ एवं दूसरे पक्ष के गौसिया, गुलजारा पुत्री असलम मियां, आजम पुत्र असलम मियां, शाहजहां पत्नी असलम मियां आदि घायल हो गए, जिन्हें पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं समाचार लिखे जाने तक किसी की भी ओर से प्राथमिकी पंजीकृत नहीं हुई थी। अलबत्ता पुलिस ने पूछताछ के लिए दो युवकों को कोतवाली में बैठा लिया है। इधर कुछ गणमान्य व्यक्ति दोनों पक्षों में आपसी समझौते के प्रयास में जुटे थे।


केलाखेड़ा में पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### हमले के आरोपी किए गिरफ्तार

**बाजपुर :** रत्ना मडैया थाना केलाखेड़ा क्षेत्र में एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाने के मामले में मोहम्मद अहमद की ओर पुलिस ने धारा 115(2),118(1) 190, 190(2), 332(सी), 351(2) बीएनएस दर्ज किया था। एसआई देवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि विवेचना के दौरान इस अभियोग में धारा 118(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी तस्वीर शाह व जाबिर शाह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिवस रिमांड पर सब कारागार हल्द्वानी भेज दिया गया है।



तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में शामिल दर्जा राज्यमंत्री मंजीत सिंह राजू व अन्य कार्यकर्ता।

### भाजपाइयों ने तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली

**बाजपुर :** ऑपरेशन सिंदूर के प्रति जन-जागरूकता को लेकर भाजपा ग्रामीण मंडल क्षेत्र में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का क्रम जारी है। जिसके चलते मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम गोबरा व खम्बारी में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई। दर्जा राज्यमंत्री गन्ना मंजीत सिंह राजू ने यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। देर सायं ग्राम खम्बारी में यात्रा को विश्राम दिया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दर्जा राज्यमंत्री मंजीत सिंह राजू ने कहा कि भारत ने हमेशा शांति और भाईचारे की राह को चुना है, लेकिन जब देश की सुरक्षा और नागरिकों की जान की बात आती है, तब भारत किसी भी हद तक जाकर अपने लोगों की रक्षा करता है। पहलगाम में धर्म पूछकर आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या की थी जिसका मुहतोड़ जवाब हमारी सेना ने दिया है। आपरेशन सिंदूर से भारत ने अपनी ताकत दुनिया को दिखा दी है, इसके दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। इस मौके पर भाजपा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह, भरत राजपूत, देवेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह देउपा आदि मौजूद रहे। वहीं इधर ग्राम महेशपुरा में भी नैनीताल प्रभारी राजेश कुमार की अगुवाई में शौर्य तिरंगा निकाली गई। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गुरमुख, मंडल महामंत्री कुनाल सैनी, यशपाल, रघुवीर सिंह, संजय कश्यप, शमसाद हुसैन, विशाल कश्यप, राजेश सैनी, अमन सैनी, अजय कश्यप, राहुल सैनी, सचिन कश्यप, बाबू चंद्रा आदि मौजूद रहे।

### सीडीपीओ संगम सिंह उत्तर प्रदेश के लिए स्थानांतरित

**खटीमा :** बाल विकास परियोजना अधिकारी संगम सिंह का उत्तर-प्रदेश के लिए स्थानांतरण होने पर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। संगम सिंह लम्बे समय से अपने गृह क्षेत्र यूपी के लिए स्थानांतरण चाहते थे। ब्लॉक सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी। संगम सिंह ने सभी का आभार जताया। उनका कार्य भार अगले आदेश तक सुपरवाइजर मीरा बोरा ने संभाला है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह कन्याल, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सैनी, विद्या भास्कर, मीरा जोशी, हरजिंदर कौर, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान 5 से, शिक्षा संस्थान जुड़ेंगे

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्य के सभी राजकीय उच्च शिक्षण संस्थान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ेंगे। प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में सभी शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं भी अपने संस्थान के परिसर, घर व सार्वजनिक स्थानों पर कहीं भी एक पौधे का रोपण कर अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में अभियान के तहत 5 जून से 31 जुलाई तक सघन पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी मुक्त भारत एवं नशा मुक्त अभियान से जोड़ा जायेगा जिसके तहत गोष्ठियों का आयोजन कर छात्र-छात्रों को बढ़ते नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ जानकारी देने के साथ ही नशे से दूर रहने की सलाह दी जायेगी।

सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को स्वैच्छिक रूप से अपने-अपने क्षेत्रों के एक-एक टीबी मरीज को गोद लेंगे। सभी राजकीय विवि एवं महाविद्यालयों में अनिवार्य रूप से प्रवेशोत्सव एवं वार्षिकोत्सव होंगे।

### विश्वविद्यालयों को मिला समर्थ पोर्टल का जिम्मा

बैठक में विभागीय मंत्री ने समर्थ पोर्टल संचालन का जिम्मा पूर्ण रूप से विश्वविद्यालयों को सौंपने के निर्देश सचिव उच्च शिक्षा को दिए। जिस पर विभागीय सचिव ने बताया कि शीघ्र ही इस संबंध में आदेश जारी कर दिया जायेगा। इसके उपरांत प्रवेश एवं अन्य गतिविधियों का सम्पादन विश्वविद्यालयों के द्वारा स्वतंत्र रूप से किया जायेगा।

# पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी से बदला मौसम

● हेमकुंड साहिब में बर्फबारी से फिसलन बढ़ी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी से मौसम पूरी तरह से बदल गया है। विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब में ताज़ी बर्फबारी का दौर जारी है, जिसके कारण यात्रा मार्ग और हेमकुंड साहिब परिसर में फिसलन बढ़ गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चमोली पुलिस व एसडीआरएफ पूरी तरह से मुस्तैद हैं।

एसडीआरएफ के जवान हेमकुंड साहिब में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे गुरुद्वारे के आस-पास और परिसर में मौजूद रहकर लाउडहेलर के माध्यम से लगातार घोषणाएं कर रहे हैं। लाउडहेलर पर एसडीआरएफ जवानों द्वारा श्रद्धालुओं को महत्वपूर्ण संदेश दिया जा रहा है। उन्हें मौसम के मिजाज को देखते हुए समय रहते नीचे घांघरिया लौटने का आग्रह किया जा रहा है। संदेश में यह स्पष्ट किया जा रहा है कि बर्फ जमने के कारण रास्ते में फिसलन बहुत बढ़ गई है, जिस पर चलना जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे में, यात्रियों का सुबह के समय या निर्धारित समय से काफी पहले ही नीचे की ओर प्रस्थान करना उनकी सुरक्षा के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।


हेमकुंड साहिब में श्रद्धालुओं को लाउडहेलर से सचेत करता एसडीआरएफ कर्मी। ● अमृत विचार

### देहरादून में वाहन पर पेड़ गिरा, यात्री की मौत

**देहरादून :** देहरादून में मंगलवार को आंधी-बारिश ने एक वाहन सवार की जान ले ली। बसंत विहार थाना क्षेत्र में बल्लूपुर फ्लाईओवर के पास हुई। देहरादून से यात्रियों को लेकर बड़कोट जा रहे मैक्स वाहन पर अचानक पेड़ गिर पड़ा। वाहन में चालक समेत सात लोग सवार थे। इस दौरान एक यात्री अरविंद लाल (48) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने दून अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देहरादून में शनिवार को भी अंधड़ में पेड़ गिरने से महिला की मौत हो गयी थी।

# 12.79 लाख प्रतिपूर्ति देने के आदेश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** द्वितीय एडीजे एमएसीटी की अदालत ने सड़क हादसे में एक युवती की मौत के मामले में वाहन के बीमित होने पर इंश्योरेंस कंपनी को 12.79 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति देने के आदेश दिये हैं। बीमा कंपनी को यह रकम मृतका के आश्रित माता-पिता को 6 फीसद ब्याज की दर से देनी होगी।

ग्राम रघुवाला तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी रागिब हुसैन व उसकी पत्नी नाजरा ने अपने अधिवक्ता अफसर अली खान के माध्यम से द्वितीय एडीजे एमएसीटी की अदालत में परिवाद दायर किया था। कहा कि 28 अप्रैल 2023 को वह अपनी पुत्री अक्शा नूर को लेकर मौ. शहजाद के साथ उसकी मोटरसाइकिल से अपने घर आ रही थी। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल जसपुर-ठाकुरद्वारा मार्ग पर परिणय वाटिका के पास पहुंची, तभी एक कार संख्या के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोगों को गंभीर चोटें आई। घायलों को सरकारी अस्पताल जसपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने अक्शा को मृत घोषित कर दिया। याचिका में कार स्वामी, चालक व बीमा कंपनी को पक्षकार बनाया गया था। वाहन बीमित होने के कारण अदालत ने बीमा कंपनी को प्रतिपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठहराया। द्वितीय एडीजे एमएसीटी रितेश कुमार श्रीवास्तव ने बीमा कंपनी को मृतका के माता-पिता को 12.79 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति का भुगतान 6 फीसद ब्याज की दर से करने के आदेश दिए हैं।

## वर्ग पहेली- 451

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।

2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।

5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।

7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।

8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।

2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।

3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।

4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर; कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।

6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



### वर्ग पहेली -450 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 नी | | 2 दा | | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | | ब |
| | स | | द | | त |
| | ता | | लि | | ख़ा |
| | | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | | | |
| | | 7 म | न | मै | ला |

## सुडोकू -175

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू - 174 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- नवमी 23 .54 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वो पूर्ण हो सकता है। कारोबार में महत्वपूर्ण समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे।

**वृष:** आज आपको अपनी प्रबंधन क्षमताओं को दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट का लाभ उठा सकते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें, लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।

**मिथुन:** आज मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में समस्या होगी। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क:** आज बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंह:** आज संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखनी होगी। अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। गैस और कब्जियत की शिकायत होने की संभावना है।

**कन्या:** आज व्यापार की समस्याओं का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें।

**तुला:** आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। अपनी गलतियों को ढकने से बचें। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी को उधार देने से बचें।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे।


**धनु:** आज कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुनः प्रारंभ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। शुभ कार्यों में अधिक धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर:** आज जॉब में अचानक ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**कुंभ:** आज अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है।

**मीन:** आज अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पूरी एकाग्रता से साथ सभी कार्य करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 5 जून 03 .35 तक तत्पश्चात हस्त।

सीबीसीटी मशीन से थ्री-डी इमेंजिंग से जबड़े के फ्रैक्चर और ट्यूमर का लग सकेगा पता

# दांतों की जटिल बीमारियों का होगा उपचार

व्यवस्था

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध बेस चिकित्सालय के दंत रोग विभाग में सीबीसीटी मशीन लग गई है। जिससे थ्री-डी इमेंजिंग से जबड़े के फ्रैक्चर, ट्यूमर आदि का पता लग सकेगा। जिससे लोगों को महानगरों की दौड़ नहीं लगानी होगी।

जहां सीटी स्कैन और एक्सरे 2-डी में इमेज दिखाते हैं। वहीं, सीबीसीटी या कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफी एक आधुनिक चिकित्सा इमेजिंग तकनीक है, जो 3-डी में सरंचनाओं को दिखाती है। राज्य में अब तक यह मशीन केवल देहरादून मेडिकल कॉलेज में स्थापित की गई थी। अल्मोड़ा में मशीन लग जाने से पहाड़ के लोगों को अब देहरादून की दौड़ लगाने से निजात मिलेगा। करीब 1.34 करोड़ की लागत की इस मशीन को अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल में दंत रोग विभाग में भी स्थापित किया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि इससे जबड़े के फ्रैक्चर, ट्यूमर, दांतों की सड़न आदि का पता लगाया जा सकेगा। साथ ही साइनस में सूजन, रुकावट व अन्य समस्याओं में भी मदद मिलेगी। साइनसाइटिस या साइनस पॉलीप्स के इलाज में भी यह लाभदायक होगी।



अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज। ● अमृत विचार

**01** करोड़ 34 लाख की लागत से सीबीसीटी मशीन हुई स्थापित

थ्री-डी में संरचनाओं को दिखाने वाली सीबीसीटी मशीन को दंत रोग विभाग में स्थापित कर दिया गया है। दांतों में अधिक परेशानी होने पर इस मशीन का प्रयोग किया जाता है। मशीन लगने से पहाड़ के मरीजों को लाभ मिलेगा।
**- डॉ. भारत भूषण**, विभागाध्यक्ष दंत रोग मेडिकल कॉलेज

# मुए थाई चैंपियनशिप में दीपांशु का जलवा

सवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** मुए थाई एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड के तत्वावधान में देहरादून के परेड ग्राउंड बॉक्सिंग एरिना में 'उत्तराखंड स्टेट मुए थाई चैंपियनशिप -2025' में शानदार प्रदर्शन करते हुए रानीखेत निवासी शिक्षा विभाग में कार्यरत दीपांशु रौतेला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया। दीपांशु वर्तमान में जीजीआईसी द्वाराहाट में जूनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। दीपांशु रौतेला कराटे के भी राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं।



दीपांशु के कोच एवं उत्तराखंड मुए थाई एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश जोशी ने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत दीपांशु कई वर्षों से मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण ले रहे हैं। राज्य प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर दीपांशु अब 9 से 14 जून तक महर्षि दयानंद विवि रोहतक हरियाणा में होने जा रही 'राष्ट्रीय मुए थाई चैंपियनशिप 2025' में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। दीपांशु के स्वर्ण पदक जीतने पर उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी सहित प्रभारी उप निदेशक खेल रसिका सिद्दीकी, महासचिव नीलेश जोशी, तकनीकी निदेशक विशान क्षेत्री, एशियन पदक विजेता प्रज्ञा जोशी, राष्ट्रीय खिलाड़ी ममता रावत, पायल बिष्ट सहित कई खेल प्रेमियों व लोगों ने बधाई दी।

## सार-संक्षेप



हवालबाग विकासखंड सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### जल के महत्व और संरक्षण पर दिया जोर

**अल्मोड़ा :** हवालबाग विकासखंड सभागार में जल संरक्षण अभियान के तहत जल उत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जल के महत्व और उसके संरक्षण को लेकर जानकारी दी गई। मौके पर जलागम विशेषज्ञों ने जल बचाने, पौधारोपण करने, स्वच्छता और जल संग्रहण, जलवायु परिवर्तन के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। कहा कि जल का संरक्षण करना बेहद जरूरी है। इसके अलावा विशेषज्ञों ने विभाग की ओर से तैयार किए गए भागीरथ एप के बारे में जानकारी दी। एप के माध्यम से जल स्रोतों के सर्वे के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया। यहां कृषि विशेषज्ञ जलागम प्रभाग धीरज सिंह, खंड विकास अधिकारी सुंदर सिंह दरियाल, गणेश चंद्र पांडे, पंकज मेहरा, वीडीओ उमापति पांडे आदि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी के आरोपी एमडी को नोटिस तामील कराया

**बनबसा :** पुलिस व एसओजी की टीम ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मास्टर माइंड कंपनी के प्रबंध निदेशक को नियमानुसार नोटिस तामील करवाया। इस संबंध में थाना प्रभारी बनबसा सुरेन्द्र सिंह कोरंगा ने जानकारी देते हुए बताया कि, लाखों की धोखाधड़ी करने वाली कंपनी के एमडी पुरूषोत्तम बहार के विरूद्ध थाने में विभिन्न धारा मे मुकदमा दर्ज था। 31 मई को पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने नेहरू नगर दिल्ली से पुरूषोत्तम बहार पुत्र लाल बहार निवासी दिल्ली को नियमानुसार 41 (क) सीआरपीसी का नोटिस तामील कराया गया।

### आज मनाया जाएगा पर्यावरण दिवस

**बनबसा :** बनबसा, टनकपुर और मित्र देश नेपाल के भारतीय पूर्व सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के पूर्व सैनिकों द्वारा आज पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। गौरव सेनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने बताया कि 4 जून को सुबह 9 बजे स्टेशन मुख्यालय बनबसा छावनी में पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। इस पर्यावरण दिवस समारोह में एक वाटिका का निर्माण किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया जाएंगे। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से समय पर उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### करन माहरा ने बिनसर महादेव पहुंचकर लिया आशीर्वाद

**रानीखेत :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने स्वर्ग आश्रम बिनसर महादेव गीता भवन दत्तात्रेय मंदिर में होमात्मक महारुद्र यज्ञ एवं श्रीमद शिवपुराण ज्ञान यज्ञ कथा के आयोजन में पहुंचकर गोवर्धन गिरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। बिनसर में जारी महायज्ञ में भारी संख्या में दूर-दराज क्षेत्रों से प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। माहरा ने मंदिर के महंत गोवर्धन गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया। उनके साथ ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, कोऑर्डिनेटर कुलदीप कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, यूथ विधानसभा अध्यक्ष अंकिता पडलिया पंत, रानीखेत व्यापार मंडल निवर्तमान उप सचिव विनीत चौरसिया, बिनसर महादेव मंदिर के सदस्य और क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि चंदन बिष्ट, त्रिभुवन अधिकारी व बिनसर महादेव मंदिर के पदाधिकारी मौजूद रहे।



बिनसर महादेव मंदिर के महंत से आशीर्वाद लेते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा। ● अमृत विचार

# साह-चौधरी समाज ने सौंपा मेयर को ज्ञापन

अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने के साथ नवनिर्मित पार्किंग स्थल स्वर्गीय साह के नाम पर करने की भी मांग



नगर निगम अल्मोड़ा महापौर को ज्ञापन सौंपते साह-चौधरी समाज के लोग।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** साह-चौधरी समाज से जुड़े लोगों ने मंगलवार को नगर निगम महापौर अजय वर्मा से मुलाकात की। नगर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने पहुंचे लोगों ने नगर में नवनिर्मित पार्किंग स्थलों में से एक का नाम राज्य की पहली महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिशनी देवी साह के नाम पर रखे जाने की मांग की। कहा कि नगर की मुख्य बाजार में दो पहिया वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही से भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि मुख्य बाजार में निवास करने वाले लोगों के वाहनों का पास बना दिया जाए। वहीं, बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष दीप लाल साह, विनीता साह, सज्जन चौधरी, अनूप लाल साह, निरजन साह, दीप लाल साह, प्रभात लाल साह, सुदर्शन लाल साह, सुंदर लाल चौधरी, सिद्धार्थ साह सुमित साह, बृजेश लाल साह आदि लोग मौजूद रहे।



गांधी पार्क में डीडीए के खिलाफ धरना देते संघर्ष समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

# डीडीए समाप्ति की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा में प्राधिकरण के विरोध में संघर्ष समिति का धरना
- मांग पूरी नहीं होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी

**अमृत विचार:** जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की मांग फिर तेज हो गई है। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई।

मंगलवार को धरना स्थल पर समिति के संयोजक व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को अनदेखा कर ही है। कहा कि डीडीए लागू होने से लोग परेशान हैं। लेकिन अब तक सरकार की तरफ से इस पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई। जिससे जनता की परेशानी बढ़ते जा रही है। लोगों ने एक स्वर में शीघ्र डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने पर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी। पार्षद हेम चंद्र तिवारी, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, तारा चंद्र साह, प्रतेश कुमार पांडे, रोबिन मनोज भंडारी, पीतांबर पांडे, पूरन रौतेला, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, प्रताप सत्याल, शहाबुद्दीन, निजाम कुरैशी, हेम चंद्र जोशी, भारत रत्न पांडे, हर्ष कनवाल आदि रहे।

## नेपाल में साहित्य सम्मेलन में शामिल होंगी शिक्षिका दीपा

**बैरती (अल्मोड़ा) :** नेपाल सरकार ने सात जून से नेपाल में आयोजित दो दिनी नेपाल-भारत साहित्य सम्मेलन में चौखुटिया के बसभीड़ा निवासी शिक्षिका दीपा तिवारी को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में दोनों देशों के साहित्यकार अपने-अपने साहित्यिक अनुभव को साझा करेंगे। दीपा ने बताया कि वे 5 जून को नेपाल को रवाना होंगी।



बसभीड़ा निवासी एवं राइंका महाकालेश्वर की शिक्षिका दीपा तिवारी को कला, संगीत, साहित्य एवं लेखन का शौक छात्र जीवन से ही रहा है। उनकी पुरवासी, बाल प्रहरी, जन आँखर एवं पत्रिकाओं में अनेक रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी आकाशवाणी अल्मोड़ा से वार्ताएं एवं रचनाएं प्रसारित होती रहती है। उन्हें 1997 में अध्यापक दक्षता पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध निसर्गोपचारक और योगाचार्य भी हैं। साथ ही उनका हिंदी की विभिन्न विधाओं में पुस्तक लेखन अनवरत रूप से जारी है।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता लाने व समयावधि का रखें ध्यानः डीएम

- एनएचएम के तहत किए जा रहे कार्यों की डीएम ने की समीक्षा
- इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने मंगलवार को समीक्षा की। सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को लेकर निर्देशित किया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया कि ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा ताकुला ब्लॉक के बिजोरिया स्वास्थ्य उपकेंद्र में पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण, जिला चिकित्सालय में डिस्ट्रिक्ट आईपीएचएल लैब के निर्माण, उत्तराखंड कृषि उत्पादक विपणन बोर्ड द्वारा लमगड़ा में चिकित्साधिकारियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण तथा ब्रिटकुल द्वारा मेडिकल कॉलेज में 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण कार्य शामिल हैं। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण की गति बढ़ाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी कार्यदायी संस्थाओं ने पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने कार्यों की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में सीएमओ डॉ. आरसी पंत समेत अन्य मौजूद रहे।



कलेक्ट्रट में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी और अन्य। ● अमृत विचार

## 112 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

**पिथौरागढ़, अमृत विचारः** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत 112 व्यक्तियों के विरुद्ध एमवी एक्ट, पुलिस एक्ट एवं कोटपा एक्ट के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई।

घाटबगड़ निवासी अर्जुन ग्वाल द्वारा बलुवाकोट निवासी एक व्यक्ति के साथ लड़ाई करने की सूचना पर थानाध्यक्ष बलुवाकोट मेघा शर्मा के नेतृत्व में अपर उप निरीक्षक नरेन्द्र पाल ने उसे समझाने का प्रयास किया, पर वह नहीं माना। उसे बीएनएसएस की धारा के तहत गिरफ्तार किया गया। इधर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जौलजीबी संजीव कुमार, थानाध्यक्ष मुनस्यारी अनिल आर्या, थानाध्यक्ष बलुवाकोट मेघा शर्मा, थानाध्यक्ष अस्कोट सुरेश कम्बोज व थानाध्यक्ष जाजरदेवल प्रकाश पांडे के नेतृत्व में कस्बा जौलजीबी, कस्बा मुनस्यारी, कस्बा बलुवाकोट, कस्बा अस्कोट व जाजरदेवल क्षेत्रों में संचालित समस्त बार्बर शॉप व मीट शॉप का विस्तृत सत्यापन अभियान चलाया गया।

# कार्य बहिष्कार पर राजस्व कर्मी कामकाज पर पड़ रहा है असर

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

**अमृत विचारः** उत्तराखंड पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व अनुसेवक संघ का दो दिनी कार्य बहिष्कार प्रदेशभर में शुरू हो गया है। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मांगों के समर्थन में इन राजस्व कर्मियों ने सभी तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया। एसडीएम को ज्ञापन दिया। कार्य बहिष्कार से कामकाज पर असर पड़ा है। भूमि प्रमाणपत्र,सीमांकन, भूमि उपयोग बदलाव, विभिन्न प्रकार की जांचें प्रभावित हुई हैं।

संगठन के जिलाध्यक्ष पुष्कर नाथ गोस्वामी और सुनील सिंह महरा के नेतृत्व में चम्पावत तहसील परिसर में प्रदर्शन किया गया। खतौनी अंश निर्धारण में उपकरणों व साधनों की कमी है। वे इस वक्त सिर्फ मोबइल फोन से इस काम को करने को मजबूर हैं। कर्मियों की मांग है कि लैपटॉप, डाटा पैक और मानदेय दिया जाए। इसके अलावा प्रदेश में राजस्व पुलिस का कार्य नियमित पुलिस को

हस्तांतरित करने के आदेश का अनुपालन करने की मांग की गई है। हरिद्वार,ऊधमसिंह नगर के अलावा चम्पावत उत्तराखंड का तीसरा जिला है, जहां राजस्व पुलिस की व्यवस्था दो साल पहले ही खत्म हो चुकी है। नेपाल सीमा से लगे।विरोध प्रदर्शन में कोषाध्यक्ष कौशल चंद्र पुनेठा, अशोक कुमार विश्वकर्मा, चंद्रशेखर पंत, ईश्वरी राम, विनोद सिंह, जीवन रिंग्वाल, शुभम पुजारी, कमल किशोर, पुष्कर चंद, सपना ओली, हिना, साहिबा फातून, जीवंती कलौनी, जीवन भट्ट, विजय सिंह भंडारी, प्रकाश जोशी, सुरेश राम, उमेश नेगी,नवल किशोर आदि मौजूद थे। साथ ही टनकपुर,लोहाघाट, पाटी, बाराकोट में भी प्रदर्शन किया गया।



तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन करते राजस्व कर्मचारी। ● अमृत विचार

## चार दिन चलेगी रीठा साहिब नानकमत्ता रोडवेज बस सेवा

**टनकपुर, अमृत विचार :** 9 जून से 11 जून तक चलने वाले सुप्रसिद्ध रीठा साहिब जोड़ मेले को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग द्वारा 8 से 11 जून तक अतिरिक्त बस सेवा की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डीएम नवनीत पांडेय के निर्देश पर परिवहन निगम द्वारा अतिरिक्त बस सेवा नानकमत्ता से रीठा साहिब तक संचालित की जा रही है।

सहायक मंडलीय प्रबंधक धीरज वर्मा ने बताया कि डीएम के आदेश पर यह विशेष बस सेवा नानकमत्ता से टनकपुर, चम्पावत व लोहाघाट होते हुए रीठा साहिब तक चलेगी। बस नानकमत्ता से प्रातः 8 बजे प्रस्थान कर अपराह्न 3:15 बजे रीठा साहिब पहुंचेगी तथा वहीं रात्रि विश्राम करेगी। अगले दिन प्रातः 7 बजे रीठा साहिब से प्रस्थान कर 2:15 बजे नानकमत्ता पहुंचेगी।

कार्यक्रम | नीलेश्वर मंदिर परिसर में हुआ हरित योग कार्यक्रम, योग के कई आसन हुए, पर्यावरण संरक्षण हेतु फलदार पौधों को भी किया गया रोपित

# नशे की लत से छुटकारा दिलाने में योग की अहम भूमिका

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व हरित योग कार्यक्रम की श्रृंखला का शुभारंभ नीलेश्वर मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अध्यक्षता करते हुए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कार्यक्रम निष्ठा शर्मा ने कहा कि योग से सभी बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। दैनिक जीवन में योग करने से बीमारियां दूर भागती हैं। उन्होंने योगासनों की जानकारी देते हुए योग कराया।

नीलेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी हेम चंद्र तिवारी ने कहा कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए उत्तम है तथा प्रतिदिन योग करने से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से सबल बनता है। नशे की लत से बाहर निकलने में योग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों योग को अपनाने तथा नशे का त्याग करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के समापन में नीलेश्वर मंदिर परिसर में डॉ निष्ठा शर्मा कोहली, इंद्र सिंह फर्स्वाण, हेम तिवारी एवं डॉ. एजल पटेल ने पर्यावरण संरक्षण हेतु फलदार पौधों को रोपित किया। संचालन नोडल अधिकारी योग डॉ. एजल पटेल के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि हरित योग कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी 5 जून तक जनपद बागेश्वर में अनेक स्थानों पर योग सत्र, वृक्षारोपण तथा नशामुक्ति हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



नीलेश्वर मंदिर में योग करते लोग। ● अमृत विचार



कसारदेवी मंदिर परिसर में योग करते लोग। ● अमृत विचार

### योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान

**अल्मोड़ा :** कसारदेवी मंदिर परिसर में लोगों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। मौके पर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. गणेश चंद्र उपाध्याय ने योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी। सीओ गोपाल जोशी ने योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कहा कि योग करने से शरीर की कई बीमारियां दूर होती है। वहीं प्राणायाम, मुद्रा, जप, प्रार्थना आदि का भी अभ्यास कराया। कहा मंदिर परिसर अध्यक्ष किशन मेहरा, मोहन रयाल, गोपाल सिंह, कुंदन मेहरा, डा. अनुपमा त्यागी, डा. दीपिका धर्मशक्तू, डा. ज्योति सागर, अंशुल रावत, ऋचा रावत, प्रीति कैतयूरा, अनामिका आशा, आशीष कुमार, योगा अनुदेशक ज्योति रैकवाल, पंकज मेहता, दुर्गेश तिवारी, शिब्बन मेहरा, डा. योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# राजस्व एवं अनुरक्षण समिति की ली बैठक

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** राजस्व अभिलेख प्रबंधन एवं अनुरक्षण समिति की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार चम्पावत में जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद की सभी तहसीलों व उप तहसीलों चम्पावत, पूर्णागिरि, लोहाघाट, पाटी, मंच, बराकोट एवं पुल्ला के भूलेख प्रबंधन की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि माह अप्रैल 2025 के दौरान जनपद की सभी तहसीलों व उप तहसीलों में स्थापित भूलेख केन्द्रों से खतौनी निर्गमन के माध्यम से कुल 1,68,995 (एक लाख अड़सठ हजार नौ सौ पिचानवे रुपये) की आय प्राप्त हुई है। डीएम पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व अभिलेखों से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर सेवा अनुभव हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर आमजन को दी जाने वाली सुविधाओं को प्राथमिकता देना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा, उप जिलाधिकारी चम्पावत अनुराग आर्य, उप जिलाधिकारी लोहाघाट नितेश डांगर, उप जिलाधिकारी टनकपुर आकाश जोशी (वीसी के माध्यम से) उप जिलाधिकारी अलकेश नौडियाल, जुगल पांडेय आदि रहे।

## एक नजर

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर 0.2% घटाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने विद्या लक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। बैंक ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसमें कहा गया, यह पहल उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है जो समूचे भारत में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं।

### भारत में कर व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाएं

**नई दिल्ली।** वैश्विक विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि भारत की कर प्रणाली को और भरोसेमंद बनाने की जरूरत है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि भारत के विमानन बाजार में वृद्धि दर चीन से अधिक होगी।

# जवाबी शुल्क पर दोहरी रणनीति अपनाएं

## नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में अमेरिकी शुल्क के संबंध में भारत को दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अमेरिका से आयातित गैर संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर उच्च शुल्क कम करने का सुझाव

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैरसंवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है।

आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।

भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो जीन संवर्धित है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है ताकि उस देश में मांग पूरी की जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।

### अमेरिका से व्यापार समझौते पर सहमति की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा, आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है।

### पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# मेकमाईट्रिप ने शुरू की सीट उपलब्धता पूर्वानुमान सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- मिलेगी जानकारी कब तक उपलब्ध रहेगा टिकट, समय पर बुकिंग करा सकेंगे रेलयात्री

यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी, यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें।

गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को प्रस्थान तिथि के बहुत करीब आने पर ही अंतिम रूप देते हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण कन्फर्म बुकिंग की अवधि बदलती रहती है। अप्रैल में अधिकतर हाई-स्पीड ट्रेन की टिकट प्रस्थान तिथि से करीब 13 दिन पहले ही बिक जाती हैं। मई तक बढ़ती मांग के कारण, वे आमतौर पर प्रस्थान से 20 दिन पहले ही बुक हो जाती हैं।

बयान में कहा गया कि इससे यात्रियों को यह पता होता है कि उन्हें कौन सी ट्रेन की टिकट लेनी है लेकिन वे इस बात का अंदाजा नहीं लगा पाते कि आखिर ये टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी। इससे समय पर योजना बनाना कठिन हो जाता है। यह सेवा मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध है।

# भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

**ओस्लो, एजेंसी**



- नार्वे की कंपनी से हुआ समझौता स्वदेश में ही होगा निर्माण

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को यहां कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्गसबर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता किया जिससे भारत को अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस मौके पर सोनोवाल ने कहा, यह समझौता उम्मीद और प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सिर्फ एक पोत नहीं बना रहे, बल्कि नवाचार, खोज और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विरासत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता भारत की वैज्ञानिक खोज, ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान में क्षमता वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में योगदान का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यह पोत अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा, जिससे शोधकर्ता समुद्र की गहराई, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन और ग्रह के अतीत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी जुटा सकेंगे। यह भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रमाण होगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुये कहा मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब यह ध्रुवीय अनुसंधान पोत रवाना होगा।

### भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात 10 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिससे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की।

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**



- विदेशी निवेशकों की निकासी और चौतरफा बिकवाली ने किया प्रभावित
- अदाणी ग्रुप की 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में भी दर्ज की गई गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही, जिससे सेंसेक्स 636 अंक और निफ्टी 174.10 अंक टूटकर नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली ने बाजार को काफी प्रभावित कर रखा है। घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन ऊर्जा, वित्त और आईटी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 636.24 अंक गिराकर 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 798.66 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी 174.10 अंक टूटकर 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। उन्होंने कहा कि बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई।



## एक नजर

### लापता जवानों की तलाश के लिए छातेन पहुंची टीम

**गंगटोक।** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### कोरोना: पांच और की मौत सक्रिय मामले हुए 4026

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2700 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

### कन्नड भाषा पर टिप्पणी के लिए हासन को फटकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं। हासन की फिल्म ठग लाइफ के सहनिर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि हासन के माफी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

### क्षीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक क्षीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# संसद का विशेष सत्र बुलाएं प्रधानमंत्री

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री मोदी से किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सशस्त्र बलों को धन्यवाद अदा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने की जताई मंशा

कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं।

मंगलवार को एक बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे।

हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम का एलान किए जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए, इस पर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया।

### राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप' के आगे नरेंदर सरेंडर

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के आगे सरेंडर करने का तीखा आरोप लगाया। राहुल यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत करने आए थे। उन्होंने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी जी, क्या कर रहे हो... 'नरेंद्र सरेंडर'। और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी जी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे खानापूर्ति करना चाहते हैं।

### महबूबा ने कहा- पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री तथा पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है और किसी भी राजनीतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्हें अहम भूमिका निभानी होगी। महबूबा ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर कश्मीरी पंडितों के समुदाय को बधाई देने गंदेरबल जिले के तुलमुला गई थीं। गंदेरबल में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पंडितों बिना अधूरा है। पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बंदूकों से नहीं सुलझाया जा सकता। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है और आतंकवादियों की बंदूक भी इसका समाधान नहीं है। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीरी पंडित भाई-बहन कश्मीर में वापस नहीं लौटते, तब तक राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है।

# भगवंत मान के विवादित बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- पंजाब के सीएम ने कहा- क्या मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगी महिलाएं

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भाजपा की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की। मान ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा की घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना पर पूछे गए सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है।

उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांग रही है। इन लोगों ने 'सिंदूर' को मजाक में बदल दिया है। वे हर घर में सिंदूर भेज रहे हैं। क्या अब आप मोदी के नाम का 'सिंदूर' लगाएगे। पिछले दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के मद्देनजर भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी, हालांकि भाजपा ऐसा कोई कार्यक्रम चलाने का पहले ही खंडन कर चुकी है।

मान की टिप्पणी की भाजपा नेता एवं हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री पहले कॉमेडियन भी रहे हैं और राजनीति में भी ये कॉमेडी करना चाहते हैं।

### भविष्य के जांबाज



राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत द्रास (लद्दाख) के आर्मी गुडविल स्कूल छात्रों का एक समूह मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान उनसे भविष्य के इरादों के बारे में पूछा। एजेंसी

### पंजाब: गुरुद्वारे में एसी कंप्रेसर फटने से महिला की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** रूपनगर में सतलुज नदी के किनारे एक गुरुद्वारे में मंगलवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। यह घटना एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के बाद गुरुद्वारे में मौजूद लोग भागने लगे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो एसी के पास बैठी थीं। कुछ लोग इसके बाद हुई भगदड़ में घायल हो गए। मृत महिला की पहचान रूपनगर के हरगोबिंद नगर निवासी कश्मीर कौर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में रेफर कर दिया गया है।

## पॉक्सो मामले के आरोपी को सामुदायिक सेवा करने का दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के एक आरोपी को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने और युद्ध हताहत सेना कल्याण कोष में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा को पैसे की मांग पूरी न करने पर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देने वाले आरोपी के आचरण को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार डिजिटल मंच के घोर दुरुपयोग और सहमति और निजी गरिमा के प्रति चिंताजनक अनादर को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि आरोप निस्संदेह गंभीर हैं, जिसमें एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न और शोषण के आरोप शामिल हैं, जो सोशल मीडिया युग के नकारात्मक पहलुओं का प्रतीक है।

# संसद के अगले सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- संसदीय कार्य मंत्री विभिन्न दलों के नेताओं से करेंगे बात

सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

### निर्वाचन आयोग देगा मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह अनुमानित मतदान प्रतिशत आंकड़ों पर समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली शुरू कर रहा है, जिससे पूर्व की पारंपरिक पद्धतियों से लगने वाला समय-अंतराल काफी कम हो जाएगा। इस पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए ईसीआईएनईटी एप्लीकेशन पर मतदाता उपस्थिति दर्ज करेंगे, ताकि अनुमानित मतदान रुझानों को अद्यतन करने में लगने वाला समय कम किया जा सके। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर इसे स्वचालित रूप से एकत्रित किया जाएगा। आयोग ने कहा कि अनुमानित मतदान प्रतिशत डेटा पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होता रहेगा। विशेष रूप से, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतदान केंद्र छोड़ने से पहले, मतदाता मतदान डेटा अब पीठासीन अधिकारी द्वारा ईसीआईएनईटी में दर्ज किया जाएगा।

# जी-7 में प्रधानमंत्री का न जाना एक और कूटनीतिक विफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस ने किया दावा, कहा- पिछले छह सालों में पहली बार हो रहा है ऐसा

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेना भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका को मध्यस्थता करने देने के बाद एक और कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों और जर्मनी के चांसलर का जी7 शिखर सम्मेलन 15 जून, 2025 से कनाडा के अल्बर्टा में हो रहा है। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपति और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी7 कई वर्षों तक जी8 था क्योंकि इसमें रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी8 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाता था जहां उनकी आवाज सुनी जाती थी। उन्होंने कहा, भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही। लेकिन अब 6 साल में पहली बार 'विश्वगुरु' कनाडा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भले ही बातों को घुमाने का प्रयास किए जाए, तथ्य यह है कि यह एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।







## औरेंज कैप
साई सुदर्शन (गुजरात)



**759** रन

## पर्पल कैप
प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

# 18 साल बाद आरसीबी को मिला खिताब

## पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल के चैंपियन बने रॉयल चैलेंजर्स, मैदान पर ही भावुक हुए कोहली

अहमदाबाद, एजेंसी

शशांक सिंह की तीन चौके और छह छक्कों की मदद से खेली गई (नाबाद 61) रनों की साहसिक पारी बेकार रही, पंजाब को छह रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। पहली पारी में विराट कोहली (43), कप्तान रजत पाटीदार (26), जितेश शर्मा (24), मयंक अग्रवाल (24) और लियम लिविंगस्टन (25) रनों की पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने नौ विकेट पर 190 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके बाद क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार (2-2 विकेट) के नेतृत्व में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बेंगलुरु ने आईपीएल के फाइनल में पंजाब को रोमांचक मुकाबले में 6 रनों से हराया।





मैच में जीत तय होते ही विराट कोहली मैदान पर ही भावुक हो गए। 191 रनों की चुनौती को पार करने उतरी पंजाब के लिए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जॉश हेलवुड ने प्रियांश आर्य 19 गेंदों में (24) रन का बांउड्री पर फिल साल्ट ने मैच का कैच पकड़ कर बेंगुलरु को पहली सफलता दिलाई। नौवें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने प्रभसिमरन सिंह (26) को आउटकर पंजाब को दूसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान श्रेयस अय्यर (1) को रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर विकेटकीपर जितेश ने लपका। क्रुणाल ने 13वें ओवर में जॉश इंग्लिस को आउटकर पंजाब को बड़ा झटका दिया।

इंग्लिस ने 23 गेंदों में 39 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर भुवनेश्वर कुमार ने नेहाल बढेड़ा (15) और इसी ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (6) को आउट किया। 18वें ओवर में यश दयाल ने अजमतउल्लाह ओमरजई (1) को आउट कर बेंगलुरु को सातवीं सफलता दिलाई।

पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी और छह रन से खिताबी मुकाबला हार गई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल ने दो- दो विकेट लिए। जॉश इंग्लिस, यश दयाल और रोमारियो शेफर्ड ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (16) का विकेट गवां दिया।

### कोहली ने धवन का तोड़ा रिकॉर्ड

आईपीएल के इतिहास में विराट कोहली सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने पंजाब के खिलाफ फाइनल मैच में कुल तीन चौके लगाए। अब कोहली के नाम पर 771 चौके दर्ज हो गए हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दम पर शिखर धवन को पछाड़ते हुए उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**190/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 |
| विराट कोहली का और बो उमरजइ | 43 |
| मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल | 24 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन | 26 |
| लियाम लिविंगस्टोन पगबाधा बो जैमीसन | 25 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 |
| कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 |
| भुवनेश्वर कुमार का आर्य बो अर्शदीप | 1 |
| यश दयाल नाबाद | 1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### पंजाब किंग्स

**184/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का साल्ट बो हेजलवुड | 24 |
| प्रभसिमरन सिंह का कुमार बो पंड्या | 26 |
| जोश इंगलिस का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 1 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| मार्कस स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 6 |
| अजमतुल्लाह उमरजइ का भंडागे बो दयाल | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1

## खेल डायरी

### बेंगलुरु में 5 जुलाई से नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**बेंगलुरु।** भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब 5 जुलाई को आयोजित होगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को होनी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

### विलियमसन ने फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूज़ीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिन 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की उसमें विलियमसन का नाम शामिल नहीं है। उनके अलावा डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी इस सूची में नहीं है।

### इंग्लैंड-वेस्टइंडीज क्रिकेट मैच में ट्रैफिक जाम के कारण विलंब

**लंदन।** लंदन में ट्रैफिक जाम से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरूआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिए समय पर पहुंच गए, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाइ होप ने कहा कि हमें पैदल चलकर आना चाहिए था। ब्रिटेन की पीए समाचार एजेंसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का होटल ओवल से पांच किलोमीटर दूर था। टॉस 40 मिनट विलंब से हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

### ऑस्ट्रेलिया अगले साल कर सकता है पाकिस्तान का दौरा

**कराची।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने अगले साल सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने पर सहमति जताई है। ग्रीनबर्ग ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अधिक दौरों के लिए पाकिस्तान जाने का इच्छुक है तथा दोनों देशों के बोर्ड के बीच चर्चा चल रही है। जब भी विंडो उपलब्ध हो, हम पाकिस्तान के साथ लाल और सफेद गेंद की श्रृंखला का कार्यक्रम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा कि 2022 में और फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के अनुभव के आधार पर वे चाहते हैं कि ज्यादा दौरे आयोजित किए जाएं।

### विंबलडन में चोटिल होने से नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने से इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल नहीं खेल पाऊंगा।

# थाईलैंड के खिलाफ गत दो जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

पथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी

भारत बुधवार को जब अंतर्राष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें गत दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-1 से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार भिड़ चुकी हैं। भारत ने 7 जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी 7 ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो दो मैच खेले गए थे उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत बुधवार को होने वाले मैच में इन जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ अबू धाबी में 2019 एएफसी एशियाई कप में 4-1 से जीत हासिल की थी। इसके बाद उसने थाईलैंड को उसकी धरती पर किंग्स कप में 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था।



# एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर गुकेश

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

- **गुकेश की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दूसरे दौर में मिली हार का लिया बदला**

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया, जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था।

इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गईं।

# सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट**

- **लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुए बाहर**

जकार्ता, एजेंसी





दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने महिला एकल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन को पुरुष एकल में चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार मिली। भारत के इस खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। वहीं, सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

# भारत की वजह से क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में हुई वापसी

अहमदाबाद, एजेंसी

- **ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा**




ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से। सुनक ने आईपीएल से आए बदलावों पर कहा, आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। महिला क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं। उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर पर जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था।

# सालुंखे से तीसरे चरण में उम्मीदें बढ़ीं

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

**तीरंदाजी विश्व कप**



पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी। महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था।

उन्होंने शुरुआती दौर में शूट-ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे-देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सालुंखे ने अपने दूसरे ही विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया, जिसमें उन्होंने प्लेऑफ में पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता फ्रांस के बापटिस्टे एडिस को मात दी। उनके लिए सबसे अलग चीज सिर्फ उनकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ उनका स्वभाव और परिपक्वता थी जिन्हें लंबे समय से इस खेल में भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। सेमीफाइनल में सर्वकालिक महान खिलाड़ी किम वूजिन के खिलाफ सालुंखे ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। लेकिन पांच सेटों के मुकाबले में निर्णायक सेट में उन्हें मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सालुंखे ने कहा, मेरा ध्यान सिर्फ पदक पर नहीं था बल्कि इस बात पर अधिक था कि मैंने जिसके लिए अभ्यास किया था, क्या मैं वह कर सकता हूं।

# बुब्लिक के बेहतर प्रदर्शन से ड्रेपर हारे

पेरिस, एजेंसी



कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा।

मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी से मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा।

### सेमीफाइनल में स्वियातेक व सबालेंका होंगी आमने-सामने



इगा स्वियातेक



एरिना सबालेंका

**पेरिस।** चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका से होगा। स्वियातेक ने स्वितोलिना को हराया। रोलां गैरो पर सबसे ज्यादा 29 जीत का रिकॉर्ड क्रिस एवर्ट के नाम है। सबालेंका ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा अध्यक्ष

- रूस ने की गुप्त मतदान की मांग, 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया
- 167 वोट मिले, आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा श्मिड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।



जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए श्मिड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है। सितंबर में 80वें सत्र की शुरुआत में बेयरबॉक कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग की जगह लेंगी। वह सितंबर के अंत में दुनियाभर के नेताओं की वार्षिक सभा और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करेंगी। महासभा में अध्यक्ष पद के लिए प्रति वर्ष चुनाव होते हैं। अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने के बाद बेयरबॉक ने अपने भाषण में कहा कि उनके अध्यक्ष पद का विषय बेटर टुगेदर होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया इस चुनौतीपूर्ण समय में अनिश्चितता की राह पर है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि बेयरबॉक ऐसे समय में अध्यक्ष का पद संभालेंगी, जब विश्व न केवल संघर्षों, जलवायु आपदा, गरीबी और असमानता'' का, बल्कि विभाजन और अविश्वास का भी सामना कर रहा है।

# एआई से बना रहे डीपफेक

एआई से डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल झूठी जानकारी या प्रचार करके जनता को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। डीपफेक वीडियो में किसी विश्व नेता या सेलिब्रिटी को कुछ ऐसा कहते हुए दिखाया जा सकता है जो उन्होंने नहीं कहा है, जिसे फेक न्यूज़ भी कहा जाता है जो जनता की राय बदल देता है। साइबर अपराधी डीपफेक प्रौद्योगिकी का उपयोग घोटाले, झूठे दावे और झांसे बनाने के लिए कर सकते हैं जो संगठनों को कमजोर और अस्थिर करते हैं। उदाहरण के लिए, कोई हमलावर किसी वरिष्ठ अफसर का कोई झूठा वीडियो बना सकता है जिसमें वह वित्तीय अपराध जैसे आपराधिक कृत्य को स्वीकार कर रहा हो या संगठन की गतिविधि के बारे में झूठे दावे कर रहा हो। इसे गलत साबित करने में समय और पैसा खर्च करने के अलावा, इससे व्यवसाय के ब्रांड, सार्वजनिक प्रतिष्ठा और शेयर की कीमत पर बड़ा असर पड़ सकता है।

**96%**
खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी से

**24**
घंटे के भीतर शिकायत के बाद भारत में हटाना होगा वीडियो



### ज्यादातर सेलिब्रिटी बनते हैं निशाना

- डीपफेक से होने वाला एक बड़ा खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी है, जो इंटरनेट पर 96% तक डीपफेक के लिए जिम्मेदार है। इनमें से ज्यादातर सेलिब्रिटी को निशाना बनाया जाता है। डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल बदला लेने के लिए पोर्न बनाने के लिए भी किया जाता है। नवंबर 2024 में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हआ था। इसी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एक्ट्रेस आलिया भट्ट, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के डीपफेर फोटो, वीडियो जारी हो चुके हैं।

### सांसद ने दिखाई एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर

- न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में अपनी एक एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर दिखाई। उनका मकसद लोगों को ये बताना था कि ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाना कितना आसान है और ये कितना खतरनाक हो सकता हैं। 14 मई को लॉरा ने संसद में कहा कि उन्होंने एक गूगल सर्च के जरिए मिली वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में अपनी डीपफेक तस्वीर बना ली। उन्होंने डीपफेक और एआई को नियंत्रित करने के लिए कानून की मांग की है।

### भारत में डीपफेक को लेकर नियम

- डीपफेक कंटेंट मिलते ही कोई भी एफआईआर करा सकता है। विक्टिम व उसकी तरफ से नियुक्त व्यक्ति को भी केस दर्ज कराने के अधिकार होंगे। सोशल मीडिया यूजर्स से यह शपथ लेगा कि वह डीपफेक कंटेंट नहीं डालेगा। प्लेटफॉर्म यूजर्स को इस संबंध में अलर्ट मैसेज देंगे। सहमति के बाद ही यूजर अकाउंट एक्सेस कर सकेगा। डीपफेक कंटेंट को 24 घंटे में हटाना होगा। उसका अकाउंट बंद कर सूचना दूसरे प्लेटफॉर्म को देनी होगी, ताकि अकाउंट न बना सके।

## एक नजर

### पुलिस कार्रवाई से भारतवंशी व्यक्ति की हालत नाजुक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 42 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा उसके गले पर कथित तौर पर घुटना रखने के बाद गंभीर हालत में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। पुलिस अधिकारी को लगा कि व्यक्ति घरेलू हिंसा में शामिल है, जिसके बाद उसने यह कार्रवाई की। यह घटना पिछले सप्ताह एडिलेड के पूर्वी हिस्से में रॉयस्टन पार्क के पेनहैम रोड पर हुई थी।

### पोलैंड के पीएम बोले- 11 को विश्वास मत करेंगे साबित

**वारसॉ।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है।

### तुर्किये के भूमध्यसागर तट पर 5.8 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** तुर्किये में भूमध्यसागर से सटे तटीय शहर मारमारिस में सोमवार देर रात 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण घबराकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर भागने की कोशिश करने लगे जिससे कम से कम सात लोग घायल हो गए। तुर्किये की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी डिजास्टर एंड एमरजेंसी मैनेजमेंट प्रेसीडेंसी' ने कहा कि भूकंप का केंद्र भूमध्य सागर में था और यह देर रात दो बजकर 17 मिनट पर आया।

### द. कोरिया राष्ट्रपति चुनाव में ली की जीत का अनुमान

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति चुनाव पर जारी एग्जिट पोल में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे-म्यांग की जीत का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया के तीन प्रमुख टीवी चैनलों केबीएस, एमबीसी और एसबीएस द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ली को 51.7 फीसदी मत और कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार किम मून सू को 39.3 फीसदी वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया में मंगलवार को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हुआ।

# असम में बाढ़ से 5.35 लाख प्रभावित प्रधानमंत्री ने मदद का दिया आश्वासन

## मोदी ने सीएम हिमंत से की बात, 20 जिलों में स्थिति गंभीर, भारी बारिश का पूर्वानुमान

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।



असम में बाढ़ के कारण राजमार्गों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई।

### अरुणाचल: जान गंवाने वालों की संख्या 11 हुई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में दीवार गिरने की घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। इससे राज्य में लगातार जारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 पर पहुंच गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, एक जून को भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से 38 वर्षीय भावेन मुर्मू की मौत हो गई, जबकि इस घटना में जीआरईएफ के तीन कर्मचारी घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि 23 जिलों के 156 गांवों में बाढ़ से कुल 938 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मिजोरम : पांच की मौत और 152 घर क्षतिग्रस्त

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण मकान और दीवारें ढहने से चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की 552 घटनाएं हुई, जबकि इसी अवधि के दौरान बारिश के कारण 152 मकान ढह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

# भारत तभी पाकिस्तान से बात करेगा जब वह आतंक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

- सांसद थरूर ने कहा- सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत

ब्रासीलिया, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उससे बातचीत कर सकता है।

ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा, हम अपने वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह वांछित आतंकवादियों को पनाह क्यों देता है, आखिर (आतंकवादी) वे (पाकिस्तान में) सुकून से रहने, प्रशिक्षण शिविर चलाने और लोगों को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों से लैस करने तथा लोगों को अपने हथियारों और कलाश्निकोव (राइफल) का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कैसे कर पाते हैं? पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। थरूर ने कहा, आप आतंकवाद के बुनियादी ढांचे पर नकेल कसें जो आपके देश में हर जगह दिखाई देता है।



मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारत का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल।

### अरब लीग के महासचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**काहिरा।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की। ये प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। मिस्र में भारतीय दूतावास ने कहा कि बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अरब लीग के साथ भारत के व्यापक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा की। इसमें कहा गया, आतंकवाद का मुकाबला करना अरब लीग और भारत दोनों के लिए प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के एकीकृत रुख और सामूहिक दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया।

# यूक्रेन में रॉकेट हमले में तीन की मौत रूस में कीव ने पुल किया क्षतिग्रस्त

- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की

कीव, एजेंसी

रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के शहर सुमी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि मॉस्को का तीन साल से जारी युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने कहा कि उसने रूस के अंदर फिर से हमला किया है। इसके दो दिन पहले यूक्रेन ने ड्रोन के जरिये रूस के अंदर घुसकर उसके हवाई अड्डों पर भीषण हमला किया था जिसमें कई विमान नष्ट हो गए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने के एक दिन बाद उत्तर-पूर्वी शहर के केंद्र में स्थित इमारतों और एक अस्पताल पर रॉकेटों की बौछार कर दी गई।



जेलेंस्की ने कहा इस युद्ध को समाप्त करने से जुड़ी रूस की इच्छा के बारे में आपको बस इतना ही जानना चाहिए। यह स्पष्ट है कि वैश्विक दबाव के बिना, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के सभी सत्तारूढ़ लोगों की निर्णायक कार्रवाई के बिना, (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होंगे।

# भूकंप के बाद निकासी के दौरान पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी भागे

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया।

जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।

# राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे 27 लोगों की इजराइली सेना ने की हत्या

- फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गोलीबारी का लगाया आरोप

यूनिस (गाजा पट्टी), एजेंसी

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है। लेकिन इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एक दिन पहले इजराइली सुरक्षा बलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित 'गाजा



गाजा में मौत पर विलाप करती महिला।

ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' संचालित कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कई संदिग्धों की ओर चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं, जो सैनिकों की ओर बढ़ रहे थे और उनके लिए खतरा पैदा कर रहे थे। घटना स्थल सहायता वितरण केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है। घटना तब हुई तब यह केंद्र बंद था। सेना ने इस बात से इनकार किया कि वह लोगों को सहायता वितरण स्थल पर पहुंचने से रोक रही है।

### गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

**खान यूनिस।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में उसके तीन सैनिक मारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मार्च में हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से इजराइली सेना पर यह सबसे घातक हमला है। सेना ने बताया कि तीनों सैनिक सोमवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए। हालांकि उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी। इजराइली मीडिया ने बताया कि वे जबालिया क्षेत्र में हुए विस्फोट में मारे गए।

# सिंगापुर में भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर भारत ने की चर्चा

**पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करते दो आरोपी गिरफ्तार

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप

चंडीगढ़/ जयपुर, एजेंसी

पंजाब के तरनतारन जिले के एक व्यक्ति को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के संपर्क में भी था। वहीं, राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब के डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर, गली नजर सिंह वाली के निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। उसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी करता था जासूसी

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शकूर पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

# पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना की बर्थडे पर गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13/1 में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी 'टिकटॉक' का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है।

**सम्मेलन** अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी ने यूएसआईएसपीएफ नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण को किया संबोधित

# भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हैं : उषा वेंस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है जो कई बार उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं।

वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा, यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं और वे मेरे पास आते रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत में दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, मैं इसके बारे में व्यापक रूप से सोचती हूं।



वाशिंगटन डीसी में यूएसआईएसपीएफ के आठवें संस्करण के दौरान उषा वेंस।

### वेंस ने कहा- यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी

उषा वेंस ने कहा, लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी है और भारत में इतने सारे लोग हैं जो देश को जानते हैं और यहां के लोगों को जानते हैं जो बेहतरीन काम कर रहे हैं, बड़े अवसर प्राप्त कर रहे हैं। वेंस ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं, उपराष्ट्रपति जेडी और हमारे तीन बच्चे अप्रैल में भारत यात्रा पर गए थे, तब मैं यह देखकर हैरान रह गई थी जब कई लोगों ने मुझे बताया कि उन्हें हमारा देश कितना पसंद है, वे किस तरह अपने परिवार से मिलने आते हैं, वे किस तरह सिर्फ मौज-मस्ती के लिए आते हैं, वे भविष्य में हमारे साथ एक करीबी रिश्ता बनाने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इन व्यक्तिगत संबंधों का वास्तव में इससे कुछ लेना-देना है। नेतृत्व शिखर सम्मेलन में यूएसआईएसपीएफ ने आईबीएम के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को अमेरिका-भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2025 वैश्विक